e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 140
बुधवार
24.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
हमेशा मनुष्य को परछाई और आईने की तरह दोस्त बनाने चाहिए, क्योंकि परछाई कभी साथ नही छोड़ती और आईना कभी झूठ नही बोलता।



## संक्षिप्त खबरे

### तिलक चढ़वाकर घर लौट रहें दो लूना सवार व्यक्ति की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** झारखंड-उत्तर प्रदेश के सीमा के निकट बिलासपुर मुख्य मार्ग पर टॉल वैरियर के निकट मंगलवार की तकरीबन 3 बजे भोर में तिलक चड़वा कर घर लौट रहे दो लूना सवार व्यक्ति की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है की दोनों लूना सवार व्यक्ति बिलासपुर गांव निवासी कामेश्वर यादव, लक्ष्मी चौधरी के घर से तिलक चढ़वा कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान सुलसुलिया गांव निवासी पुरोहित मृत्युंजय चौबे एवं जमुआ गांव निवासी लखन ठाकुर बिलासपुर बैरियर के समीप विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के कुछ लोगो ने देखा तो अन्य लोगो को इसकी सूचना दी।

# निगम में व्याप्त समस्याओं का जल्द निराकरण करें नगर आयुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नगर निगम के समस्याओं को लेकर निगम के हरेक वार्डो के भ्रमण के दौरान संकलित समस्याओं को लेकर मेयर प्रत्याशी व पूर्व प्रबंधक नई दिल्ली नगरपरिषद धनंजय त्रिपाठी ने मंगलवार को नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। श्री त्रिपाठी ने 5 वर्षो के निगम के कार्यशैली पे आवाज उठाते हुए कहा कि नगर निगम मेदिनीनगर को गठन हुए पांच वर्ष हो गए परन्तु मूलभूत सुविधाएं नदारद हैं। श्री त्रिपाठी ने बताया कि निगम के 35 वार्ड में पानी की घोर समस्या हैं जिसका निदान आवश्यक हैं। वर्तमान में 15 टैंकर पानी प्रति वार्ड उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी वार्ड में गली से लेकर रोड तक कूड़ा फैला हुआ है, जल्द से जल्द प्रतिदिन कूड़ा उठाने का प्रबंध किया जाए व सफाई कर्मी उपलब्ध कराई जाए। निगम के नए क्षेत्रों के साथ सौतेला व्यवहार को दरकिनार




करते हुए पानी,लाइट व रोड का उचित बेवस्था किया जाए। श्री त्रिपाठी ने कहा कि जब तक पूरे निगम में मूलभूत सुविधा न मिले टैक्स लेना बंद किया जाए। श्री त्रिपाठी ने कहा कि शहर में हो रहे अवैध व गलत ठेकेदारी प्रथा पर रोक लगाई जाए। निगम क्षेत्र में हैंड पंप लगाने पर 10000 टैक्स समाप्त किया जाए।कहा कि निगम क्षेत्र में बने नए पार्क जैसे अम्बेडकर पार्क ,गांधी मैदान, मरीन ड्राइव पे बने नए सड़को की गुणवत्ता की जांच अधिकारियों से कराया जाए।

## बाइक दुर्घटना में विधायक प्रतिनिधि घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया के चैनपुर प्रखंड प्रतिनिधि जुगल किशोर सिंह (55 वर्ष) मंगलवार की दोपहर सड़क हादसे में गंभीर हो गए. एमआरएमसीएच में प्रारंभिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है. वे होश में हैं, लेकिन उनका शरीर काम नहीं कर रहा है। दुर्घटना के बाद बाइक जलकर खाख हो गई है।बताते चलें कि विधायक प्रतिनिधि जुगह किशोर की पुत्री की शादी थी. इस कारण वे पिछले दो तीन रातों से सो नहीं पाए थे. मंगलवार की दोपहर डालटनगंज से वापस अपने गांव सलतुआ बाइक से लौट रहे थे. लोहरसिमी गांव में अचानक जुगल किशोर को झपकी आई और वे बाइक सहित सड़क पर गिर गए। इसी बीच बाइक में आग लग गई और जलकर खाख हो गई।आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया. यहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए रंची रिम्स रेफर कर दिया गया। जुगल किशोर के जख्मी होने की सूचना पर विधायक आलोक चौरसिया, जिला पार्षद रामलव चौरसिया सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग एमआरएमसीएच में पहुंचे. बताया जाता है कि हादसे में जुगल किशोर को गंभीर अंदरूनी चोट आई है, इस कारण उनका शरीर सून पड़ गया है।

## बटाने नदी में बालू खनन से बने गड्ढे में डूबकर एक बच्ची की मौत



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र के विशुनपुर गांव के समीप मंगलवार को बटाने नदी घाट में बालू उठाव के बाद बने गड्ढे में डूबने से एक बच्ची की मौत हो गई। मृतका 5 वर्षीय बिलू कुमारी विशुनपुर गांव निवासी भीखारी भुइयां की पुत्री थी। बताया जाता है कि गांव के नजदीक बटाने नदी के किनारे आसपास के बच्चों के साथ वह खेलने गई थी। तभी पैर फिसलने से वह नदी में बालू निकालने के लिए खोदे गये गड्ढे में गिर पड़ी तथा पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद जहां स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है वहीं इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। शिक्षक सह समाजसेवी गोपाल यादव ने घटना पर दुख जताते हुए पीड़ित परिवार को प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला के छात्रों ने 10 वीं की परीक्षा में लहराया परचम, शत-प्रतिशत रहा रिजल्ट

**हुसैनाबाद, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2023 में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला का परिणाम शत- प्रतिशत रहा।बहुप्रतीक्षित परीक्षाफल को लेकर छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह रहा। प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने बताया कि विद्यालय के 137 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए थे। जिसमें सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। गौरतलब है कि विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ छात्र मनीष कुमार मेहता ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान,बलवंत विश्वकर्मा ने 94.60 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा अनुषा कुमारी ने 94 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। वहीं 90 प्रतिशत से ऊपर 45 विद्यार्थी,80 प्रतिशत से ऊपर 82 विद्यार्थी तथा 75 प्रतिशत से ऊपर 10 विद्यार्थी ने अंक प्राप्त कर विद्यालय व अभिभावकों का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को यशस्वी प्रधानाचार्य जी द्वारा मिठाई खिलाकर बधाई दी गई और सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएं प्रतिभावान,नियमित और अनुशासित हैं वे जिस भी क्षेत्र में जाएंगे अग्रसर होंगे और उस क्षेत्र में बुलंदियों तक पहुंच जाएंगे। मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, परीक्षा प्रमुख राजकुमार सिंह, दीपक पाण्डेय, राजेश्वर सिंह यादव, रंजीत मिश्र, सुनील पासवान, सुनील गुप्ता, चंदन कुमार तथा मीडिया प्रभारी अभिषेक कुमार पाठक उपस्थित थे।

# भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** भारतीय जनता पार्टी के मंडल कार्यसमिति की बैठक जपला रिद्धि सिद्धि होटल में हुई। इसमें कार्यक्रम प्रभारी के रूप भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल कुमार सिंह, भाजपा के कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह, राम प्रवेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता तथा संचालन श्रवन अग्रवाल ने की। भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक में प्रभारी प्रफुल्ल कुमार सिंह ने कहा कि 1 माह का जनसंपर्क महाअभियान भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर एक कार्यकर्ता को लाभुकों के बीच उपस्थित होकर विगत 9 वर्षो तक जन भावनाओं के सम्मान में किए गए कार्यों से लाभान्वित हुए लोगों से



संपर्क करना हमारा लक्ष्य होगा। कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी कार्य को सफल करने के लिए अग्रिम योजना बनाकर सभी बिंदुओं पर विचार करना अनिवार्य होता है। जिससे कार्यक्रम में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त होती है। अपने कार्यों का प्रचार-प्रसार भी आवश्यक है। जनसंपर्क अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित हुए। इसमें मोर्चा सहित सभी पदाधिकारियों को जिम्मेवारी दी गई। प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद कुमार सिंह ने कहा कि अपने उद्देश्य को लक्ष्य रख कर सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता को पूरी लगन और मेहनत से कार्य करना होगा तभी हम लोग अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। मौके पर भाजपा नेता संतोष कुमार सिंह, प्रशांत सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ,नीरज सिंह, अखिलेश मेहता, नरेंद्र उपाध्याय, सुबोध कश्यप, योगेंद्र सिंह सुभाष कुमार, मनोहर सिंह, जनेश्वर सिंह तथा महिला मोर्चा से तृप्ति सिंह सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

# केंद्र सरकार के कार्यो से जनता को अवगत कराने का लिया गया निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पाण्डु मंडल कार्यालय में मंडल कार्य समिति की बैठक सम्पन हुआ. इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह एवं संचालन मंडल महामंत्री शंकर प्रसाद गुप्ता के द्वारा किया गया. बैठक में केंद्र सरकार की कार्यो को घर- घर जाकर बताने और लोगों को जागरूक करने की रणनीति बनाई गई एवं संगठन के विस्तार पर चर्चा किया गया. इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यसमिति सदस्य संध्या सिंह, पूर्व जिला महामंत्री सह जिला कार्यसमिति सदस्य उपेंद्र नारायण सिंह, मंडल उपाध्यक्ष कन्हाई राम, मंडल उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह, मंडल मंत्री विमल चंद्रवंशी, मंडल मंत्री सुखदेव राम, मंडल मंत्री धनंजय गुप्ता, मंडल कोषाध्यक्ष अवधेश सिंह, जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष, अभय सिंह




युवा मोर्चा अध्यक्ष जनक शर्मा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष मुनि देवी, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनमोहन पांडेय, स्-ष्ट मोर्चा अध्यक्ष सरजू पासवान, श्याम किशोर सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, शोशल मीडिया प्रभारी सोनू सोनी, शोशल मीडिया सह प्रभारी आशुतोष सुमन, महिला मोर्चा महामंत्री किरण सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री मिथुन साह, युवा मोर्चा महामंत्री शनि सिंह, उपाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, स्-ष्ट मोर्चा महामंत्री सतीश पासवान, ओबीसी मोर्चा महामंत्री राजेश कुमार चन्द्रवंशी, मंडल कार्य समिति सदस्य अलख नारायण सिंह, अरबिंद चन्द्रवंशी अंकित सिंह, गुड्डु ठाकुर, रमाशंकर पाठक, धरणीधर पाठक, राजेन्द्र चंद्रबंशी, लखन चन्द्रवंशी, नरेश चौधरी, जबीत साव, सुनील चन्द्रवंशी, संजय साव राधेश्याम सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

## रामगढ़ में जेजेएमपी के सदस्य के आवास पर इश्तेहार चिपकाया गया



**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नावा गांव में पुलिस टीम ने जेजेएमपी उग्रवादी रविंद्र यादव के घर पर चिपकाया इश्तेहार। कोर्ट के आदेश पर गुमला जिला के चैनपुर थाना पुलिस ने कांड संख्या 5/2022 में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सदस्य रविंद्र यादव के रामगढ़ थाना के क्षेत्र अंतर्गत नावा गांव में स्थित आवास पर इश्तेहार चिपकाया। इस मामले में रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय ने बताया कि अपरमुख नयाईक दंडाधिकारी गुमला कोर्ट के द्वारा अंतर्गत इश्तेहार को ढोल नगाड़े बजाते हुवे स्थानीय ग्रामीणों के समक्ष उद्घोषणा किया गया और उसके घर पर यह इश्तेहार चिपकाया गया औरह्य उसे हिदायत दी गई है की एक महीने के अंदर न्यायलय या फिर संबंधित थाना में आत्मसमर्पण करे और अन्यथा उसके विरुद्ध कुर्की की करवाई के साथ अन्य करवाई की जाएगी।

# महासंपर्क अभियान को लेकर भाजपा ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के दमवा मोड़ निकट स्थित भारती पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भाजपा प्रखंड पिपरा अध्यक्ष संजय मेहता की अध्यक्षता में महासंपर्क अभियान को लेकर बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें 30 मई से लेकर 30 जून तक संपर्क अभियान चलाने के लिए विशेष रूप से चर्चा की गई। इस अभियान में भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से रूबरू होंगे भाजपा एवं मोदी सरकार की नीतियों से लोगों को अवगत कराएंगे इस बैठक में उपस्थित भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य लाल बहादुर सिंह ने भी कहा कि पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने की आवश्यकता है. आशा करता हूं कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता इस बिंदु पर प्रमुखता से कार्य करेंगे. बैठक में महामंत्री चंदन कुमार सिंह सांसद प्रतिनिधि मथुरा गुप्ता युवा मोर्चा अध्यक्ष अनिल प्रजापति मीडिया प्रभारी अंशु मिश्रा महिला मोर्चा अध्यक्ष संजू सिंह श्यामदेव पासवान कपिल देव राय ललन पासवान बसंत विश्वकर्मा नागेश्वर तिवारी सत्येंद्र सिंह शैलेंद्र दुबे मनोज सिंह विनोद ठाकुर धर्मेंद्र तिवारी अभय शर्मा सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जीपीडीपी के तहत योजना चयन के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रखंड सभागार में मंगलवार को जीपीडीपी के तहत दिए जा रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। प्रखंड प्रमुख कमला देवी द्वारा उद्घाटित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रशिक्षक डीपीएम पलामू प्रकाश झा तथा डीपीएम लातेहार मानस मंडल द्वारा योजना के चयन, एलएसडीजी, एसडीजी थीम के चयन संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही पंचायतों को अधिक से अधिक अभिसरण की योजनाओं को चयन करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। वहीं बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने बताया कि 15वें वित्त के तहत ग्राम सभा के माध्यम से सभी विभागों की योजनाओं का चयन किया जा सकेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुखिया काजल कुमारी, विनय कुमार सिंह, कमला देवी सहित सभी पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत सचिव, बीपीओ, जेई, सभी कोआर्डिनेटर, प्रखंड समन्वयक, लेखा लिपिक सहित कई लोग उपस्थित थे।

# यक्ष्मा जांच सह जागरुकता शिविर का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के सलसलादी ग्राम स्थित दामर टोला पर मंगलवार को यक्ष्मा जांच सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक सुनील कुमार ने ग्रामीणों को यक्ष्मा के लक्षण,बचाव व सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा वर्ष 2025 तक देश व राज्य को यक्ष्मा मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में ग्रामीणों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लगातार दो सप्ताह तक खांसी रहना,वजन कम होना,भूख नही लगना तथा बलगम के साथ खून आना यक्ष्मा का लक्षण है। ऐसी स्थिति में उन्होंने बलगम की जांच सरकारी अस्पताल में कराने की जानकारी दिया.उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति यक्ष्मा रोग से पीड़ित है,उन्हें सरकार द्वारा कई सुबिधायें मुफ्त दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यक्ष्मा पीड़ितों को दवा मुफ्त मिलता है.500 रुपये प्रति माह 6 माह तक दिया जाता है.साथ ही उन्होंने अन्य जानकारियां भी विस्तार से दिया।

## जैक 12 वीं विज्ञान में रिपा 91.4 प्रतिशत लाकर बनी विद्यालय टॉपर



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड एकेडमी काउंसिल ( जैक) बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। साइंस में रिपा कुमारी ने 91.4 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉपर बनी। इस परीक्षा में साइंस में रिपा कुमारी 91.4 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉपर बनी, दूसरा स्थान सुशील कुमार 83.8 प्रतिशत, तृतीय स्थान पंकज कुमार 82 प्रतिशत, चौथा स्थान धीरज कुमार 80.4 प्रतिशत, पांचवा स्थान निधि कुमारी 79.2 प्रतिशत, छठा स्थान प्रज्ञा कुमारी 79.2 प्रतिशत, सातवा स्थान छोटी कुमारी 77.8 प्रतिशत, आठवां स्थान दिव्या कुमारी 77.6 प्रतिशत, नवीं स्थान इशिका कुमारी सिंह 77.4 प्रतिशत तथा दसवां स्थान गुसिया खातून 77.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस विद्यालय में कुल 173 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिया, जिसमें 153 छात्र-छात्राएं पास हुई। विद्यालय के प्राचार्य अंकित त्रिवेदी ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए होते हुए उत्तीर्ण हुए विद्यार्थि के उज्जवल भविष्यवाणी की कामना की।

## छतरपुर के केकरीकला में फांसी लगाकर प्रेमी-प्रेमिका ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर थाना क्षेत्र के चराई पंचायत अंतर्गत केरकीकला में युवक-युवती का शव फंदे से लटका बरामद किया गया. दोनों प्रेमी-प्रेमिका बताये गए हैं. लड़की दो दिनों से लापता थी. परिजन उसे ढूंढ रहे थे. इसी क्रम में मंगलवार की सुबह दोनों के शव (लड़का के घर) मिले. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और डेड बॉडी को कब्जे में लिया व पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेज दिया है. छतरपुर के डीएसपी अजय कुमार ने इसकी पुष्टि की है।युवक की पहचान कैलाश भुइयां का पुत्र 20 वर्षीय नागेन्द्र भुइयां के रूप में हुई है, जबकि लड़की की पहचान सरयू भुइयां की 18 वर्षीय पुत्री सोनाकली कुमारी के रूप में हुई है. सोनाकली और नागेन्द्र को रविवार की रात गांव के एक शादी समारोह में अंतिम बार देखा गया था. देर रात दोनों शादी समारोह से गायब हो गए थे. इसके बाद दोनों की लाश बरामद हुई।नागेन्द्र के छोटे भाई ने गांव वालों को जानकारी दी है कि उसके घर पर दोनों भाइयों के अलावा कोई नहीं था. अन्य लोग शादी समारोह में गए हुए थे. सोमवार की पूर्वाहन 11 बजे उसके भाई नागेन्द्र नींद आने की बात कहकर सोने चला गया था. दरवाजा बंद कर सो गया. शाम 6 बजे तक दरवाजा नहीं खोला. इधर वह भी सो गया. मंगलवार की सुबह उठा तब भी दरवाजा अंदर से बंद था. खुलवाने की कोशिश की तो नहीं खुला।बाद में इसकी जानकारी गांव के लोगो को दी. गांव के लोगो के जुटने के बाद सेंध मारकर दरवाजा खोला गया तो देखा गया कि नागेन्द्र और सोनाकली का शव अंदर कमरे में मकान की कंडी से एक ही फंदे पर लटका हुआ था. आनन फानन में शव को नीचे उतारा गया. मुखिया की सूचना पर छतरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।युवती सोनाकली के पिता सरयू भुइयां ने एमआरएमसीएच में मंगलवार की दोपहर बताया कि जून में उसकी शादी होने वाली थी. एक जून को तिलक जाना था. 3 को मड़वा था और 4 को लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के बसौरा से बारात आनी थी. शादी के कार्ड बंट गए थे. सारी तैयारी पूरी कर ली गई थी. अचानक ऐसी घटना होने से तैयारी धरी की धरी रह गई. संभावना है कि रविवार को शादी समारोह के बाद उसकी पुत्री नागेन्द्र के साथ रही और फिर उसने साथ में आत्महत्या भी कर ली. नागेन्द्र गत गुरूवार को बाहर से मजदूरी कर लौटा था. दोनों के प्रेम प्रसंग था।

## तोलरा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**प्रभात मंत्र संवादाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव में आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं की काफी भिड़ उमड़ पड़ी है। श्रद्धा के सामने श्रद्धालुओं पर आसमान से गिरते अंगारे रुपी गर्मी व लूं का कोई असर नहीं देखा गया। लोग हर्षोलास के साथ पूजा आदि कार्यो में लगे है। तोलरा सहित आस-पास के दर्जनों गॉवों के बच्चे, युवक, कन्याए व वृद्धों की टोली यज्ञमंडप की परिक्रमा लक्ष्मी नारायण नारायण नारायण........ , नारायण नारायण नारायण..... आदि का मंत्रोचारण के साथ कर रहे है। लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का तीसरा दिन मंगलवार को संपन्न हुआ। शनिवार को जल यात्रा के साथ रविवार से पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरुआत की गई है। यज्ञ मंडप में आचार्य व यजमानों की ओर से वेद मंत्र का उच्चारण कर आहूति दी जारही है। साथ हीं काशी, वृंदावन, मथुरा, आयोध्या आदि से आये प्रवचन कर्ताओं के द्वारा कथा वाचन किया जा रहा है। जहां सैकड़ों श्रद्धालु कथा



श्रवण कर रहे है। यज्ञाचार्य स्वामी ब्रह्मदेवाचार्य महायज्ञ की सफलता को ले सभी को निर्देष देते रहे है। विदित हो कि लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन तोलरा गांव में नवनिर्मित विष्णु मंदिर में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की प्रतिमा स्थापित करने के मौके पर किया गया है। गांव के लोगों के द्वारा विशाल व भव्य मंदिर का निर्माण कार्य कराया गया है। जिसे पूरा करने में परशुराम सेना के संरक्षक सह पलामू जिले के लोकप्रिय संवेदक अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय व गढ़वा जिले के संजय पांडेय का अभूतपूर्व योगदान रहा है। मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की प्रतिमा मंदिर में स्थापित करने को लेकर गांव में एक विशाल लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञाचार्य स्वामी ब्रह्मदेव आचार्य पिछले 2 महीने से विष्णु मंदिर परिसर मैं आयोजित हो रहे लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर प्रवचन कार्यक्रम कर रहे थे। आयोजित यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष तुलसी तिवारी, सचिव रासबिहारी तिवारी उर्फ मखीरन तिवारी, कोषाध्यक्ष सुमंत तिवारी भाजपा नेता अमरेश तिवारी,अशोक तिवारी ,धीरन तिवारी,रोहित तिवारी, विनय तिवारी, रामनिवास तिवारी, सोनी तिवारी, राजेश तिवारी, विजय तिवारी, मुकेश तिवारी, सहित सैकड़ों बच्चे, बुड्ढे व युवा दिन रात लगे हैं।

# विद्यालय में पढ़ाई नहीं होने के कारण गरीब बच्चों का भविष्य हो रहा है खराब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेराल (गढ़वा) :** मेराल प्रखंड क्षेत्र के तिसर टेटुका पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोलोदोहार के में पढ़ाई ठीक से नहीं होने के कारण बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोलोदोहार के प्रधानाध्यापक के द्वारा नसीले पदार्थ का सेवन कर विद्यालय के पठन पाठन को ध्वस्त किया जा रहा है। और गरीब के बच्चों का भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने विभागीय पदाधिकारी को अनेकों बार किया गया है लेकिन संबंधित पदाधिकारियों के द्वारा कोई कड़ कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिससे ग्रामीण आक्रोशित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक और विभागीय अधिकारियों के मिलीभगत से विद्यालय को संचालित किया जा




रहा है। और ग्रामीणों का आवाज को दबा दिया जा रहा है ।ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक और सहयोगी शिक्षक के द्वारा बच्चों को बिल्कुल नहीं पढ़ाया जा रहा है और नहीं समय से विद्यालय को कभी खोला जा रहा है लोगों का कहना है कि शिक्षक विद्यालय में पहुंचकर अपना अटेंडेंस बनाकर अपने निजी कार्यों में लग जाते हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामजी राम का कहना है कि विद्यालय को विद्यालय के जैसा नहीं बल्कि व्यवसाय के जैसा चलाया जा रहा है ।जिसकी सूचना मौखिक तथा लिखित रूप से कई बार संबंधित पदाधिकारी को दिया गया है लेकिन विभागीय पदाधिकारी करवाई नहीं कर रहे हैं। वही ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे शिक्षक को विद्यालय से हटाने की जरूरत है। अगर 1 सप्ताह के अंदर विभाग के द्वारा इस पर कदम नहीं उठाया जाता है तो वे लोग विद्यालय परिसर में धरणा देंगे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 140

**सुविचार**

हमेशा मनुष्य को परछाई और आईने की तरह दोस्त बनाने चाहिए, क्योंकि परछाई कभी साथ नही छोड़ती और आईना कभी झूठ नही बोलता।

# प्रभात मंत्र

बुधवार
24.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 40° |
| न्युनतम | 24° |

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रपति आज रांची में

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर बुधवार को रांची पहुंचेंगी। वे यहां 26 मई तक रहेंगी। उनके रांची आगमन की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन के बीच मंगलवार को मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल में एसपी ट्रैफिक, ट्रैफिक डीएसपी समेत पुलिस विभाग के वरीय पदाधिकारी मॉक ड्रिल में शामिल हुए। इस दौरान एयरपोर्ट से राजभवन के बीच ट्रैफिक को रोक कर रखा गया। सेना के 10 बुलेट बाइक की टीम भी मॉक ड्रिल में शामिल थे। राष्ट्रपति की सुरक्षा के मद्देनजर 24 मई को वैद्यनाथ मंदिर में सुबह 6 बजे से 10.30 बजे तक आम श्रद्धालुओं के पूजन व दर्शन पर रोक रहेगी। इसके बाद मंदिर से 10.10 बजे सर्किट हाउस के लिए रवाना होंगी। वहां कुछ देर रुकने के बाद 11.20 बजे देवघर एयरपोर्ट से रांची के लिए रवाना हो जाएंगी।

### झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मैट्रिक और इंटर साइंस का जारी किया रिजल्ट

# श्रेया मैट्रिक व दिव्या बनी इंटर साइंस की स्टेट टॉपर

**मैट्रिक की परीक्षा में 95.38 फीसदी और इंटर साइंस की परीक्षा में 81.45 प्रतिशत बच्चों ने की सफलता हासिल**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 10वीं और 12वीं साइंस बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया. मैट्रिक की परीक्षा में 95.38 फीसदी और इंटर साइंस की परीक्षा में 81.45 प्रतिशत बच्चों ने सफलता हासिल की है.स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने रिजल्ट जारी किया. इस दौरान माध्यमिक शिक्षा के निदेशक सुनील कुमार जैक के अध्यक्ष डॉ एके माहतो, जैक उपाध्यक्ष डॉ विनोद सिंह और जैक के सचिव एमके सिंह भी मौजूद रहे. जैक 10वीं बोर्ड परीक्षा में 68.32 फीसदी छात्रों ने फर्स्ट डिवीजन से पास किया है. वहीं 39.25 फीसदी छात्र सेकेंड डिवीजन से और 2.72 फीसदी थर्ड डिवीजन से पास किये हैं. वहीं इंटर साइंस की बोर्ड परीक्षा में 90.60 फीसदी स्टूडेंट्स ने फर्स्ट डिवीजन हासिल किया है. वहीं 7.63 फीसदी छात्र सेकेंड डिवीजन से और 0.02 फीसदी छात्र थर्ड डिवीजन से पास किये हैं.479 अंक लाकर दिव्या कुमारी साइंस की टॉपर बनी है. खुशी कुमारी ने दूसरा, प्रियंका घोष ने तीसरा, पवन कुमार राना ने चौथा और बेबी कुमारी ने पांचवा स्थान हासिल किया है. वहीं 490 अंक लाकर श्रेया सोनगिरी मैट्रिक की परीक्षा में टॉपर रही. इसके अलावा सॉरव कुमार पॉल ने दूसरा, दीक्षा भारती ने तीसरा, दीप मित्रा ने चौथा और मनीष सिंह ने पांचवा स्थान हासिल किया है. बता दें कि जैक कक्षा 10वीं की परीक्षा 14 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित की गयी थी. वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 14 मार्च से 5 अप्रैल तक चली थी.

### 4.33 लाख छात्र मैट्रिक व 74 हजार छात्रों ने इंटर की दी थी परीक्षा

इस वर्ष 4 लाख 33 हजार 718 छात्रों ने मैट्रिक की परीक्षा दी. इसमे 4 लाख से ज्यादा छात्र मैट्रिक में पास हुए. इसमें 95.38 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं. वहीं इंटर में 60 हजार 134 छात्र इंटर साइंस के छात्र पास हुए. इनके पास होने का प्रतिशत 81.45 है. 74 हजार छात्रों ने इंटर साइंस का परीक्षा दी थी. मैट्रिक के लिए 1 हजार 241 केंद्र बनाए गए थे और इंटर के लिए 460 केंद्र बनाए गए थे. 14 मार्च से 5 अप्रैल तक परीक्षा आयोजित किया गया. 24 अप्रैल से मूल्यांकन जारी हुआ और 23 मई को परिणाम घोषित किया गया.

### टॉप टेन छात्रों को सम्मानित करेगा जैक

छात्रों में प्रतिस्पर्द्धा बढ़ाने के ख्याल से जैक ने इस बार हर स्कूल से पहले 10 स्थान पर रहने वाले टॉपर्स को भी सम्मानित करने का फैसला लिया है। मैट्रिक और इंटर के हर स्कूल में पहले 10 स्थान पर आने वाले परीक्षार्थी (टेन टॉपर्स) स्कूल लेवल पर सम्मानित होंगे। वहीं, स्टेट टॉपर को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।



### सीएम हेमंत सोरेन ने सफल छात्र-छात्राओं को दी बधाई

झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटर साइंस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों को सीएम हेमंत सोरेन ने बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि आप सभी नित नई ऊंचाइयों को छुए, यही कामना करता हूं। बता दें कि मंगलवार को जैक ने मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट जारी किया। इस रिजल्ट का यहां के छात्र व छात्राओं द्वारा बेशब्री से इंतजार किया जा रहा था। शिक्षा सचिव, जैक के अध्यक्ष सहित अन्य अधिकारियों ने रिजल्ट को जारी किया। रिजल्ट जारी होते ही छात्र खुश नजर आए।

### यूपीएससी 2022 में बेटियों ने मारी बाजी

# इशिता किशोर ने किया ऑल इंडिया टॉप



एजेंसी

**नई दिल्ली :** संघ लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा 2022 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। काफी दिनों से अभ्यर्थी सिविल सेवा परीक्षा 2022 के रिजल्ट का इंतजार कर रहे थे और आयोग ने मंगलवार दोपहर परिणाम जारी कर दिया। यूपीएससी 2022 में इस बार लड़कियों ने बाजी मारी है। इशिता किशोर ने ऑल इंडिया लेवल पर टॉप किया है। यूपीएससी द्वारा जारी सिविल सेवा परीक्षा की मेरिट लिस्ट में कुल 933 अभ्यर्थियों के नाम शामिल हैं। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 में इशिता किशोर ने पहला स्थान पाया है, वहीं दूसरी स्थान पर गरिमा लोहिया, तीसरे स्थान पर उमा हरथी एन , चौथे स्थान पर स्मृति मिश्रा, पांचवे स्थान पर मयूर हजारिका, छठवें नंबर पर गहना नव्या जेम्स, सातवें स्थान पर वसीम अहमद भट्ट, आठवें स्थान पर अनिरुद्ध यादव, नौंवे नंबर पर कनिका गोयल और 10 वें स्थान पर राहुल श्रीवास्तव हैं। इस परीक्षा को पास करने के बाद 180 अभ्यर्थी आईएएस बनेंगे जबकि 38 अभ्यर्थी आईएफएस बनेंगे। 200 अभ्यर्थियों को आईपीएस बनने का मौका मिलेगा। इस परीक्षा के माध्यम से कुल 1022 पद भरे जाने हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री राम कॉलेज ऑफ कार्मस से इकनॉमिक्स में पढ़ाई करने वाली इशिता किशोर अपने चयन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुझे सफलता की पूरी उम्मीद थी, लेकिन मेरिट लिस्ट में पहले स्थान प्राप्त होना मेरे लिए सुखद आश्चर्य है। सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने से पहले इशिता ने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद कई निजी संगठनों में इंटर्नशिप भी की, इनमें सीआरवाई, गेल इंडिया लिमिटेड, आदि शामिल हैं। इसके बाद इशिता ने खेल एवं युवा मंत्रालय में इंडो-चाइना यूथ डेलीगेशन में बतौर डेलीगेट काम किया। फिर इशिता एमएनसी में एनालिस्ट बनीं, जिसके बाद उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी की।



# मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज का इंटरमीडिएट विज्ञान का परिणाम शत प्रतिशत रहा












**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** झारखंड एकेडमिक कार्उसिल के द्वारा मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट विज्ञान में सत प्रतिशत परिणाम रहा। इस दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज शर्मा ने बताया कि मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज से विज्ञान में 54 विद्यार्थी शामिल हुये। जिसमे 40 विद्यार्थी प्रथम स्थान लाये वही 15 विद्यार्थी दूसरा स्थान लाकर कॉलेज का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि कॉलेज के छात्रा अदिति वर्मा 85.2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर रही। वही मनीषा कुमारी 84.8प्रतिशत,खुशी कुमारी 82.4 प्रतिशत,रोहित भगत 79 प्रतिशत,दीक्षा कुमारी 78 प्रतिशत, अभिषेक कुमार साहू 77.8 प्रतिशत,सोनू कुमार गंझू 76 प्रतिशत,दीपिका कुमारी 75.4 प्रतिशत,विशाखा कुमारी यादव 73.6प्रतिशत,आकाश कुमार 73 प्रतिशत,सौरभ कुमार 72.4 प्रतिशत अंक लाकर कॉलेज में नाम रौशन किया। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य आनंद कुमार, मिथुन दत्ता, मनीष कुमार,सहित अन्य ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का कामना किये।

# महिला ठेका मजदूरों ने घोषित आंदोलन को स्थगित किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सीसीएल मुख्यालय में डे-टू-डे मेंटेनेंस का काम से जुड़े महिला ठेका मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिलने और प्रतिदिन काम देने के बजाए रोस्टर प्रणाली लागू करने के आलोक में उत्पन्न विवाद को देखते हुए मंगलवार को सीसीएल मुख्यालय में महाप्रबंधक औधोगिक संबंध रश्मि दयाल, महाप्रबंधक असैनिक राजेश मोहन, कार्मिक अधिकारी ए लकड़ा, सीसीएल सलाहकार समिति सदस्य कमलेश कुमार सिंह एवं जनता मजदूर संघ के संयुक्त सचिव गोल्टेन प्रसाद यादव और काम करा



रही कंपनी ध्रुवा ज्योति इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर मिथिलेश कुमार के बीच वार्ता हुई.वार्ता में मिथिलेश कुमार ने महाप्रबंधक असैनिक को यह लिखित रूप में दिया कि मजदूरों का रोस्टर हटाकर पूरे माह सामान्य ड्यूटी देंगे, प्रत्येक माह के दस तारीख को वेतन का भुगतान करेंगे और 19 मई को मजदूरों द्वारा दिया गया मांग पत्र पर नियम पूर्वक काम करेंगे.लिखित आश्वासन पर काम नहीं होने पर प्रबंधन की ओर से कानुनी कारवाई करने की चेतावनी दी गई है.

# भूमाफियाओं एव अंचल कर्मचारियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** भूमाफियाओं द्वारा जमीन में की जारही हेराफेरी और तरगड़ी के ग्राम प्रधान को हटाने की मांग को लेकर पूर्व मंत्री देवकुमार धान के अगुवाई में तरगड़ी के सैकड़ो ग्रमीणों ने सोमवार को इटकी अंचल कार्यालय के समीप धरना प्रदर्शन किया। धरना के उपरांत अंचलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन सीआई जैकेश्वर साहू को सौंपा गया। मौके पर देवकुमार धान ने कहा कि जमीन दलालों ने जमीन के दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर आदिवासी भूमि का मोटेशन करा लेने सहित कई गंभीर आरोप लगाया गया है। श्री धान ने अंचलकर्मियों को अपने कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी। कार्यक्रम को सईद अंसारी, मंटू केरकेट्टा, कार्तिक महतो, बुदू मुंडा, सहित अन्य ने संबोधित किया। इससे पूर्व सैकड़ो आदिवासी महिला पुरूष ने हाथों में तख्ती लिये जमीन दलालों होश में आओ, जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करना बंद करो के नारों के साथ साहेब मोड़ से पैदल मार्च निकाला व अंचल कार्यालय के समीप पहुंच कर प्रदर्शन किया।

# जलसा ए दस्तार बन्दी में 19 बच्चों को हाफिज की उपाधि से सम्मानित किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** इटकी के कुंदी स्थित मदरसा जामिया अजीजिया का रविवार को चौथा एकदिवसीय जलसा ए दस्तार बन्दी कार्यक्रम में मदरसा के 19 विद्यार्थियों को हाफिज की उपाधि से नवाजा गया। कार्यक्रम में कुरआन को कंठस्थ याद कर हाफिज की उपाधि प्राप्त करने वालों की पगड़ी बांधी गयी व उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत कारी शोहेब अहमद के तिलावते कुरआन से की गई। जलसा को संबोधित करते हुए अररिया बिहार के मुफ़्ती अब्दुल्लाह सालिम कमर चतर्वेदी ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ दीनी तालीम हासिल करना मुसलमानों को जरूरी है। आज के युवा पीढ़ी पश्चिमी सभ्यता को अपना कर



गुमराही के राह पर खड़े है। नशा खोरी, सूद खोरी जैसे गैर इस्लामी काम से इनका जीवन बर्बाद हो रहा है।

उन्होंने कहा कि दहेज़ जैसे नासूर निकाह को मुश्किल बना दिया है। समय से लड़कियों की निकाह नही होने से वे गलत राह एखत्यार कर रही है। समाज के हर एक तंजीम की जिम्मेदारी है कि दहेज़ जैसे नासूर को उखाड़ फेंके। कार्यक्रम को मोहम्मद अनवर कासमी, मौलाना इकरामुल हक ऐनी व कारी सोहैब अहमद सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। शाबान दिल खैराबादी ने अपनी दिलकश आवाज में नात प्रस्तुत कर महफ़िल में शमा बांधे रखा। जलसा की अध्यक्षता मौलाना अब्दुस्समद व संचालन मौलाना सुफ़यान हैदर ने किया। मदरसा के मोहतमिम मौलाना जुबैर ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मौलाना मनिरुद्दीन शम्सी, मौलाना कमाल, मौलाना मंजूर, मो इरफान, मौलाना अब्दुल राशिद, मौलाना कलीमुद्दीन, हाफिज इकराम, नसीम अहमद व मौलाना मोशरर्फ सहित हजारों लोग मौजूद थे।

**हाफिज की उपाधि पाने वाले विद्यार्थी :** मोहम्मद मसरूर,मो अफरोज, मो आसिम, मो अनस, मो फैज, मो फैयाज, अब्दुल रहमान, मो साहिल, मो सलमान, मो महताब, मो अनीसुर्रहमान, मो नईम, मो साहिल, मो इजहार, मो कैफ, मो जाहिद, मो दिलशाद, अब्दुल खालिक व मो आरिफ।

# रैयत विस्थापित मोर्चा ने केडीएच परियोजना में गेट मीटिंग किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रैयत विस्थापित मोर्चा ने केडीएच परियोजना में गेट मीटिंग किया।गेट मीटिंग के माध्यम से मोर्चा के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने परियोजना के कामगारों से 29 मई को बंदी को सफल बनाने के लिए सहयोग करने का अपील किया।केंद्रीय सदस्य रंथू उरांव ने कहा कि मोर्चा के द्वारा 29 मई को एनके एरिया बंदी का आहवान किया गया है इसलिए कामगारों से अपील की है कि इस




बंदी में रैयत विस्थापितो को सहयोग करे ताकि रैयत विस्थापितो को उनका हक अधिकार मिल सके।वही मजदूरों ने भी मोर्चा को बंदी में सहयोग करने का भरोसा दिया है।इस मौके पर जगरनाथ महतो,नरेश गंझू,राम लखन गंझू, प्रकाश महतो,प्रभाकर गंझू ,शिवनारायण लोहरा,रामधारी गंझू सहित कई लोग मौजूद थे ।

# बिजली विभाग की लापरवाही से आम जनता की जान खतरें में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली बिजली विभाग की लापरवाही से सिल्ली की जनता की जान खतरों मे, सिल्ली साहेब बांध के समीप बिजली की पॉल जो नीचे से पूरी तरह सड़ के अलग हो गई है! हवा का रुख जिधर होती है बिजली का पॉल उधर की ओर हो डोलती नजर आती है! इस पॉल मे बिजली का करंट दौड़ती है और बगल मे रांची पुरुलिया मुख्य सड़क है जिसमे हर समय बड़ी छोटी वाहनों का एवं आम जनता का आना जाना लगा रहता है और बगल



मे एक कतार से कई दुकानें है। अगर पॉल गिरती है तो आने जाने वाले राहगीर,वाहन चपेट मे आ सकते है।इस तरह की समस्या और भी क्षेत्र मे है लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारी देख कर भी इस समस्या का समाधान नहीं करते है।

# विधायक ने कब्रिस्तान की चारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के डाड़कंडरिया गांव में मंगलवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मुस्लिम कब्रिस्तान चाहरदीवारी निर्माण शिलान्यास किया। मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि क्षेत्र के मुस्लीम समुदाय के ग्रामीणों के मांग पर चारदीवारी का निर्माण किया जा रहा है। कब्रिस्तान में जानवरों व असमाजिक तत्वों से हिफाजत होगी, लोग आखरी मंजिल में सुकून से सो सकेंगे। शिलान्यास के पश्चात विधायक ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्यएं सुनीं और उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर उप प्रमुख मोद्दसीर हक, जिला परिषद बेरोनिका उरांव, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि मो0 फहीम, प्रवेज आलम, पंचायत अध्यक्ष ईश्तियाक आलम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अजलफा तमजीद ने झारखंड में 6वां रैंक हासिल किया



**रॉंची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अजलफा तमजीद इंटर साईंस में झारखंड स्टेट में 6वां रैंक के साथ 6 वां स्टेट टॉपर 94.4% से पास हुई साथ ही उर्सलाईन इंटर कालेज टॉपर भी हुई । अजलफा तमजीद ने 500 अंकों में कुल 472 अंक हासिल किया फिजीकस में 97 कैमिस्ट्री में 94 बायोलोजी में 96 कम्पयूटर में 95 अंग्रेजी में 90 अंक प्राप्त कर पूरे राज्य में 6 वां जगह हासिल किया।

## हिरण पार्क के समीप झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक आज

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सिल्ली हिरण पार्क के समीप प्रताप बांध के पास आज संध्या 5 बजे से सिल्ली प्रखंड कमेटी की ओर से एक अति आवश्यक बैठक रखी गई हैं जिसमें आगामी 27 मई को सिल्ली में झामुमो मिलन समारोह जॉइनिंग प्रोग्राम रखा गया है जिसमें विभिन्न पार्टी को छोड़कर सैकड़ों लोग झामुमो में शामिल होंगे । अतः समारोह को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श किया जाना हैं। झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका ने तमाम झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी एवं सभी पंचायत के सक्रिय कार्यकर्ता से अपील किया है की निश्चित स्थान और समय पर पहुंचने की कष्ट करें ताकि बैठक को सफल बनाया जा सके।

## सिल्ली हरिमंदिर में अखंड हरिनाम संकीर्तन 26 से

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली हाट बगान स्थित हरिमंदिर में आगामी 26 मई से 9 दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया है। इसको लेकर 25 मई को गंधादिवस एवं महिलाओं द्वारा भव्य आरती का आयोन किया गया है। हरिनाम संकीर्तन के आयोजन को लेकर मंदिर का रंग रोगन, मंदिर परिसर को विद्युत साज-सज्जा से सजाने का काम अंतिम चरण में है। आयोजन समिति के संरक्षक राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ने इसकी जानकारी देते हुए सभी आम जनों को हरिनाम संकीर्तन में शामिल होने का आग्रह किया है।

## आदर्श उच्च विद्यायल मैक्लुस्कीगंज में जैक के दसवीं में 98 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैक्लुस्कीगंज स्थित आदर्श उच्च विद्यालय हेसालोंग के 98 प्रतिशत विद्यार्थी उतीर्ण हुए। विद्यालय से वर्ष 2022- 23 में दसवीं बोर्ड की परीक्षा में कुल 126 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमे 124 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के प्राचार्य आदित्य प्रसाद साहू व सह प्रचार्य लखन प्रसाद साहू ने बताया कि विद्यालय से विद्यार्थियों का यह 38 वां बैच बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमे 55 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी व 68 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से सफलता हासिल की है। बताया कि 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कृपा कुमारी विद्यालय टॉपर रही, वहीं राहुल यादव,अभय कुमार, कुमकुम कुमारी,उत्तम कुमार ने 72 प्रतिशत, डाली कुमारी व टिंकू यादव 71 प्रतिशत, अंशु कुमार 69 प्रतिशत, आनंद कृष्ण 68 प्रतिशत, रूपा कुमारी 67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। प्राचार्य संग शिक्षक राधा देवी, आरके शुक्ला,गोपाल प्रसाद, जयप्रकाश यादव, आदित्य प्रसाद साहू, मनोज दुबे,मनोहर यादव ने विद्यार्थियों के परिणाम का सत प्रतिशत रिजल्ट रहने पर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Office Of The Gumla Nagar Parishad, Gumla**

**Very Short Term NIT No.- GML/NP/04/2022-23**

| Sl No /Group No | Name of work | BOQ value of work in Rs | Earnest Money | Cost of Documents by DD (In Rs) Non-Refundable | Period of completion in months |
|---|---|---|---|---|---|
| | नागरिक सुविधा | | | | |
| 1 | Construction of Precast RCC Slab at Ward No 21 | 192300.00 | 3900.00 | 1000.00 | One Month |
| 1 | Procurement Officer | Executive Officer, Nagar Parishad, Gumla. | | | |
| 2 | Place of opening tender | Nagar Parishad, Gumla. | | | |
| 3 | Date & time of sale of BOQ | 30.05.2023 (10.00 AM to 05.00 PM) | | | |
| 4 | Submission of Tender Documents | 01.06.2023 up to 02.00 PM | | | |
| 5 | Date & time of opening Tender | 01.06.2023 up to 03.00 PM | | | |

नोट :– (1)नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर में निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगें। उक्त निविदा डबल बिड प्रणाली पर आधारित होगी।
(2)परिमाण विपत्र (B.O.Q.) के क्रय हेतु वैध एवं अद्यतन संवेदक निबंधन प्रमाण पत्र, GST Registration तथा आचरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति दिखाना अनिवार्य होगा। अवकाश के दिन परिमाण–विपत्र की बिक्री नहीं की जायेगी।
(3)परिमाण विपत्र (B.O.Q.) का क्रय बैंक डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से किया जायेगा जिसकी वैधता परिमाण बिक्री की तिथि से कम से कम तीन माह तक होनी चाहिए। बैंक डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PARISHAD, GUMLA के पदनाम से GUMLA में भुगतेय होगा।
(4)बिना कारण बताए एक या एक से अधिक निविदा को स्थगित करने, रद्द करने या एक से अधिक संवेदकों के बीच कार्य बाँटने का अधिकार निविदा समिति को सुरक्षित रहेगा ।
(5)कार्य की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। परिणाम विपत्र में अंकित प्राक्कलित राशि के आधार पर अग्रधन की राशि एवं परिणाम विपत्र का मूल्य मान्य होगा।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद, गुमला

PR298142 (District)23-24*D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा**

पत्रांक ......................../ दिनांक ........................

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 10/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :– 03.06.2023 को 1.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 05.06.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 05.06.2023 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उच्च विद्यालय सोनपुरा में चहारदिवारी का निर्माण। | 2498500/– | 5000/– | 50000/– | 2 माह। |
| 2. | Govt+2 High School Parsabad के उपयोग हेतु मध्य विद्यालय, परसाबाद में दो अतिरिक्त वर्गकक्ष (2 ACR) के साथ 1 बरामदा का निर्माण। | 2494000/– | 5000/– | 50000/– | 2 माह। |
| 3. | उत्क्रमित + उच्च विद्यालय जयपुर काको में तीन अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 2496999/– | 5000/– | 50000/– | 2 माह। |
| 4. | उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेहराडीह में चार अतिरिक्त वर्ग कक्ष (ACR) का निर्माण कार्य। | 3668800/– | 5000/– | 73500/– | 3 माह। |

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR 298078Building(23-24)#D



**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, राँची**

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

EOI No- O1/HATIAPROJECTRANCHI-2022-23

एतद द्वारा द्वारा सुचित किया जाता है कि सक्षम संस्थान/फर्म/गैर सरकारी जो झारखण्ड सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, में निबंधित संस्थानों से हटिया जलशोध संस्थान धुर्वा राँची में खाली पड़े जमीन में पार्क निर्माण, फव्वारा का पुर्नोद्धार, पथ एवं भवनो के सौन्दयीकरण हेतु प्रतिष्ठान / फॉर्म / गैर सरकारी संस्थानों द्वारा इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

कार्य की विवरणी

1. पार्क का निर्माण फव्वारा का पुर्नोद्धार कार्य सहित।
2- W.T.P. स्थित सभी भवनों एवं चहारदिवारी की रंगाई एवं सौन्दर्यीकरण कार्य ।
3- W.T.P. के पहुंच पथ एवं अन्य अन्दरूनी पथों के उपर Pavers Block लगाने का कार्य।
4- Light Arrangement कार्य एवं अन्य कार्य।
5- D.P.R बनाने एवम् तदनुसार निर्माण कार्य।

| SL No. | Particulars | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | PREPRATION OF DPR FOR CONSTRUCTION OF PARK INCLUDING RENOVATION OF FOUNTAIN AND BEAUTIFICATION OF ALL BUILDINGS AND ROADS of Hatia Water Treatment Plant at Dhurwa, Ranchi UNDER D. W. & S. DIVISION, HATIA PROJECT, RANCHI. |
| 2 | Name of Advertisement Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hatia Project, Doranda, Ranchi-02. |
| 3 | EOI Publish Date | 26/05/2023 at 12.30 PM |
| 4 | EOI Downloading Start Date | 26/05/2023 From 2.00 PM |
| 5 | Last Date for sending pre-EOI Queries | 31/05/2023 (Working days 10.00 am to 4.00 PM) |
| 6 | Last date of Submission of EOI Applications | 09/06/2023 at 5.00PM |
| 7 | Date of Opening of EOI Applications | 12/06/2023 at 2.00 PM |

नोटः– http://:jharkhandtenders.gov.in से दस्तावेज Download की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल
हटिया योजना, राँची

PR 298116 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D



**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–02/2023–24 (2nd Call)** तिथि :– 23.05.2023

**P.R. No. 295311 Drinking Water and Sanitation (23-24)D**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची |
| 2. | विज्ञापनकर्त्ता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यौंत्रिक नागरिक प्रमण्डल, राँची |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 23.05.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 4. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | 27.05.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 5. | प्री–बीड मिटिंग का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 6. | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | 02.06.2023 को 05:00 बजे अपराह्न में |
| 7. | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 03.06.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 05.06.2023 को 2:00 बजे अपराह्न में |
| 9. | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 10. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नम्बर | 0651–2400934, 9304682229 |
| 11. | ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन संख्या | 0120-4001002/0120-4001005/0120-6277787 |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supplying and fitting of 33 KV VCB with 33 KV C.T. & P.T. and renovation of Electric Sub - Station (33/11KV) with its all components for Booty Pumping Plant under D.W. & S. Mech. Urban Division, Ranchi. | 39,67,924.00 | 79,400.00 | 5,000.00 (Non-refundable) | 45 days |

नोटः–(i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(ii) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय एवं अंचलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) निवदा सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
(iv) संवेदकों को निविदा में भाग लेने के लिए 33/11 KV तक का "विद्युत संवेदक अनुज्ञा प्रमाण पत्र" होना अनिवार्य है।
(v) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge/concerned officer से M.O.M./Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकि बीड में संलग्न करेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल,राँची

PR 298108 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

# टीएसएएफ की अस्मिता दोरजी ने माउंट एवरेस्ट पर फतह हासिल की

- सप्लिमेंट्री ऑक्सीजन के बिना माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने का यह अस्मिता का दूसरा प्रयास था
- वह माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाली पहली भारतीय महिला बछेंद्री पाल की शिष्या हैं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नई दिल्ली/जमशेदपुर :** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) में शीर्ष पर्वतारोही और वरिष्ठ प्रशिक्षक, 39 वर्षीय अस्मिता दोरजी ने 23 मई, 2023 के शुरुआती घंटों में माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की। हालाँकि उसने शुरू में सप्लिमेंट्री ऑक्सीजन के बिना चढ़ाई करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन स्वास्थ्य संबंधी कारणों से उसे कैंप 4 (8000 मीटर ऊँचाई पर) से इसका उपयोग करना पड़ा। कम हवा, तेज हवा और अत्यधिक ठंड सहित चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के कारण कुछ लोगों ने यह उपलब्धि हासिल की है। इस साल 3 अप्रैल को अपनी यात्रा शुरू करने वाली अस्मिता खुम्बू क्षेत्र से 8 दिन की ट्रेकिंग



के बाद 14 अप्रैल को एवरेस्ट बेस कैंप पहुंचीं। 18 मई को, अस्मिता ने अपना अंतिम शिखर अभियान शुरू किया, खतरनाक खुम्बू हिमपात को पार करते हुए वह 19 मई को कैंप 2 पर पहुंची। उन्होंने 22 मई को रात 10 बजे (आईएसटी) अपनी अंतिम शिखर यात्रा शुरू की और 23 मई को सुबह 8:20 बजे शिखर पर सफलतापूर्वक पहुंची। वह इस समय बेस कैंप की तरफ उतर रही है। अस्मिता के साथ उनके शेरपा गाइड लक्फा नूरू भी थे, जो नेपाल के एक बहुत ही अनुभवी शेरपा गाइड हैं। टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन के चेयरमैन और टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कॉरपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी ने कहा, यह अस्मिता और टीएसएएफ की पूरी टीम के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### जैक 10वीं में पूर्वी सिंहभूम की श्रेया सोनगिरी बनी स्टेट टॉपर, उपायुक्त ने दी बधाई, कहा

# बेटियां हर क्षेत्र में लकीर खींच रहीं, श्रेया पर पूरे जिले को गर्व

**स्टेट टॉपर एवं जिला के तीन टॉपर को आज सम्मानित करेंगी उपायुक्त**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने आज 10वीं का रिजल्ट घोषित किया जिसमें पूर्वी सिंहभूम जिले की बेटी श्रेया सोनगिरी पूरे राज्य में पहले स्थान पर रहीं । उपायुक्त विजया जाधव ने चाकुलिया प्रखंड के आदिवासी उच्च विद्यालय, पुरनापानी की छात्रा श्रेया को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज पूरे जिले को गौरवान्वित होने का अवसर प्राप्त हुआ है जिसके लिए विशेष रूप से श्रेया को बधाई देती हूं । उन्होने कहा कि समस्त जिला प्रशासन उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी हार्दिक बधाई।



रिजल्ट घोषित होने के बाद उपायुक्त के प्रतिनिधि के तौर पर श्रेया के घर पहुंचे चाकुलिया के बीआरपी ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया तथा परिजनों के साथ खुशी के इस पल को साझा किया।

**उपायुक्त की पहल ने लाया रंग, जिले को राज्य में मिला 5वां स्थान:** जिले के सरकारी विद्यालयो में पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार हो, परीक्षा का अनावश्यक तनाव नहीं लें इसके लिए उपायुक्त की पहल पर पिछले 9-10 माह से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी। 8 महीने तक 9वीं व 10वीं के बच्चों का मासिक परीक्षा लेना हो या लगातार 4 महीने तक ऑनलाइन क्लास करवाना, उपायुक्त की पहल पर बच्चों को परीक्षा की तैयारी के लिए हरसंभव वातावरण देने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया गया। शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए जिले के सबसे बेहतर शिक्षकों के माध्यम से लगातार ऑनलाइन क्लास का आयोजन किया गया। प्रत्येक महीने जिला स्तर पर उपायुक्त द्वारा मासिक मूल्यांकन परीक्षा की समीक्षा किया गया। सभी विद्यालयों के हेडमास्टर के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक की गई, परीक्षा की तैयारी को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन किया गया । इसका सुखद परिणाम यह रहा कि पिछले वर्ष 94 फीसदी बच्चों के उत्तीर्ण होने की तुलना में इस वर्ष 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 97.31 फीसदी बच्चों ने उत्तीर्ण किया ।

**जिला स्तरीय आयोजन में इन बच्चों को उपायुक्त करेंगी सम्मानित:** 1. श्रेया सोनगिरी- 490- आदिवासी उच्च विद्यालय, पुरनापानी, चाकुलिया। 2. कुणाल पाल- 486, आदिवासी उच्च विद्यालय, पुरनापानी, चाकुलिया। 3. सोनल कुमारी, 485- प्रगति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जमशेदपुर ।

## जीपीडीपी के जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकडू प्रखण्ड सभागार में जीपीडीपी अन्तर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला टीम के द्वारा सभी मुखिया, पंचायत सचिव, फेसिलेटर, जल सहिया तथा विभिन्न विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियो का प्रशिक्षण जीपीडीपी के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप मे डीपीएम तनुश्री पंडा,डीपीएम राजु झा शामिल हुए। जिला के सभी नो प्रखंडों के प्रखंड समन्वयक पंचायत राज स्वशासन परिषद उपस्थित रहे। मौके पर राकेश कुमार गोप प्रखंड विकास पदाधिकारी कुकडू , राम लगन उरांव प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी,प्रतिमा वाला पातर प्रमुख कुकडू,विकाश सिंह सहायक अभियंता,कनीय अभियंता,प्रखंड सम्बन्यक रवींद्र नाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## सोनारी में गुरु अर्जन देव जी के शहादत दिवस पर लगा छबील

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनारी एरोड्रम के पास गुरुद्वारा कमेटी की ओर से गुरु अर्जन देव जी का शहादत दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्रधान तारा सिंह गिल ने बताया कि झूठे आरोप में मुगल बादशाह



जहांगीर के आदेश पर पांचवें गुरु अर्जन देव जी को शहीद कर दिया गया था। उन्हें कष्ट देकर शहीद किया गया। गुरुजी सत्य मार्ग पर डटे रहे और शहादत दी। उन्हीं से प्रेरणा लेकर सिख सच्चे मार्ग पर चलते हैं और विचलित नहीं होते हैं भले ही कुर्बानी देनी पड़े। यहां छबील लगाई गई और राहगीरों के बीच चना शरबत का वितरण किया गया। इस मौके पर डीएसपी कमल किशोर, सोनारी थाना प्रभारी, अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू, गुरशरण सिंह गोलन, हरजीत सिंह, रंजीत सिंह गाबरी व अन्य ने भी अपनी सेवाएं दी।

## गम्हरिया इंग्लिश स्कूल सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जैक बोर्ड द्वारा आयोजित वर्ष 2023 की दसवीं की परीक्षा में गम्हरिया इंग्लिश स्कूल से सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष इस विद्यालय से कुल 35 विद्यार्थी मैट्रिक की परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिसमें सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इसमें विद्यालय टॉपर रही अमनप्रीत कौर को 83 प्रतिशत, द्वितीय टॉपर रही प्रेरणा प्रिया को 81 प्रतिशत तथा तृतीय टॉपर बने रोशन महतो को 80 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ। बच्चों की इस सफलता पर विद्यालय के निदेशक सुब्रतो रॉय, वाइस चेयरपर्सन रिंकू रॉय, सचिव शिप्रा पाल तथा प्रशासक रीमा बनर्जी ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी बच्चों को ढेर सारी बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

## भाजपा का प्रखंड स्तरीय कार्य समिति की बैठक आयोजित

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खरसावां पथ निरीक्षण भवन में भाजपा के प्रखंड स्तरीय कार्य समिति का बैठक होपना सोरेन के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय पूर्व जिला अध्यक्ष सह कोल्हान लोकसभा प्रभारी उदय सिंह देव मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में आगामी 2024 की तैयारी के साथ अभी से कड़ी परिश्रम कर पार्टी की मजबूती साथ केंद्र एवं राज्य के सभी सीटों में पार्टी को जीत दिलाने पर विचार विमर्श किया गया। 20 जून से 30 जून तक विशेष संपर्क अभियान चलाकर घर घर जाकर केंद्र सरकार का पिछले 9 वर्षों की विकास योजनाओं की उपलब्धियां लोगों तक पहुंचकर बताना है। बैठक में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि सुशील षड़ंगी, आदि उपस्थित थे।

## सांसद व विधायक प्रतिनिधियों ने तीन स्कूल भवन निर्माण कार्यो का शिलान्यास किया

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला खनिज फाउंडेशन निधि ट्रस्ट से स्वीकृत पटमदा प्रखंड के नहचीबेड़ा, समरजबड़ा व लावा गांव में दो - दो कमरें का स्कूल भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को सांसद प्रतिनिधि महाबीर महतो व विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। 45 लाख रुपये से दो - दो कमरे का तीनों जगहों पर स्कूल भवनों का निर्माण कार्य पूरा किया जाना है। इस दौरान मुख्य रूप से जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, प्रदीप बेसरा, मंटु चरण दत्त, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, प्रधान महतो, राजू कर्मकार समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## शाम को अचानक आई आंधी तूफान से दर्जनों घरों के छप्पर उड़े

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की शाम को अचानक आई आंधी तूफान से दर्जनों घरों के छप्परों को उजाड़ दिया। आंधी तूफान से मिलन चौक में बिन्देश्वर महतो ,बिरवल दास सहित कई लोगों का मकान में लगे



टीना सेड को उखाड़ कर दुर फेंक दिया। आंधी तूफान से आमड़ा गांव के बुधराम भेंगरा के घर का एसवेस्टर को उखाड़ दिया। एसवेस्टर टूट कर टुकड़ा टुकड़ा हो गया। बुधराम भेंगरा का छप्पर उड़ जाने से घर में पानी भर गया। घर में रखे धान चावल भी नष्ट हो गया। पीड़ित परिवार को रहने के लिए भी घर नहीं है।

## करीम सिटी कॉलेज में कौमी एकता सप्ताह का समापन समारोह आयोजित





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के साकची प्रांगण में एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत कौमी एकता सप्ताह का आज समापन समारोह का आयोजन हुआ।7 इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर कोल्हन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर जयंत शेखर उपस्थित थे। साथ ही करीम सिटी कॉलेज के प्रधानाध्यापक डॉ मोहम्मद रेयाज , एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले अली, एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज, कॉलेज के सभी शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रोफेसर जयंत शेखर, प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज,एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले अली एवं एनएसएस समन्वयक साजिद परवेज द्वारा द्वीप प्रज्वलन करके की गई। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं राष्ट्रीय एकता पर अपने विचार व्यक्त किए। संबलपुर की संस्कृति को दर्शाते हुए नम्रता एवं उनकी टीम द्वारा एक सांस्कृतिक संबलपुरी नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत प्रेरणा एवं सुरेंदु पात्रा द्वारा एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर जयंत शेखर ने भारत की सांस्कृतिक विविधता एवं राष्ट्रीय एकता पर अपने विचार अभिव्यक्त किए। कौमी एकता सप्ताह में आयोजित हुए प्रतियोगिताओं में 1500 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया था जिसमें निबंध लेखन,वाद विवाद, नारा लेखन, स्केचिंग, चित्रकला, मेहंदी, नृत्य संगीत आदि प्रतियोगिताएं शामिल थी। इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को भागीदारी प्रमाण पत्र दिया गया। विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम का सफल संचालन मानव घोष ने किया एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक सैयद साजिद परवेज ने किया।

## आदर्श विकास विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** झारखंड एकेडमिक कॉउन्सिल द्वारा मंगलवार को घोषित मैट्रिक के परीक्षा परिणाम में प्रस्तावित आदर्श विकास विद्यालय के शत प्रतिशत छात्र सफल हुए। वर्ष 2023 की मैट्रिक परीक्षा में इस विद्यालय से कुल 119 परीक्षार्थी शामिल हुए थे जिसमें 118 बच्चे प्रथम और एक बच्चे द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण घोषित किए गए। इसमे 95 प्रतिशत (475) अंक प्राप्त कर अनिमा गोराई विद्यालय टॉपर रही जबकि द्वितीय टॉपर बनी छायारानी नायक और विक्की कुमार को 94.6प्रतिशत तथा तृतीय टॉपर अंगिता कुमारी महतो को 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ। विद्यालय के निदेशक भूषण कुमार, सचिव रविशंकर आनंद समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दिया है।

### टाटा स्टील यंग एस्ट्रोनॉमर टैलेंट सर्च विजेता इसरो यात्रा पर रवाना, मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

# ओड़िशा के कुल 77,500 उम्मीदवारों में से 20 छात्रों का चयन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ओडिशा सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सार्वजनिक उद्यम, सामाजिक सुरक्षा और दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण मंत्री अशोक चंद्र पांडा ने टाटा स्टील यंग एस्ट्रोनॉमर टैलेंट सर्च (याट्स) 2022- 23 के 20 प्रतिभाशाली विजेताओं के लिए अहमदाबाद में स्थित अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के एप्लीकेशंस सेंटर (एसएसी) की यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। 22 मई, 2023 को भुवनेश्वर से शुरू होने



वाले इस अभियान में पूरे ओडिशा से छात्र और तारामंडल की निदेशक, सुश्री संजूलता बेहरा के नेतृत्व में उनके गाइड शिक्षक शामिल हैं। इसका समापन 29 मई, 2023 को होगा। यात्रा का औपचारिक शुभारंभ भुवनेश्वर के पठानी सामंता तारामंडल में किया गया, जिसमें टाटा स्टील के कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस के चीफ सर्वेश कुमार और पठानी सामंता तारामंडल के डेप्युटी डायरेक्टर डॉ. सुभेंदु पटनायक सहित प्रतिष्ठित अधिकारियों ने शिरकत की। 13 दिसंबर, 2022 को याट्स के ग्रैंड फिनाले के अवसर पर चुने गए शीर्ष 20 विजेता, विभिन्न एसएसी प्रयोगशालाओं का दौरा करेंगे और भारत के विशिष्ट अंतरिक्ष वैज्ञानिकों से जानकारी प्राप्त करेंगे। साथ ही छात्र साइंस सिटी और आईआईटी गांधीनगर का भी दौरा करेंगे, जिससे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बारे में उनकी जानकारी और समझ बढ़ेगी।

## कांड्रा स्टेशन पर चला जागरुकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** रेल सुरक्षा बल के अधिकारियों और जवानों द्वारा कांड्रा स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगो को ट्रेन में यात्रा के दौरान बरती जानी वाली सावधानियों के बावत महत्वपूर्ण जानकारियां देकर उन्हें जागरूक किया गया। इस मौके पर उपस्थित सीनी आरपीएफ थाना के सब इंस्पेक्टर आरबी सिंह ने चलती ट्रेन पर पथराव नहीं करने, मानव तस्करी नहीं करने, महिलाओं की सुरक्षा करने को कहा। उन्होंने कहा कि ट्रेन में यात्रा के दौरान किसी प्रकार की समस्या हो तो टॉल फ्री नंबर 139 पर कॉल कर तुरंत विस्तृत जानकारी दें ताकि शीघ्र सहायता पहुंचाई जा सके। इस मौके पर कांड्रा आरपीएफ थाना के एएसआई नागेंदर सिंह समेत कई आरपीएफ के जवान मौजूद थे।

### सरायकेला सरस्वती शिशु मंदिर उवि में मैट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत

# रश्मिता ने सार्वधिक 96.20 प्रतिशत अंक ला कर जिले में रही टॉपर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला सरस्वती शिशु मंदिर उवि में मैट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा, यहां से 132 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया था,जिसमें से सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर स्कूल का नाम रोशन किया है। मिली जानकारी अनुसार स्कूल में 90 से 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले दस छात्र छात्रा हैं, 80 से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 39, 70 से 80



प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 61 एवं 60 से 70 प्रतिशत अंक 22 छात्र छात्राओं ने प्राप्त कर शत प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। छात्रा रश्मिता पति ने सार्वधिक 96.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने के साथ साथ स्टेट में दसवां नंबर हासिल किया है। छात्र छात्राओं की सफलता पर प्रधानचार्य पार्थ सारथी आचार्य, उप प्रधानचार्य तुषारकांत पति सहित स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी बधाई दिया है।

### बंगभाषी समन्वय समिति की भव्य संगीत संध्या 28 को रविंद्र भवन

# बांग्ला भाषा के लिए सितम्बर में होगी रांची पद यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखण्ड बंगभाषी समन्वय समिति के 22वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 28 मई को स्थानीय रवींद्र भवन में भव्य संगीत संध्या का आयोजन संध्या 6:30 बजे से किया जायगा। उक्त जानकारी समिति के महासचिव संदीप सिन्हा चौधरी ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि सारेगामापा 2023 के फाइनल प्रतियोगी तथा बंगाल के प्रसिद्ध लोकगीत गायक दीप चैटर्जी अपनी आवाज का जलवा बिखेरेंगे। वहीं भाषा आन्दोलन को समेटे एक स्मरणिका का प्रकाशन कर लोगों तक पहुंचाना एवं राज्य में बांग्ला भाषा के विभिन्न अनसुलझे मांगो को



लेकर आगामी सितम्बर महीने में जमशेदपुर से रांची तक एक बृहत पदयात्रा निकाले जाने की कार्यक्रम को भी जन जन तक पहुंचाना है। नेपाल चंद्र दास ने कहा कि वर्तमान शिक्षक नियुक्ति में बांग्ला भाषा के लिए भी शिक्षकों की नियुक्ति हुई पर सरकार के द्वारा आज तक न बंगला पाठ्यक्रम, न बांग्ला किताबों की आपूर्ति सही से की जा रही है। शिक्षक पढ़ायेंगे क्या? प्रेस वार्ता में महासचिव संदीप सिन्हा चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष विश्वजीत मण्डल, नेपाल चन्द्र दास, पूरबी घोष, अरिजीत सरकार, उदय शोम, बाबूलाल चक्रवर्ती, अरूप चौधुरी, दिलीप कुमार महतो, रविंद्र नाथ दास, मोनी बागची, उपस्थित थे।

### जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में छबील लगाई गई

# राष्ट्रवाद व विविधता में एकता की मजबूती : डीजे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला व्यवहार न्यायालय जमशेदपुर परिसर में जिला बार एसोसिएशन के तत्वावधान में छबील लगाई गई और पांचवें गुरु अर्जुन देव जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। हयूम पाइप गुरद्वारा के बाबा हरजिंदर सिंह जी ने सभी के भलाई की अरदास की। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा एवं समस्त न्यायिक पदाधिकारियों ने वकीलों और आम लोगों के साथ बड़े ही श्रद्धा के साथ चना, हलवा एवं शरबत का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर न्यायाधीश अनिल कुमार



मिश्रा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से देश की विविधता से अवगत होते हैं और राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रवाद की भावना मजबूत होती है। एसोसिएशन स्टेरिंग कमेटी के संयोजक मंडली सदस्य लाला अजीत कुमार अम्बष्ठ के अनुसार सिखों के महान गुरुओं ने अपने जीवन आचरण आदर्श सिद्धांत जीवन मूल्य से आने एक आदर्श गढ़े हैं और देश के भावी इतिहास को उनके बलिदान ने बदल कर रख दिया है जिस रूप में आज हम आधुनिक और मजबूत भारत को देख रहे हैं। अधिवक्ता हरजीत सिंह, अधिवक्ता नरेंद्र सिंह, अधिवक्ता जेके राजू , अधिवक्ता राजीव सिंह सैनी, अधिवक्ता नंद किशोर राय, अधिवक्ता कमलजीत सिंह, अधिवक्ता एनके मिश्रा, अधिवक्ता बोलाई पंडा, बार एसोसिएशन के रिसीवर मनोरंजन दास, अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू अधिवक्ता विजेंद्र सिंह, अधिवक्ता भवेश कुमार, अधिवक्ता मानिक सरकार, हरदीप सिंह सिद्धू, जसवीर सिंह आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## मैट्रिक में स्कूल टॉपर रहा सागर सहिस बना जिला का साइंस टॉपर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा के लावा गांव से लगातार दूसरी बार पूर्वी सिंहभूम जिला का साइंस टॉपर बना। फेरी लगा कर मसाला बेचने वाले लबघन सहिस के पुत्र सागर सहिस ने 12वीं में इस वर्ष जिले का साइंस टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। सागर सहिस एसएस प्लस-टू हई स्कूल पटमदा के छात्र हैं। उन्हें 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। वह वर्ष 2020 में अपने स्कूल का भी टॉपर रहा था। भविष्य में सागर भौतिकी के शिक्षक बनना चाहते हैं। मूल रूप से बंगाल निवासी एवं पिछले करीब 20 वर्षों से पटमदा के लावा गांव में रह रहे लवघन सहिस गरीबी के कारण पहले जमशेदपुर में किसी फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। बाद में मसाला एवं चनाचुर के व्यवसाय से जुड़कर पटमदा एवं बोड़ाम क्षेत्र में फेरी का काम करते हैं। सागर को परीक्षा में 461 नंबर मिले हैं।

## संपादकीय

# 'कर्जमुक्त भारत' अभियान

**राजधानी** दिल्ली के जंतर-मंतर पर 24 मई को ऐसा अनशन, धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी मांगें राजनीतिक, धार्मिक, किसानी, यौन-शोषण, आदिवासियों के अधिकारों से जुड़ी हुई नहीं हैं। यह सामाजिक, आर्थिक और देश को कर्जमुक्त करने का अभियान है। सरकारें और राजनीतिक दल कर्जमाफी को जुमले के तौर पर इस्तेमाल करते रहे हैं। सिर्फ किसानों के कर्ज माफ करने के वायदे, बार-बार, किए जाते रहे हैं और कर्ज माफ भी किए गए हैं, लेकिन यह आयाम अनदेखा और उपेक्षित रहा है कि कर्ज के कारण लोग आत्महत्याएं कर रहे हैं। बीते वर्ष 2022 में ही 20,000 से अधिक कर्जदार लोगों ने आत्महत्याएं कीं। 'धार्मिक एकता ट्रस्ट' के प्रतिनिधियों ने नायाब कोशिशें की हैं। ये न केवल कर्जमुक्त होने के प्रशिक्षण दे रहे हैं, बल्कि रास्ता भी सुझा रहे हैं। इस अभियान के तहत 3 लाख भारतीय जुड़े हैं। पूरा डाटा सार्वजनिक है। ये 'कर्जमुक्त भारत' का अभियान देश भर में छेड़ें हैं। बेशक जंतर-मंतर का अनशन एकदिनी और प्रतीकात्मक होगा, लेकिन ये देश के सामने कुछ तथ्य और सत्य पेश करना चाहते हैं। ट्रस्ट के प्रतिनिधि और संस्थापक शाहनवाज चौधरी दो बार प्रधानमंत्री मोदी से मिल चुके हैं। प्रधानमंत्री दफ्तर के अधिकारियों को भी अपनी बात बताई है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय में 7 मुलाकातें शीर्ष के अधिकारियों से हुई हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के सामने भी अपना पक्ष रख चुके हैं, लेकिन सरकार और अफसरशाही देश के सरोकारी और मानवतावादी नागरिकों की सलाह मानने को तैयार नहीं है। ट्रस्ट के प्रतिनिधियों का आग्रह है कि जिनकी मौत हो चुकी है या जो लोग कर्ज का भुगतान करने में असमर्थ हैं, सरकार उनका 10 लाख रुपए तक का कर्ज माफ करे अथवा 'राइट ऑफ' कर दे। तुलना अडाणी केस से की गई है। हम उसे गलत मानते हैं। उद्योगपतियों, किसानों और आम नागरिकों के कर्ज अलग-अलग किस्म के होते हैं, लिहाजा सरकार उसी संदर्भ में कर्जों को माफ करती रही है। यदि सरकारें वोट पाने की खातिर 'मुफ्त की रेवड़ियां' बांट सकती हैं या कर्ज माफ कर सकती हैं, तो देश के अक्षम नागरिकों की मदद करने में क्या गुरेज है? ट्रस्ट से जुड़े और पेशेवर चिकित्सक डॉ. खरबंदा से हमने बातचीत की, तो उन्होंने इसे सर्वधर्मवादी और मानवतावादी अभियान करार दिया। उनका विश्लेषण है कि इतने नागरिकों का कर्ज माफ करने से देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित नहीं होगी। सरकार जिनके 5-6 लाख करोड़ रुपए माफ करती है या बैंकों के पैसे मार कर जो उद्योगपति 'भगोड़ा' बन जाते हैं, उनके बावजूद देश की अर्थव्यवस्था अनवरत गति से विकसित हो रही है। डॉ. खरबंदा के मुताबिक, सांसदों को भी पत्र लिखे जा चुके हैं। लोग नोटबंदी, जीएसटी, कोरोना और लॉकडाउन से आज भी त्रस्त और प्रभावित हैं। देश के हुक्मरानों को इस संवेदनशील मुद्दे पर जागृत होकर कुछ करना चाहिए। बहरहाल भारत की अर्थव्यवस्था करीब 325 लाख करोड़ रुपए की है, जो निरंतर बढ़ रही है। यह कोई छोटी अर्थव्यवस्था नहीं है। हम विश्व में 5वें स्थान पर हैं, लेकिन आजादी के 75 साल बाद भी भारतीय गरीबी-रेखा के तले जी रहे हैं या आत्महत्याएं कर रहे हैं, यह देश की प्रतिष्ठा और नीतियों को ही खंडित करने वाली स्थिति है। यह कोई सांप्रदायिक या आरक्षणवादी अभियान भी नहीं है। सरकार लोगों के कर्ज को वर्गीकृत कर माफ कर सकती है। दुर्घटनाएं होती हैं, त्रासदियां भी घटती हैं, आपदाएं आती हैं, सरकार प्रत्येक जनवादी स्थिति में लोगों की आर्थिक मदद करती है। यदि अपने ही देशवासी संकट में हैं, तो मार्मिकता से काम करना चाहिए।

> भारतीय रिजर्व बैंक के सामने भी अपना पक्ष रख चुके हैं, लेकिन सरकार और अफसरशाही देश के सरोकारी और मानवतावादी नागरिकों की सलाह मानने को तैयार नहीं है। ट्रस्ट के प्रतिनिधियों का आग्रह है कि जिनकी मौत हो चुकी है या जो लोग कर्ज का भुगतान करने में असमर्थ हैं, सरकार उनका 10 लाख रुपए तक का कर्ज माफ करे अथवा 'राइट ऑफ' कर दे। तुलना अडाणी केस से की गई है। हम उसे गलत मानते हैं। उद्योगपतियों, किसानों और आम नागरिकों के कर्ज अलग-अलग किस्म के होते हैं, लिहाजा सरकार उसी संदर्भ में कर्जों को माफ करती रही है।

## कुछ अलग

# सियासी खरे खोटे में

**राजनीति** के खरे खोटे में फंसा देश भले ही जनप्रतिनिधित्व के उसूलों पर समाज और राष्ट्र की किरकिरी देख ले, लेकिन नेताओं का दीन ईमान अब सत्ता का वर्चस्व है। सत्ता की कुंडलियों में राजनीति की जुंडलियां हर बार हिमाचल के सियासी आरोहण और सरकार की पांत में देखी जाती हैं। राजनीति में सत्ता का उपभोग, सामाजिक, आर्थिक और राज्य की व्यवस्थाओं पर कुंडली मार कर बैठ रहा है, नतीजतन एक बड़ी सौदेबाजी में हिमाचल जैसे राज्य के भी कई साल गुम हो रहे हैं। आचरण केवल सियासत के पहलू में ही कमजोर नहीं हो रहा, बल्कि सामाजिक दृष्टि भी कंगाल हो गई है। अभी हाल ही में पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर का सूखे में बरसना भाजपा को रास नहीं आया, जबकि लोकतांत्रिक स्वरूप में पार्टियों का आचरण इतना सशक्त तो होना चाहिए ताकि कम से कम हार की स्थिति में तो खुलकर मंथन कर लिया जाए। पूर्व विधायक ने भाजपा की सत्ता में पार्टी की पपड़ियां उतारीं तो जुल्म हो गया, लिहाजा मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी तथा पार्टी के प्रदेश महामंत्री राकेश जम्वाल को उनसे सख्त लहजे में पूछना पड़ रहा है। ऐसे में कौन नक्कार खाने की तूनी बनकर पूछने की हिमाकत करेगा। वैसे हार में उपहार तो मिलता नहीं, लेकिन सियासत अब प्रायश्चित करना भी भूल गई है। पार्टी अनुशासन में पूर्व विधायक से जो कुछ छीना जा सकता है, उससे भी अधिक मसला यह है कि सत्ता में रहते हुए राजनीतिक दल अब जुंडली बन कर चल रहे हैं। सरकार और संगठन के बीच केवल प्रभुत्व की दरकार ही देखी व समझी जाती है। यह अब अजीब सा रोजगार बन चुका है, इसीलिए जब कर्मचारी ओपीएस की मांग करते हैं तो जवाब मिलता है कि एक बार चुनाव जीत कर दिखाओ। देश चुनावी राजनीति का गुलाम बन कर अपनी नैतिकता के आधार को खो रहा है। जब तक सत्ता है, पार्टियां अपने भीतर सारी कुंठाएं छुपाए अपने ही गुणगान में फंसी रहती हैं और फिर जब ताकत गुम होती है तो सारा आक्रोश पहलवान बनकर बाहर निकल आता है। जवाहर ठाकुर का आक्रोश अपनी ही पूर्ववर्ती सरकार की कलई खोल चुका है, तो कहीं ज्वालामुखी के पूर्व विधायक रमेश धवाला का गुस्सा फिर से सत्ता के अपने दौर को अनावृत कर रहा है। राजनीति के भ्रम जाल में जनता को बार-बार बरगलाया जाता है कि सत्ता बदलते ही परिवर्तन हो जाएगा या प्रदेश के फलक पर न्याय मुस्कराएगा, लेकिन वर्तमान दौर में सत्ता के कक्ष में इतनी संकीर्णता भर चुकी है कि अपनों से मुकाबले देखे जा रहे हैं। चुनौतियां तो वाईएस परमार से शांता कुमार तक भी रहीं और सरकार के भीतर मुकाबले होते रहे, लेकिन अब 'यारों की सरकार या 'मित्रों की सरकार' के दोष सामने आने लगे हैं। भाजपा और कांग्रेस सरकारों में अंतर इतना ही देखा गया कि केसरिया प्रभाव आरएसएस के माध्यम से सत्ता में ऐसी नियुक्तियां भी करता रहा जो संगठन व सरकार की ताकत में दीमक सिद्ध हुए। हम यह तो नहीं कह सकते कि जवाहर ठाकुर ही सही हैं, लेकिन जो उन्होंने कहा उसे सुनने की ताकत व वजह भाजपा के पास नहीं है। इससे पहले भी जब रमेश धवाला सत्ता के भीतर और बाहर बतौर विधायक बोलते रहे, तो भाजपा ने उसे लगातार अनसुना किया। जब चार उपचुनाव हार कर भी भाजपा ने अपनी सत्ता और सत्ता कक्ष का विश£षण नहीं किया, तो न जाने कितने जवाहर ठाकुर पैदा हुए होंगे। फतेहपुर उपचुनाव में किरपाल परमार का सीधे टकराना अगर प्रधानमंत्री द्वारा संपर्क करने पर भी शांत नहीं हुआ, तो इन गलियों की भगदड़ को रोकने की कोशिश किसने की। ऐसे में भाजपा की दीवारों पर चस्पां आक्रोश वर्तमान कांग्रेस भी अगर पढ़ ले तो आंतरिक शांति के कई उपचार व हवन सामग्री मिल जाएगी। सत्ता की मदहोशी अकसर जवाहर ठाकुरों या रमेश धवालों को भूलने का प्रयास करती है, लेकिन वक्त पर चोट जब होती है तो घायल मंजर पर आहें सभी की निकलती हैं। भाजपा सरकार की आहें सुनी जाएंगी भले ही पार्टी जवाहर ठाकुर के ऊपर एकतरफा अनुशासन की चादर डाल दे। सत्ता में रह कर भी विधायक, पूर्व विधायक या वरिष्ठ नेता प्रताड़ित हों, तो विरोध के लिए विपक्ष को निमंत्रण देने की आवश्यकता नहीं। हिमाचल भाजपा को अपनी सत्ता के पिछले कार्यकाल को खंगालना आवश्यक होगा ताकि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान ऐसे आक्रोश की चारित्रिक अर्थियां न निकलें।

## जाहिर है इमरान खान को भुट्टो समझ लेने की भूल नहीं की जानी चाहिए

# विनाश के रास्ते पर पाकिस्तान

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

> जम्मू कश्मीर पाकिस्तान में शामिल हो जाए, इसका प्रयास करने के लिए माऊंटबेटन 15 अगस्त 1947 से कुछ दिन पहले श्रीनगर गए भी थे ।उस वक्त वायसराय का जितना दबाव हो सकता था, वह महाराजा पर डाला भी था, लेकिन महाराजा किसी भी सूरत में जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान में शामिल करने के लिए राजी नहीं हुए। उसके बाद ही पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर पर हमला करके उस पर जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश की। उस वक्त नेहरु की मित्रता माऊंटबेटन के काम आई। नेहरु मध्यस्थता के लिए मामला संयुक्त राष्ट्र संघ में ले गए।

**पाकिस्तान** को जन्म देते समय उस समय के वायसराय लार्ड माऊंटबेटन ने कहा था कि इसका पूर्वी हिस्सा जल्दी ही इससे अलग हो जाएगा। लेकिन माऊंटबेटन की इच्छा थी कि पाकिस्तान ताकतवर बने। लेकिन यदि पाकिस्तान का आधा हिस्सा उससे अलग ही हो जाएगा तो पाकिस्तान भला ताकतवर कैसे बनेगा? माऊंटबेटन के पास इसका भी इलाज था। उसके ही अनुसार इसके लिए जरूरी है कि जम्मू कश्मीर पाकिस्तान में शामिल हो। उस समय भारत में माऊंटबेटन के दो मित्र थे जिनकी चर्चा आम तौर पर होती रहती है। पहले पंडित जवाहर लाल नेहरु और दूसरे जम्मू कश्मीर के महाराजा हरि सिंह। ये दोनों माऊंटबेटन के वायसराय बनने से पहले से ही दोस्त थे। जम्मू कश्मीर पाकिस्तान में शामिल हो जाए, इसका प्रयास करने के लिए माऊंटबेटन 15 अगस्त 1947 से कुछ दिन पहले श्रीनगर गए भी थे। उस वक्त वायसराय का जितना दबाव हो सकता था, वह महाराजा पर डाला भी था, लेकिन महाराजा किसी भी सूरत में जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान में शामिल करने के लिए राजी नहीं हुए। उसके बाद ही पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर पर हमला करके उस पर जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश की। उस वक्त नेहरु की मित्रता माऊंटबेटन के काम आई। नेहरु मध्यस्थता के लिए मामला संयुक्त राष्ट्र संघ में ले गए। इतना ही नहीं, जब भारतीय सेना पाकिस्तान से पूरा इलाका खाली करवा रही थी तभी नेहरु जी ने सीजफायर कर दिया। उसके बाद माऊंटबेटन अपने देश चले गए। इतना ही नहीं, नेहरु ने जम्मू कश्मीर को लेकर भारतीय संविधान में अंबेडकर के विरोध के बावजूद अनुच्छेद 370 डाल कर उसे भारतीय संविधान के घेरे से भी बाहर रख दिया। यह सब माऊंटबेटन या ब्रिटिश सरकार की योजना या इच्छा के अनुसार ही हुआ। जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान में शामिल करवाने के लिए इसके बाद भी प्रयास जारी रखे। 1965 में उसने हमला करके इसे जीतने का प्रयास किया लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। कारगिल युद्ध में उसने फिर ऐसा प्रयास किया लेकिन फिर मुंह की खाई। यह आधुनिक भारत के इतिहास का पहला अध्याय था। लेकिन 1971 में माऊंटबेटन की आशंका के अनुसार सचमुच पाकिस्तान में ही मजहब के आधार पर नई 'स्टेट' के औचित्य पर प्रश्न चिन्ह लग गया। पूर्वी बंगाल बंगलादेश हो गया। तब पाकिस्तान में हाहाकार मचा। बंगलादेश के उदय को लेकर उस समय पाकिस्तान के सत्ताधारियों अर्थात



पाकिस्तान की सेना के अधिकारियों एवं सिविल शासकों का कहना था कि यह सब भारत की शरारत का नतीजा है। लेकिन सेना को एक खतरा और था। इसके बाद सिन्धी, बलोच और पठान भी पाकिस्तान से अलग होने की कोशिश कर सकते हैं। लगता है वह खतरा सिर पर आकर खड़ा हो गया है। इमरान खान ने पाकिस्तान में विद्रोह कर दिया है। सेना और इमरान खान आमने-सामने आ गए हैं। कहा जाता है कि इसको लेकर पाकिस्तान में सेना में ही दो गुट बन गए हैं । एक गुट सेना के समर्थन में है। पूछा जा सकता है कि पूर्वी बंगाल के विद्रोह के समय सेना में दो गुट क्यों नहीं बन पाए थे? इसके कारण पाकिस्तान और पाकिस्तान की सेना की संरचना को समझना होगा। उस समय के पाकिस्तान में जनसंख्या के लिहाज से पूर्वी बंगाल आज के पाकिस्तान यानी पश्चिमी पाकिस्तान के बराबर ही था, लेकिन बंगाली पाकिस्तान की सेना में आटे में नमक बराबर थे। इसलिए सेना में बंगाली समर्थक गुट के होने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता। लेकिन आज के पाकिस्तान में जनसंख्या के हिसाब से पश्तूनों या पठानों की अवहेलना की जा सके, ऐसी स्थिति नहीं है। पाकिस्तान की सेना में भी पश्तून या पठान बड़ी संख्या में हैं। यह ठीक है कि वहां की सेना पर कब्जा पंजाबियों का है, लेकिन पठानों की संख्या भी इतनी नहीं है कि उनकी अवहेलना की जा सके। पठान का एक समूह पहले ही तालिबाने पाकिस्तान के रूप में सरकार की नाक में दम किए हुए है। अब एक दूसरे पठान से सरकार और सेना दोनों का ही पंगा पड़ गया है । वर्तमान स्थिति ऐसी है कि इमरान खान और सेना आमने सामने हैं। लोगों को लगता है कि सेना भुट्टो की तरह इमरान खान को मार देना चाहती है ताकि आगे से कोई सेना को चुनौती न दे सके। लेकिन भुट्टो और इमरान खान में एक बहुत बड़ा अंतर है। भुट्टो सिन्धी था और इमरान खान पठान है। पाकिस्तान की सेना में सिन्धियों की संख्या भी आटे में नमक बराबर ही है। इसलिए भुट्टो को फांसी पर लटकाते समय सेना में पत्ता नहीं हिला। लेकिन इमरान खान पठान है। यही कारण है कि इमरान खान के प्रकरण में पश्तूनों या पठानों के प्रान्त खैबर पख्तूनखवा, दोनों में ही लहरें उठने लगी हैं। यहां तक कि इमरान खान ने ही कहना शुरू कर दिया है कि बंगलादेश बनने का कारण ही यह था कि पाकिस्तान ने बंगालियों को उनका लोकतांत्रिक हक देने से इन्कार कर दिया था। यहां इमरान खान का पाकिस्तान से अभिप्राय खुले रूप से पंजाबियों से है। वर्तमान पाकिस्तान में संख्या के हिसाब से सबसे ज्यादा पलड़ा पंजाबियों का ही है। सेना में भी पलड़ा पंजाबियों का ही है। इसलिए सिन्धी, बलोच और पठान जब पाकिस्तान की बात करते हैं तो उनका अभिप्राय पंजाबियों से ही होता है। इसलिए इमरान खान का भाव कहीं न कहीं यह है कि आज सेना पठानों को भी उनके लोकतांत्रिक अधिकार देने से इन्कार कर रही है। जिस समय इमरान खान को सत्ता से अपदस्थ किया था, उस समय पाकिस्तानी सेना का मुखिया भी एक पंजाबी था। क्या इसे संयोग कहा जाए कि जिसको सत्ता दी गई, वह भी एक पंजाबी है। पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार सेना और पठान आमने सामने हैं और दोनों उस समय आमने सामने हुए जब अफगानिस्तान के बारे में कहा जा रहा है कि वह पठानों की मदद कर रहा है। जाहिर है इमरान खान को भुट्टो समझ लेने की भूल नहीं की जानी चाहिए। माऊंटबेटन को शायद पहले से ही पता था कि पाकिस्तान का धरातल कमजोर है। इसीलिए वे जम्मू कश्मीर पाकिस्तान को देकर उसे सशक्त बनाना चाहते थे। उसके षड्यंत्र को पहले मरहले में महाराजा हरि सिंह ने फेल किया। अब दूसरे मरहले में नरेन्द्र मोदी ने फेल किया जब जम्मू कश्मीर में से अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया गया और उसका भाषा के आधार पर पुनर्गठन भी कर दिया गया। पाकिस्तान ने इस पर कितनी हाय तौबा मचाई, यह सब जानते हैं। लेकिन पाकिस्तानी शासकों की हाय तौबा वहां के आवाम में ही अप्रासंगिक हो गई अब जब पाकिस्तान और इमरान खान ही आमने सामने हैं। यह इबारत बड़ी होकर पाकिस्तान व पठान के आमने सामने आने की बन रही है। लगता है माऊंटबेटन की पाकिस्तान को शक्तिशाली होते देखने की इच्छा पूरी नहीं हो रही। यह पूरी हो ही नहीं सकती थी क्योंकि पाकिस्तान एक कृत्रिम राष्ट्र था, इस प्रकार के नकली राष्ट्र इतिहास में ज्यादा देर टिक नहीं पाते। प्रथम दो विश्व युद्धों के बाद ऐसे अनेक राष्ट्र/स्टेट बनाए गए थे।

# गहलोत के मास्टरस्ट्रोक से पायलट और वसुंधरा राजस्थान की राजनीति में किनारे लग गये हैं

> राजस्थान में पिछले 25 वर्षों से एक बार अशोक गहलोत तो दूसरी बार वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बनते आ रहे हैं। इस बार वसुंधरा राजे फिर मुख्यमंत्री बनना चाहती हैं। मगर अशोक गहलोत ने बयान देकर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है। हाल ही में धौपलुर जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खुलासा किया था कि 2020 में सचिन पायलट द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ बगावत करने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व उनके समर्थक विधायकों ने सहयोग कर उनकी सरकार को गिरने से बचाया था। गहलोत ने कहा था कि धौपलुर से भापजा विधायक शोभा रानी कुशवाहा ने तो राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रमोद तिवारी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग कर खुले आम पार्टी नेतृत्व की अनदेखी की थी ।शोभा रानी कुशवाहा वसुंधरा समर्थक विधायक मानी जाती रही हैं। इसके साथ ही गहलोत ने वसुंधरा समर्थक माने जाने वाले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल का भी नाम लिया था। विधानसभा में बजट पास करवाने के दौरान मुख्यमंत्री गहलोत ने प्रदेश में 17 नए जिले बनाने की घोषणा की थी।

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से अपने संबंधों को लेकर खुलासा क्या किया वसुंधरा राजे चुनाव से पहले ही परेशान नजर आने लगी हैं। राजस्थान में पिछले 25 वर्षों से एक बार अशोक गहलोत तो दूसरी बार वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बनते आ रहे हैं। इस बार वसुंधरा राजे फिर मुख्यमंत्री बनना चाहती हैं। मगर अशोक गहलोत ने बयान देकर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है। हाल ही में धौलपुर जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खुलासा किया था कि 2020 में सचिन पायलट द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ बगावत करने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व उनके समर्थक विधायकों ने सहयोग कर उनकी सरकार को गिरने से बचाया था। गहलोत ने कहा था कि धौलपुर से भाजपा विधायक शोभा रानी कुशवाहा ने तो राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रमोद तिवारी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग कर खुले आम पार्टी नेतृत्व की अनदेखी की थी। शोभा रानी कुशवाहा वसुंधरा समर्थक विधायक मानी जाती रही हैं। इसके साथ ही गहलोत ने वसुंधरा समर्थक माने जाने वाले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल का भी नाम लिया था। विधानसभा में बजट पास करवाने के दौरान मुख्यमंत्री गहलोत ने प्रदेश में 17 नए जिले बनाने की घोषणा की थी। जिसमें उन्होंने कैलाश मेघवाल के विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा को भी जिला बनाया है। विधानसभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कैलाश मेघवाल को शाहपुरा के जिला बनने पर बधाई देते हुए कहा था कि आप की मांग पूरी कर दी गई है। उस समय भी गहलोत के बयान की काफी चर्चा हुई थी तथा भाजपा बैकफुट पर आ गई थी। राजस्थान की राजनीति में लोगों की धारणा रही है कि अंदर खाने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मिले हुए हैं। इसी के चलते जब कांग्रेस की सरकार बनती है तो अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बन जाते हैं और जब भाजपा की सरकार बनती है तो वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बन जाती हैं। मुख्यमंत्री पद पर रहते दोनों नेता एक दूसरे के हितों का ख्याल रखते हैं तथा जरूरत पड़ने पर मदद भी करते हैं। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल तो खुलकर यह आरोप लगाते रहे हैं। पिछले कुछ महीनों से कांग्रेस नेता सचिन पायलट भी गहलोत को पत्र लिखकर वसुंधरा सरकार के दौरान हुए घोटालों की जांच की मांग कर रहे हैं। मगर मुख्यमंत्री गहलोत ने पायलट की मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की। जबकि एक माह पूर्व सचिन पायलट ने अपनी इसी मांग को लेकर जयपुर में एक दिन का धरना भी दिया था। इसके बाद पायलट ने इसी मांग को लेकर 5 दिनों तक अजमेर से जयपुर तक 125 किलोमीटर की जन संघर्ष पदयात्रा भी की है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा वसुंधरा राजे को लेकर किए गए खुलासे के बाद वसुंधरा राजे अपनी ही पार्टी के नेताओं पर के निशाने पर आ गई हैं। राजस्थान में वसुंधरा विरोधी खेमे के नेता गहलोत के बयान को लेकर मुखर हो रहे हैं। उनका कहना है कि वसुंधरा राजे समर्थक विधायकों के दम पर ही गहलोत बेखौफ होकर सरकार चला रहे हैं। राजस्थान में पिछले राज्यसभा चुनाव के दौरान कई वसुंधरा समर्थक विधायकों को मतदान से पहले गुजरात भेजा गया था ताकि वह गहलोत के प्रभाव में आकर क्रॉस वोटिंग नहीं कर सकें। हालांकि राजस्थान भाजपा में वसुंधरा राजे सबसे बड़े कद के नेता मानी जाती हैं। दो बार प्रदेश की मुख्यमंत्री, तीन बार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तथा केंद्र में मंत्री रहने के कारण उनका पूरे प्रदेश में व्यापक जनाधार माना जाता है। पिछले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री रहते वसुंधरा राजे को अपने ही राजपूत समाज के विरोध का सामना करना पड़ा था। राजपूत समाज के लोगों की गैंगस्टर आनंदपाल सिंह के एनकाउंटर करने को लेकर वसुंधरा राजे सरकार से गहरी नाराजगी थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में राजपूत समाज ने कांग्रेस को वोट देकर जिताया था। उस समय चुनावी सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में भीड़ से 'वसुंधरा तेरी खैर नहीं, मोदी तुम से बैर नहीं' के नारे लगते थे। जो चुनावी परिणाम में सही साबित भी हुए थे। वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री रहते हुए उनके नेतृत्व में लड़े गए 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 163 सीटों से सिमट कर 73 सीटों पर पहुंच गई थी। उसके कुछ महीने बाद ही हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की सभी 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी। पिछले कुछ समय से वसुंधरा राजे व उनके समर्थक विधायक भाजपा आलाकमान पर लगातार दबाव बना रहे थे कि वसुंधरा को नेता घोषित कर उनके नेतृत्व में ही अगला विधानसभा चुनाव लड़ा जाए। वसुंधरा राजे के विरोध के चलते ही डॉक्टर सतीश पूनिया को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाया गया था। पार्टी के नेताओं को भी लगने लगा था कि वसुंधरा राजे के बिना विधानसभा चुनाव जितना मुश्किल होगा। ऐसे में उन्हें चुनाव के दौरान महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाएगी। मगर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान ने वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों के पूरे मंसूबों पर पानी फेर दिया। अब वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों की स्थिति ना निगलते ना उगलते वाली हो गई है। आम जनता में भी गहलोत के बयान से वसुंधरा राजे के प्रति नकारात्मकता पैदा हुई है। 2018 में विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान कांग्रेस के नेता सत्ता में आने पर वसुंधरा राजे सरकार द्वारा किए गए हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार की जांच करवाने की बातें कहते थे। मगर सरकार बनने के बाद वसुंधरा राजे के खिलाफ किसी भी तरह की कोई जांच नहीं की गई। इससे लोगों को विश्वास हो गया कि अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे आपस में मिले हुए हैं। राजस्थान विधानसभा के चुनाव में कुछ महीनों का ही समय रह गया है। ऐसे में मौके की नजाकतता को भांपकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी चाल चल दी है। गहलोत को पता है कि वसुंधरा राजे के नेतृत्व में चुनाव लड़ने पर भाजपा का पलड़ा भारी रह सकता है। इसीलिए उन्होंने बड़े सलीके से वसुंधरा राजे को ठिकाने लगा दिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत फिर से राज बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। उनका पूरा प्रयास है कि इस बार प्रदेश में हर पांच साल बाद सत्ता बदलने के रिवाज को बदला जाए। इसीलिए वह अपनी सधी हुई चालें चल रहे हैं।

## नागरिक बोध

# ये काम करने वाले...

**वे** कुछ काम करते, लेकिन घुटनों में दर्द है। वे काम करते, लेकिन ठण्ड ज्यादा पड़ रही है- ठण्ड के कारण कहीं जाना-आना नहीं हो पाता। वे कमाते-खाते लेकिन गर्मी की धूप इतनी प्रचण्ड है कि निकलना ही नहीं हो पाता और इस बरसात ने तो कहीं का नहीं छोड़ा। दम ही नहीं ले रही। इस समय हमारे काम सीजन इसलिए इस ऑफ सीजन में क्या काम करें? वे दिल्ली जाकर व्यवसाय का सामान लेकर आते, लेकिन वैवाहिक सावों के कारण रेलों-बसों भीड़ जा रही है। हाथ-पांव टूट जायें तो घर के रहेंगे न घाट के। ये वे जुमले हैं जो नाकारा और फालतू बैठे लोगों ने कामचोरी के बहाने ढूंढ लिये हैं। डिसूजा को तो आप भी जानते होंगे, जो अपनी दुकान में बैठा मक्खी मारता रहता है, परन्तु व्यवसाय के लिए कोई सक्रिय पहल नहीं कर पाता। बात करो तो यही रोना कि ग्राहक ही पता नहीं कहां मर गये, मेरी दुकान पर तो आते ही नहीं। अरे डिसूजा दुकान में कुछ होगा, तब आयेगा न ग्राहक तो। खाली दुकान में आकर तुम्हारी तरह मक्खी थोड़े ही मारनी है। पत्नी स्कूल टीचर है, बस उसी से चल रहा है घर का खर्च। वरना डिसूजा के भरोसे तो आमरण अनशन पर बैठ जाओ। मैंने कई बार कहा भी डिसूजा इस काया को थोड़ा कष्ट दे, वरना काम कैसे चलेगा। थर्ड ग्रेड टीचर पत्नी के भरोसे कैसे होंगे आगे के कामकाज, परन्तु उसके कानों पर जूं भी नहीं रेंगती। इस कान से सुनकर उस कान से निकाल देता है। अब तो मैंने भी कहना छोड़ दिया है क्योंकि उस पर कोई असर नहीं होता। भूल से कोई ग्राहक आ भी जाये तो उससे इतने रूखेपन से पेश आता है कि ग्राहक दोबारा न आने की कसम खा लेता है। इधर डिसूजा को मक्खी मारना बेहद पसंद है। अब आपको भयानक जी से मिलवाता हूं। जैसा नाम वैसा ही गुण। वे डिजायनर हैं। ग्राहक आयेगा तो घनी मूंछों से वाक्य भी भयानक निकलते हैं। उनकी पत्नी किसी प्राइवेट कम्पनी में कम्प्यूटर ऑपरेटर है। डिजायन बनाने वाला समझायेगा तो वे आंख बन्द कर लेंगे। ग्राहक जब पूछेगा कि वे इसका आशय समझा क्या, तो वे आंख निकालकर कहेंगे कि यह आयडिया उनकी समझ में नहीं आया। इसलिए वे नहीं कर सकते यह काम। जबकि वे पूरे हुनरमंद हैं तथा प्रोफेशनल डिजायनर हैं, लेकिन काम करने के आलस्य ने उनका जीवन चौपट कर रखा है। मेरी तो समझ में ही नहीं आता कि वे किराया दुकान का कैसे पे करते होंगे। आये हुये काम को धकेल देना उनकी फितरत है। मुझे मिलेंगे तो कहेंगे आज का क्लाइंट बहुत चतुर हो गया है। कला की वैल्यू तो समझता नहीं और कौडियों में काम करना चाहता है। मधुसूदन जी से भी मिल ही लीजिये। फोटोग्राफी की दुकान करते हैं। पुराने होने से व्यावसायिक सफलता का इतना अहंकार है कि अपने मुकाबले में शहर में दूसरे किसी को फोटोग्राफर नहीं मानते। दुकान पर आने वाले की फोटो उतारने की एवज उसकी इज्जत उतारने में लग जाते हैं। आपसे फोटो खिंचवाना ही नहीं आता। मैं कहता हूं वह करिये। उपदेश देने और अपना सुनहरा काल गिनाने में दो घण्टे बिता देंगे। ग्राहक लौटकर ही नहीं आता।

## देश दुनीया से

# राज्याभिषेक से उठते सवाल!

**अंग्रेज** वर्षों से भारत को येन-केन प्रकारेण उपहास का पात्र बनाते रहते हैं। वे अक्सर हिंदू धार्मिक प्रथाओं-परम्पराओं, सामाजिक रीति-रिवाजों और अनुष्ठानों को लक्षित करते हुए टीका-टिप्पणी करते रहते हैं। वे उदारवाद, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के प्रति भारतीयों की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाते हुए भारत को शासन-प्रशासन के बारे में गाज-बगाहे सलाह भी देते हैं। हालांकि, वे शायद ही कभी अपने स्वयं के समाज की निष्पक्ष और निर्मम समीक्षा करते हैं। हाल ही में 6 मई 2023 को सम्पन्न चार्ल्स तृतीय का राज्याभिषेक समारोह एक ऐसा ही प्रसंग है। इस समारोह में एक 74 वर्षीय व्यक्ति को औपचारिक रूप से राजा की पदवी प्रदान की गयी। यह पद उसे वंशानुगत प्राप्त हुआ है। माँ से बेटे को हस्तांतरित यह पद ज्येष्ठाधिकार की सामंती परंपरा द्वारा वैधता और वर्चस्व प्राप्त करता है। यह मध्यकालीन परम्परा एक परिवार विशेष को यूनाइटेड किंगडम और अन्य राष्ट्रमंडल देशों का राज्य प्रमुख होने का वंशानुगत अधिकार प्रदान करती है। लोकतांत्रिक समाज में ऐसी मध्यकालीन व्यवस्था को वैधता प्रदान करना और उसका धूम-धड़ाके से प्रदर्शन करना हास्यास्पद और चिंतनीय है। उल्लेखनीय है कि नेपाल जैसे छोटे और अपेक्षाकृत छोटे और नवजात लोकतंत्र ने भी ऐसी सामंती व्यवस्था को विदाई दी है। यह राज्याभिषेक समारोह सम्राट के शासन के दैवीय अधिकार को पुष्ट करता है, जोकि आधुनिक उदार लोकतंत्र के सिद्धांतों के प्रतिकूल है। एक उदार लोकतंत्र के भीतर एक वंशानुगत संवैधानिक राजतंत्र की उपस्थिति और महिमामंडन उसमें अंतर्निहित विरोधाभास का प्रकटन है। यह सामंती समारोह अपने आप में एक अनपेक्षित, अनावश्यक और अप्रासंगिक कार्यक्रम था। यह ईसाई पंथ के प्रतीकों और परम्पराओं से भी परिपूर्ण था। समारोह के दौरान, सिंहासनारूढ़ राजा ने इंग्लैंड के चर्च और उसके कानून को बनाए रखने की शपथ ली। पवित्र तेल से पादरी द्वारा राजा का अभिषेक किया गया। "क्राउन ऑफ सेंट एडवर्ड" के रूप में जाना जाने वाला मुकुट कैंटरबरी के आर्कबिशप और इंग्लैंड के चर्च के धर्मगुरु जस्टिन वेल्बी द्वारा राजा को पहनाया गया। इस समारोह में तमाम पूर्व-शासित राज्यों को आमंत्रित किया गया था। उन राज्यों के प्रतिनिधियों ने "मैं कसम खाता हूँ कि मैं आपकी महिमा के प्रति, और आपके उत्तराधिकारियों और उपाधिकारियों के प्रति सच्ची निष्ठा अदा करूंगा। हे भगवान, मेरी मदद करें।" घोषणा करके मध्यकालीन शैली में राजा और राजतन्त्र में अपनी आस्था और निष्ठा व्यक्त की। यह प्रथा आज के समय में अत्यंत बेतुकी है। इस अवसर पर अन्य धर्मों और राज्यों के प्रतिनिधियों से उपहार प्राप्त करना औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। यह ईसाई धर्म के वर्चस्व और अन्य सभी धर्मों की दोयमता को भी प्रकट करता है। यह राज्याभिषेक ईसाई धर्म के अनुष्ठानों और राजा या राज्य-प्रमुख के अपने ईसाई विश्वासों का प्रकटन करता है। जिस देश की अघोषित राष्ट्रीय विचारधारा धर्मनिरपेक्ष उदारवाद है, उस देश में पंथ विशेष को सार्वजनिक जीवन और राजकीय कार्यक्रमों में प्रदर्शित करना विरोधाभापूर्ण है। मत-पंथ और राज्य संवेदनशील विषय हैं जिन्हें सावधानीपूर्वक अलग रखने की आवश्यकता होती है। मत-पंथ और राज्य को मिलाना आपत्तिजनक है और सामाजिक विभाजन, अलगाव और असहिष्णुता को जन्म दे सकता है। यह वास्तव में हैरान करने वाला है कि रिकॉर्ड स्तर पर बेरोजगारी और जीवनयापन के गंभीर संकट से त्रस्त देश में करदाताओं ने दुनिया के सबसे धनी व्यक्तियों में से एक के राज्याभिषेक को वित्त पोषित किया। इस कार्यक्रम के व्यय का अनुमान $100 मिलियन से अधिक है। एक अनिर्वाचित, वंशानुगत राज्य प्रमुख पर इतना सार्वजनिक धन खर्च किया जा रहा है, यह अनैतिक और अकल्पनीय है। निःसंदेह, ब्रिटेन को अपने मध्यकालीन अतीत की धूमधाम के बजाय वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं और चुनौतियों का संज्ञान लेकर उनके समाधान की दिशा में सक्रिय होना चाहिए। तथाकथित शाही परिवार की लोकप्रियता हर बीतते दिन के साथ कम होती जा रही है।

> लोकतांत्रिक समाज में ऐसी मध्यकालीन व्यवस्था को वैधता प्रदान करना और उसका धूम-धड़ाके से प्रदर्शन करना हास्यास्पद और चिंतनीय है। उल्लेखनीय है कि नेपाल जैसे छोटे और अपेक्षाकृत छोटे और नवजात लोकतंत्र ने भी ऐसी सामंती व्यवस्था को विदाई दी है। यह राज्याभिषेक समारोह सम्राट के शासन के दैवीय अधिकार को पुष्ट करता है, जोकि आधुनिक उदार लोकतंत्र के सिद्धांतों के प्रतिकूल है। एक उदार लोकतंत्र के भीतर एक वंशानुगत संवैधानिक राजतंत्र की उपस्थिति और महिमामंडन उसमें अंतर्निहित विरोधाभास का प्रकटन है।

# अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** एसपी राकेश रंजन के गुप्त सूचना के आधार पर प्रतापपुर थाना के गजवा गांव से एक युवक को अवैध कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक हथियार के साथ बाइक से घूम रहा है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया और तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिस्टल बरामद किया गया। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुनि लव कुमार प्रतापपुर थाना के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने प्रेस कान्फ्रेस कर बताया कि टीम के द्वारा गजवा चातर नर्सरी के पास वाहन चेकिंग लगाया गया ।जहां से एक व्यक्ति तालिब खान पिता जुबैर खान, सा- गजवा थाना प्रतापपुर जिला चतरा को अवैध देशी कट्टा एवं गोली तथा एक चोरी का मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि चार मई को हुए लूट कांड एवं अन्य घटना मे अपनी संलिप्ता स्वीकार किया है। इस संदर्भ मे कांड दर्ज कर लिया गया है। अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। जप्त सामानों में एक गलैमर मोटरसाईकिल जेएच 01 डी -4959, एक 315 बोर का देशी कट्टा, एक 315 बोर का जिन्दा कारतुस, एक 315 बोर का खोखा,एक स्पार्क कंपनी का स्क्रीन टच मोबाईल एवं अभियुक्त का आधार एंव पैन कार्ड का छायाप्रति शामिल है। छापामारी दल में पुनि सह प्रतापपुर के थाना प्रभारी लव कुमार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# बालूमाथ की बेटी ने मैट्रिक की परीक्षा में किया जिला टॉप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी मैट्रिक के रिजल्ट में बालूमाथ के चेटर,शेरेगड़ा गांव की रहने वाली छात्रा उषा रानी ने लातेहार जिला टॉपर होने का गौरव हासिल किया है। उषा रानी बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा है जिसने मैट्रिक की परीक्षा में 477 अंक 95.4त्न अंक प्राप्त किया है। वही अपनी सफलता पर का श्रेय उषा रानी ने अपने गुरुजनों और माता पिता को दिया। उषा रानी के पिता जयनाथ रवि पेशे से पारा शिक्षक हैं। वही सफलता के बाद शिक्षक निर्मल सिन्हा ने छात्रा के घर जाकर उसे मिठाई खिलाकर सफलता की बधाई दी। साथ ही कहा कि बालूमाथ जैसे सुदूरवर्ती गांव से निकल कर उषा ने सफलता हासिल किया है। उन्होंने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## पत्रकारों के हितार्थ लातेहार उपायुक्त को सौंपा गया ज्ञापन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार लातेहार इकाई के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम एक ज्ञापन लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव को सौंपा है। इस बाबत लातेहार जिला अध्यक्ष रोशन कुमार गुप्ता ने बताया कि धनबाद में घायल पत्रकार प्रवीर महतो के बेहतर इलाज की मांग, पत्रकार सम्मान सुरक्षा योजना की मांग, डीपीआरओ के माध्यम से फर्जी पत्रकारों तथा चैनल की जांच, पत्रकार आयोग का गठन, एक्रीडेशन की सुविधा पत्रकार सुरक्षा कानून समेत पत्रकारों के हितार्थ अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम लातेहार उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में पत्रकारिता करना काफी जोखिम भरा कार्य है। ऐसे में अगर प्रशासन मदद नहीं करें तो पत्रकार की सुरक्षा कौन करेगा। आए दिन सच्चाई सामने लाने पर पत्रकारों को डराया धमकाया जाता है ऐसे में पत्रकारों के हितार्थ सरकार को चिंतन करना चाहिए। इधर ज्ञापन सौंपने के दरमियान पत्रकार दीपक मिश्रा, अमित पांडे, रामकुमार, संजय प्रजापति, वीरेंद्र प्रसाद, पंकज गुप्ता, नितेश, विक्रम, समेत अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## 29 मई से शुरू होगा 'मन का मिलन' पखवाड़ा



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार के निर्देश पर आगामी 29 मई से 14 जून तक 'मन का मिलन' पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय ने दी। उन्होंने बताया कि मन का मिलन पखवाड़ा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता है। इस पखवाड़ा के तहत पक्षकारों के बीच सुलह व समझौता कराया जायेगा। मध्यस्थकर्ता के साथ इस दौरान पुलिस के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। मध्यस्थता के प्रति आम लोगों को इस कार्यक्रम के तहत जागरूक किया जायेगा।

# ट्रक ऑनर एसोसिएशन की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ स्तिथ होटल प्रतिक्षा में मंगलवार को ट्रक ऑनर एसोसिएशन एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा के अध्यक्षता में रखी गई ।बैठक में बोलते हुए अध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा ने कहा की तेतरियाखांड कोलियरी में 60 प्रतिशत बसिया पंचायत के स्थानीय ट्रक और 40 प्रतिशत बाहरी ट्रकों का प्रवेश करने का प्रस्ताव पारित है ।लेकिन को बाहरी ट्रकों को महज 25 प्रतिशत ही प्रवेश मिल रहा है। वही कभी-कभी तो उससे भी कम ट्रकों का प्रवेश कराया जाता है। उन्होंने कहा अगर नगड़ा, बेलवाडीह, पिंडारकोम, तेतरियाखांड के लोग विस्थपित है ।तो बालूमाथ के लोग भी प्रभावित है। बसिया पंचायत के लोगों को प्रभावित की परिभाषा को परिभषित करना होगा। बालूमाथ के ट्रक मालिको की हिस्सेदारी तय करनी पड़ेगी। हम अपना हक लेकर रहेंगे। फिलहाल दो दिन तक बालूमाथ ऐशो0अपना लिस्ट नही जारी करेगा। इस दौरान हिस्सेदारी को लेकर प्रशासन के साथ बैठक की जाएगी। और सारा वस्तुस्थिति से अवगत कराया जायेगा ।इसके बावजूद अगर निष्कर्ष नहीं निकलता है तो ट्रक ओनर एसोसिएशन कड़ा कदम उठाते हुए सड़क जाम करने को बाध्य हो जाएगी। वही जानकारी देते हुए अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने बताया कि बालूमाथ ट्रक ओनर एसोसिएशन के नियमो के विरुद्ध एवं संगठन विरोधी कार्य करने पर बालूमाथ निवासी राजू पासवान को ट्रक ओनर एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से उनकी सदस्यता रद्द कर दी है और उनके ट्रकों को सूची से हटा दिया गया है ।वहीं उन्होंने बताया की बालूमाथ ट्रक ओनर एसोसिएशन 23/10/2023 अपना वार्षिकोत्सव मनाएगा। मौके पर अरविंद यादव, जावेद अख्तर, मो0जुबेर, हाजी शब्बीर, कमलेश सिंह, नामेश्वर गुप्ता, सुनील पांडे, पंकज केसरी, अजीत कुमार, दीपू गुप्त, मो0 शमद, राजेश यादव, राजू सिंह, रामनंदन सिंह, प्रिंस कुमार, पंकज सिन्हा, संजय रवि सहित कई ट्रक मालिक उपस्थित थे।

# गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी गुरु पर्व को लेकर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा डुमरी कलां में सुखमणि साहेब के पाठ हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सिखों के पांचवें गुरु, गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी गुरु पर्व को लेकर गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा डुमरी कलां में सुखमणि साहेब का पाठ किया गया। इस मौके पर कीर्तन तथा अरदास के उपरांत प्रसाद व ठंडे शरबत का वितरण सिख समाज के द्वारा किया गया द्य इस अवसर पर मुखिया साधना सिंह, समाजसेवी समरेश कुमार सिंह उर्फ पिन्टू सिंह सहित अन्य लोग शामिल हुए।समाज सेवी पिन्टू सिंह ने इस अवसर पर पांचवे गुरु अर्जुन देव जी महाराज पर प्रकाश डाले ।गुरु अर्जुन देव जी महाराज को 1606 में मुगल बादशाह जहांगीर ने लाहौर में शहीद किया था उस वक्त इनके शरीर में झाले पर गए थे, तब मियाँ मीर ने उनसे पूछा कि आपके शरीर में झाले पर गए हैं और आप इतने शांत हैं ऐसा क्यों तब अर्जुन देव ने कहा कि जितनी जिस्म पर पड़ेंगे छाले उतने सिख होंगे सिदक वाले। इसका मतलब है कि मेरे शरीर में जितने भी छाले पड़ेंगे उतने हजारों करोड़ों सदके वाले सिखों का जन्म होगा। शहीदी दिवस का दिन लोगों के लिए प्रेरणादायक है। लोगों को इतिहास पढ़ना चाहिए. यह वह समय था जब गुरु जी को गर्म तवे पर बैठा कर उन पर गर्म रेत डाली जा रही थी और वह एकदम शांत थे।

## पिता ने शक में ले ली अपनी ही मासूम बच्ची की जान

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महुआटोली में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जहां एक पिता ने अपने ही नवजात 10 महीने की बच्ची की हत्या इसलिए कर दी क्योंकि उसका सोचना था कि यह बच्ची उसकी नहीं है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महुआडांड़ थाना क्षेत्र के महुआटोली निवासी दिलीप कुजुर पिछले 8 सालों से अपने ही गांव की निवासी कुंती मुंडा के साथ रह रहा था। इन दोनों के दो बच्चे भी थे। लेकिन दूसरी पुत्री होने के बाद से ही दिलीप कुजुर के मन में बच्ची को लेकर शंका थी कि वह उसकी पुत्री नहीं है। इसे लेकर घर में हमेशा विवाद होता था। 22 मई 2023 दिन सोमवार को रात्रि में इसी बात पर दिलीप कुजूर ने अपनी ही 10 माह की नवजात मासूम बच्ची रितिका कुजुर की जमीन पर पटक कर हत्या कर दी। जिसके बाद बच्ची के माता कुंती मुंडा के घरवाले भी मौके पर पहुंचे और विवाद बढ़ने लगा। जिसे देखते हुए गांव के लोगों ने इसकी सूचना महुआडांड़ थाना को दिया। घटना की जानकारी मिलते ही रात्रि में ही पू अनि संजय रतन और पू अनि जफर अंसारी घटनास्थल पर पहुंचे। जहां वे आरोपी को पकड़कर अपने साथ थाना ले आए। वहीं महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया है। वही बच्ची के शव को पोस्टमार्टम हेतु लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

# जनसेवकों की हड़ताल का जिप सदस्यों ने किया समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के जनसेवक अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर 9 मई से हड़ताल पर हैं।हड़ताल पर बैठे जनसेवकों ने कहा कि जब तक सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करेगी तबतक यह आंदोलन जारी रहेगा।वहीं मंगलवार को बरवाडीह के जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, लातेहार के जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव व सरयू के जिला परिषद सदस्य बुधेश्वर उरांव धरना स्थल पंहुच कर जनसेवकों के हड़ताल का समर्थन किया।उन्होंने कहा कि जनसेवकों से सभी तरह के काम लेने के बावजूद इसके उनके हितों की अनदेखी की जा रही है। जिला परिषद सदस्यों ने जनसेवकों की मांगों को जायज ठहराते हुए उसे पूरा करने की मांग सरकार से की। धरना में प्रकाश कुमार, सुजाता कुमारी, रीना कुमारी, स्नेह लता टोप्पो, अनिता कुमारी, संकेत सत्यम, संजय मिंज, प्रभात भगत, साकेत कुमार, देवलाल राम, अरविंद रोशन गृद्धा, चंदन कुमार, राहुल रंजन, रामसागर राम, संतोष उरांव, अरविंद रवि, समीन सुमन, अंकित एक्का, नारायण भोक्ता, सूरज कुमार, राकेश रौशन कुजूर, समीर सुमन, सर्वेश सिंह, सत्येंद्र उरांव, अर्पण तिग्गा, उमेश कुजूर, विल्सन लकड़ा, श्याम सागर पांडेय, राजेश कुमार व सूर्य प्रकाश समेत कई जनसेवक मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय आई टीम ने मनरेगा योजनाओं का किया जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत दुआरी पंचायत में राज्य स्तरीय आई टीम ने मनरेगा योजनाओं से संबंधित कई योजनाओं का जांच मंगलवार किया। योजना में आम बागवानी, डोभा, दीदी बाड़ी,अमृत सरोवर व अन्य योजना शामिल है। जांच करने आए राज्य स्तर से राजीव कुमार रंजन राज्य समन्वयक दीपक कुमार ने योजनाओं को और बेहतरीन तरीके से काम करने की बात लाभुकों से कहे। साथ ही साथ मनरेगा के तहत मिलने वाला लाभ प्रखंड अधिकारियों के द्वारा हर संभव मदद करने की बात कही। उपस्थित प्रखंड के मनरेगा कर्मी बीपीओ अजय कुमार सिन्हा द्वारी पंचायत मुखिया जगदीश यादव कनीय अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार प्रखंड के सभी रोजगार सेवक प्रदीप कुमार निर्मल दांगी शालिनी भारती सत्येंद्र कुमार वर्मा पार्वती देवी बागवानी सखी एवं लाभ रूपा देवी मोहन सर जितेंद्र गुप्ता अखिलेश गुप्ता पेमन यादव कलावती देवी पूनम देवी का योजना जांच किया गया।

# अंचल कोर्ट का हुआ आयोजन अनेकों मामला लंबित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर के अंतर्गत अंचल ऑफिस में मंगलवार को अंचल कोर्ट का आयोजन अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक के द्वारा किया गया। जहां सभी पुराने मामले लंबीत चल रहा है। बता दें कि सभी पुराने मामले हैं। छोटन गंझू बनाम शुकर ठाकुर बारीयातु गांव का मामला चल रहा है। नागेश्वर रजक एवं भेखलाल महतो मारंगी गांव निवासी, अनिल बान्डो बनाम फोदारी सिंह व अन्य लोग बांय गांव, तथा राम रोहन बैठा वनाम जितेंद्र नाथ दांगी व अन्य लोग मारंगी का मामला जयराम यादव बनाम टेकोमा इंदिरा गांव गंगा भुइयां बनाम शैलेश यादव कुरकुरा गांव निवासी को अस्थल जांच करने की बात कही गई है एवं मामला लमबीत बताया गया है।

## अधिक्रमित जमीन पर बने मकान पर चला प्रशासन का जेसीबी निर्मित मकान फर्स्ट



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही में अतिक्रमणकारी के नाम नोटिस जारी के बाबजूद पालन नही करने पर अंचकाधिकारी की मौजूदगी में हुआ कारवाई निर्मित भवन को किया गया ध्वस्त। सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही मौजा स्थित नवनिर्मित महिला कॉलेज के समीप सरकारी जमीन का अधिग्रहण सनियारो उराँव पति स्वर्गीय कैला उराँव एवं उसकी पुत्री इन्द्रानी कुमारी के द्वारा किया गया। जिसको लेकर अंचलाधिकारी सेन्हा द्वारा 36 डिसमिल सरकारी जमीन की पुष्टि किया गया था। जिसमें से 6 डिसमिल जमीन को सनियारो उराँव एवं उसकी पुत्री इन्द्रानी कुमारी द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर मकान बना लिया गया था। वही अतिक्रमण के लिये जारी नोटिस का अवहेलना किया जा रहा था। जिसके आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया इसी निमित अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में स0आ0नि0 जमशेद खान तथा शस्त्र बल के सहयोग से मंगलवार को निर्मित भवन पर जेसीबी मशीन चलाया गया। बताया जाता है कि प्रशासन मानवता का परिचय दिखाते हुए अतिक्रमणकारी के समाप्ति को पूर्ण रूप से क्षति होने से बचाया गया है। पुलिस जवान एवं अंचल कर्मियों के मदद से एल्वेस्टर तथा घर के अंदर रखा सामग्री को सुरक्षित करते हुए जेसीबी मशीन चलाया गया। वहीं अंचलाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि सनियारो उराँव का जमीन लगभग एक एकड़ है। जिसके बगल में 36 डिसमिल सरकारी जमीन था। जिसपर सनियारो उराँव अवैध रूप से कब्जा कर मकान निर्माण कर रह रही थी। इसकी सूचना प्राप्त होते ही नियम संगत कारवाई करते हुए जमीन अधिग्रहनकारी का कई बार नोटिस जारी किया गया। परंतु वह जमीन को खाली नही किया और प्रशासन द्वारा जारी नोटिस का अवहेलना के पश्चात कानूनी कारवाई किया गया।

# हंटरगंज के मनोज कुमार सिंह के होनहार पुत्र अभिनव प्रकाश ने किया कृतिमान स्थापित

- दुसरे प्रयास में ही 279 वा रैंक से सिविल सेवा परीक्षा किए उत्तीर्ण
- दृढ़संकल्प और इमानदारी से की गई तैयारी से ही सफलता संभव है : अभिनव प्रकाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड के ग्राम गोदोबर निवासी मनोज कुमार सिंह के होनहार पुत्र अभिनव प्रकाश ने दुसरे प्रयास में ही संघ लोक सेवा आयोग की कठिन परीक्षा पास कर इस क्षेत्र के लिए कृतिमान स्थापित किया है। उनके इस सफलता पर दादा सुरेंद्र प्रसाद सिंह, बिहारी सिंह, रामदेव सिंह, मां शालता देवी और पुरा परिवार हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर की असीम कृपा और बच्चे की कठिन परिश्रम का परिणाम है कि महज 22 वर्ष की आयु में देश की सबसे उच्च और कठिन परीक्षा पास किया है। हंटरगंज के इतिहास में पहला व्यक्ति है जो सिविल सेवा की परीक्षा पास किया है। अभिनव प्रकाश 2015 में गौतम बुद्ध की धरती से ज्ञान भारती रेसीडेंशियल कॉम्प्लेक्स से सीबीएससी बोर्ड से परीक्षा उत्तीर्ण कर,आईएससी 2017 में श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल बोकारो से परीक्षा उत्तीर्ण कर जेईई मेंस कौलीफाई करने के बाद इंजियरिंग का रास्ता त्याग कर आर्ट्स स्ट्रीम से सत्यावती कॉलेज ऑफ़ इवनिंग देहली यूनिवर्सिटी से हिस्ट्री और पॉलिटिकल साइंस से 2020 में ग्रैजुएशन की डिग्री हासिल किया। जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी देहली से 2022 में एमए पास कर नेट भी कौलीफाई कर लिया। जेआरएफ कर रहे थे और इधर यूपीएससी की सिविल सेवा की कठिन परीक्षा 279 रैंक से उतीर्ण हुए। अभिनव प्रकाश ने कहा कि इस आधुनिक युग में शिक्षा के बगैर कोई भी चीज संभव नहीं है एजुकेशन से ही समाज और देश का काया कलप संभव है। उन्होंने ने कहा कि किसन का बेटा हु गरीबों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।उन्होंने यह भी कहा की संवैधानिक दायरे में रह कर कार्य करूंगा।आज बेटियों को बढ़ाने और पढ़ाने की जरूरत पर बल दिया।उन्होंने ने कहा कि जहां माता पिता और पुरे घराने का सपोर्ट मिलता रहा वहीं ईमानदारी और लगन से कभी मुंह नही मोड़ना चाहिए।एकाग्रता और कठिन परिश्रम से सफलता मिलता है।समय समय पर स्वंय का आकलन करना चाहिए की तैयारी किस स्तर की हो पाई है। मेरा कैडर कहां मिलता है यह कहना मुश्किल है लेकिन मेरी प्राथमिकता में झारखंड है।यहां विकास के लिए अटूट प्राकृतिक संपदा हैं जिस से क्षेत्र का विकास और जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित किया जा सकता है। अभी भी सरकार की बहुत सारी योजनाएं चल रही है। इस राज्य में बहुत कुछ करने की संभावनाएं हैं।क्रॉप्शन पर उन्होंने कहा की ईमानदारी सबसे बड़ी दौलत है।इस से समझौता नहीं करना चाहिए।

# जीआरबी ने किया कैंप का आयोजन दी कई जानकारियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत में संचालित विद्यालय परिसर में मंगलवार को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के तत्वाधान में कैंप का आयोजन किया गया। जहां बैंक प्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि केसीसी रेनुवल तथा 18 ग्राहकों का खाता खुलवाया गया। DISA JRG ऐप के माध्यम से घर बैठे खाता खुलवाने की बात भी बताई गई।मौके पर उपस्थित उप मुखिया विकास कुमार पांडेय मुखिया पति दिनेश भारती आशा देवी गीता देवी कंचन देवी सुमन देवी नीलम देवी पूजा देवी महिलाएं एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## कैरो सरस्वती विद्या मन्दिर मैट्रिक परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो सरस्वती विद्या मन्दिर के मैट्रिक परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत। उक्त विद्यालय से कूल 38 छात्र-छात्रा ने दिया था मैट्रिक की परीक्षा जिसमे सबसे टापर समीक्षा कुमारी ने 87त्न प्रतिशत अंक प्राप्त किया वही दुसरे स्थान पर वरुण कुमार 85 प्रतिशत अंक लाकर दोनो छात्र आईपीएस बनने का लक्ष्य रखा हैं,वही तीसरे स्थान पर आकांक्षा 84.6 प्रतिशत अंक लाकर सीए बनने की सपना संजोये हूई है। कूल 38 विद्यार्थी मे 80 प्रतिशत से उपर 11 छात्रा हुए उत्तीर्ण वही 70-80 प्रतिशत मे 7 छात्र तथा 60-70प्रतिशत मे शेष सभी छात्र विद्यालय के प्रथम श्रेणी से रहे उत्तीर्ण। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार, आचार्य देवा उराँव, गणेश कुमार, प्रभा देवी, पुजा कुमारी एवं समस्त विद्यालय शिक्षकेत्तर परिवार ने सभी उत्तीर्ण छात्रो को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अनंत शुभकामनाएं दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### त्रिपक्षीय बैठक में अवैध खनन, अतिक्रमण व कब्जा को लेकर हुआ मंथन



**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल अरगड्डा जीएम ऑफिस के आशियाना क्लब के सभागार में बीते सोमवार देर संध्या त्रिपक्षीय बैठक आयोजित हुई। इसमें मुख्य रूप से कोल इंडिया के सुरक्षा सलाहकार आलोक कुमार पटेरिया, पुलिस रामगढ़ एसपी पियूष पांडेय अरगड्डा क्षेत्र महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडेय उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत जीएम अरगड्डा सुधांशु कुमार पांडे ने शांल ओढ़ा व गुलदस्ता, श्रीफल देकर किया। बैठक में अरगड्डा क्षेत्र के सुरक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों कोलियरी खनन, प्रतिष्ठानो से जुड़े क्षेत्रों में चोरी, अवैध खनन, अतिक्रमण, आवासों के कब्जा को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। इस पर सबों ने सकारात्मक पहल करने की बातें कहीं। अवसर पर कोल इंडिया सुरक्षा सलाहकार आलोक कुमार पटेरिया ने कहां कि अरगड्डा क्षेत्र में हम सभी केन्द्र सरकार के सीसीएल कंपनी इलाके में रहते हैं, यहां के संपति, संसाधनों, प्रतिष्ठानों की रक्षा करना सभी लोगो का दायित्व हैं, इसकी सुरक्षा हर हांल में होनी चाहिए। वहीं पुलिस रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय ने कहां कि सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र में किसी तरह का अवैध कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आपराधिक मामलों पर एफआईआर कर जांच उपरांत सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी अरगड्डा क्षेत्र के अधिकारियों ने सुरक्षा संबंधी निर्देशों का अमल करने पर जोर दिया। मौके पर सीसीएल हेड क्वार्टर रांची जीएम सिक्योरिटी के. राम कृष्णा, मेजर (सीआईएल) एपी सिंह, कैप्टन विक्रम कुमार, ईएंडटी डिपार्टमेंट सीसीएल दिग्विजय सिंह, पीओ गिद्दी ए आरके सिन्हा, पीओ गिददी सी जितेंद्र कुमार, पीओ गिददी वाशरी अनूप डुंग डुंग, प्रभारी पीओ सिरका कामेश्वर महतो, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी एसएन तिवारी आदि उपस्थित थे।

### श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज का शहीदी दिवस मनाया गया



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुद्वारा साहिब में सिखों के पांचवें गुरु शहीदों के सरताज शांति के पूंज साहिब श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज का शहीदी दिवस मनाया गया। इस मौके पर पूर्व में रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब जी का समापन सुबह साढ़े सात बजे किया गया। उसके बाद साढ़े दस बजे से विशेष दीवान सजाया गया। इस दीवान में प्रसिद्ध रागी भाई साहब भाई अरविंदर सिंह जी पटना साहिब के हजूरी रागी ने संगत को निहाल किया। दोपहर के विशेष दीवान में टाटानगर वाले भाई मनप्रीत सिंह जी भाई सरबजीत सिंह जी हजूरी रागी द्वारा गुरुद्वारा साहिब में गुरुद्वारा साहिब में साहिब में शब्द गायन कर संगत को निहाल किया। स्त्री सत्संग द्वारा जीते गए प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद आनंद साहब का पाठ अरदास के बाद दीवान का समापन सवा दो बजे दिन को किया गया। सारी संगत के लिए लंगर की व्यवस्था की गई थी और कच्चे ठंडी लस्सी का इंतजाम किया गया था जो सभी आने जाने वाले राहगीरों के लिए भी उपलब्ध था। मौके पर विशेष तौर से मौके पर रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी सचिव हरदीप सिंह होरा मीडिया इंचार्ज कर्मजीत सिंह जग्गी कुजू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान रामदयाल सिंह चोपड़ा गुरु नानक स्कूल के डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा, पप्पू जस्सल रविंद्र सिंह छाबड़ा,जोगिंदर सिंह जग्गी टीटू छाबड़ा रघुवीर सिंह छाबड़ा, इंद्रपाल सिंह सैनी तेजिंदर सिंह सोनी, हरमीत सिंह कालरा अमरजीत सिंह जगजीत सिंह गुरजीत सिंह सलूजा बलविंदर सिंह पवार जसवंत सिंह शेरगिल डॉक्टर मनवीर कौर पम्मी गांधी, पिंकी गांधी सुरेदेर चमन परमजीत कौर पिंकी सलूजा महिंद्र कौर जसप्रीत कौर जोली नीलम अरोड़ा रंजू अरोड़ा जसमीत कौर सोनी करमजीत कौर जगी सुखमीत कौर जसविंदर कौर आदि।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत हुआ कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को समाहरणालय रामगढ़ स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान सोशियो इकोनामिक एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी(सीड्स) के कार्यक्रम समन्वयक कैलाश चंद्र साहु के द्वारा पी0पी0टी0 के माध्यम से तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू उत्पादों की बिक्री हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि दिशा निर्देशों के अनुसार कोई भी दुकान जिसमें तंबाकू उत्पादों की बिक्री होती है वहां किसी भी अन्य उत्पाद जैसे बिस्किट, टॉफ़ी, चिप्स, कोल्ड ड्रिंक आदि की बिक्री नहीं की जानी है जो भी दुकानदार इस नियम की अवमानना करते हैं उनके विरुद्ध एक्ट के प्रावधानों के अनुसार चालान एवं अन्य कानूनी कार्रवाई की जानी है। इसके साथ ही तंबाकू उत्पादों की बिक्री हेतु दुकानदारों को दिए जाने वाले लाइसेंस की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के अगर कोई भी दुकानदार तंबाकू उत्पादों की बिक्री करता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने तम्बाकू नियंत्रण हेतु जिला एवं प्रखंड स्तरीय समन्वय को जमीनी स्तर पर तम्बाकू उत्पादों पर नियंत्रण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जागरूकता कार्यक्रम के द्वारा लोगों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव से अवगत करने एवं तम्बाकू का सेवन नही करने के प्रति लोगो जागरूक करने का निर्देश दिया। वही उपायुक्त ने सभी सरकारी कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू मुक्त से संबंधित साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्हीने जिला शिक्षा अधीक्षक को सभी विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हुए मुख्य रूप से बच्चों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। कार्यशाला के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने तम्बाकू उत्पादों का सेवन नही करने एवं तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति सभी को जागरूक करने की सपथ ली। कार्यशाला के दौरान उपरोक्त के अलावा सिविल सर्जन डॉ0 प्रभात कुमार, नोडल पदाधिकारी टोबैको कंट्रोल रामगढ़ डॉक्टर सविता कुमारी वर्मा, डीपीएम देवेंद्र भूषण श्रीवास्तव, जिला फिजियो डॉक्टर सावन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने की सदर विधायक से मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन, हजारीबाग इकाई के सदस्यों ने अपने राज्यतरीय जनप्रतिनिधियों से मिलने के मुहिम के तहत मंगलवार की सुबह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल से उनके विश्वेश्वर दयाल पथ अवस्थित विधायक कार्यालय सभागार में मुलाकात की और राज्य के वर्तमान 60- 40 हक मार नियोजन नीति को वापस लेते हुए क्षेत्रीय व जनजातीय भाषा से सुसज्जित खतियान आधारित संवैधानिक नियोजन नीति लागू कर यहां के सरकारी विभागों में झारखंडी छात्रों को नियुक्त कर प्राचीन पारंपारिक स्वशासन व्यवस्था, पर्व-त्यौहार, भाषा-संस्कृति, रीति-रिवाज के संरक्षण हेतु समर्थन-पत्र की मांग की। विधायक मनीष जायसवाल ने समर्थन पत्र के लिए तत्काल हामी भरी और टाइप होने के पश्चात समर्थन पत्र ले जाने का आग्रह किया ।

## बिजली की आंख मिचौली और तपती गर्मी का सितम, आमजन बेहाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बुजुर्गों ने ठीक ही कहा था,जेठ की दोपहरी में सूर्य भगवान के गुस्से से मानो धरती तप रही हो इसकी बानगी देखते हुए पिछले चंद दिनों से गर्मी में बेतहाशा वृद्धि हुई है । गर्म हवा एवं लू के थपेड़ों से आम-जन जीवन त्रस्त है । दोपहर में आम सड़के सुनसान मानव विहीन दिखाई पड़ती है । जहाँ भगवान सूर्य के गुस्से धूप और गर्म हवा एवं लू का कहर से लोगो का जीना दूभर हो गया है,वहीं दूसरी तरफ लोगो को सरकार की उदासीनता की मार झेलनी पड़ रही है, बिजली विभाग के लचर व्यवस्था व बिजली कटौती से आमजनों के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। अभी गर्मी का मौसम में तापमान बढ़ा हुआ है,लोग कहते फिर रहे हैं कि उफ ये गर्मी ऊपर से बिजली की कटौती लोगो को परेशान कर रखा है।इधर सूरज भी आसमानी आग उगलने से पीछे नहीं हैं,मानो सूर्य भगवान लोगों पर कहर ढा रहे हैं, ऐसे में बिजली की आंख मिचौली से जनता काफी त्रस्त है।पूरा झारखंड लू की चपेट में है,सड़के सूनी पड़ी है। सुबह के 9 बजे से शाम के 6 बजे तक लू चलने से लोगो को घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है, लोग गमछा लपेटकर,छतरी लेकर सड़को पर निकल रहे है, वही ठंडी पेय का सहारा ले रहे हैं।बेल का शर्बत, सतु ,कोल ड्रिंक्स, लस्सी, कच्चा आम लोगो का मनपसंद पेय बना हुआ है।पारा 40 डिग्री के पार चला गया है,भूगर्भ जल स्तर नीचे चला गया है।कुएं, नदी व तालाब सूखने के कगार पर है,जिससे आम आदमी तो परेशान है ही, मवेशी भी पेयजल के लिए दर दर भटक रहे हैं।विष्णुगढ़ में पेयजलापूर्ति योजना भी वर्षो से बंद पड़ा है।जिससे लोगो की परेशानी भी बढ़ी हुई है।

## पीवीयूएन पतरातू में समर कैंप 2023 का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** जैसे-जैसे गर्मी तेज होती जा रही है। और गर्मी की छुट्टियाँ सुस्त होती जा रही हैं। पीवीयूएन आर एंड आर ग्रुप ने स्वर्णरेखा महिला समिति और बाल भवन के संयुक्त प्रयासों से 23 मई 2023 से आसपास के गांवों के स्थानीय बच्चों के लिए 15-दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है।15 दिनों की इस अवधि के दौरान बच्चों को कराटे,योग,ध्यान,सामान्य स्वच्छता,व्यक्तित्व विकास,रंगमंच और नृत्य कक्षाओं जैसी गतिविधियों में शामिल किया जाएगा। गतिविधियों को एक ही समय में मज़ेदार और दिलचस्प रखते हुए उनकी शारीरिक और मानसिक फिटनेस को पूरा करने के लिए योजना बनाई गई है। इस समर कैंप में आसपास के गांवों के 75 से अधिक बच्चे भाग ले रहे हैं। सीईओ पीवीयूएन और एचओडी ने स्वर्णरेखा महिला समिति और बाल भवन के प्रतिनिधियों के साथ दीप जलाकर, केक काटकर और प्रतिभागियों के बीच टोपी और छाता बांटकर समर कैंप का उद्घाटन किया।बच्चों को संबोधित करते हुए रवींद्र कुमार,सीईओ पीवीयूएन ने शौक कक्षाओं के महत्व पर जोर दिया और भाग लेने वाले बच्चों को आश्वासन दिया कि शिविर से उनके समग्र विकास में लाभ होगा। इसके अलावा इस तरह की पहल के माध्यम से पीवीयूएन का उद्देश्य एक ऐसे समुदाय का निर्माण करना है जो बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए सशक्त बनाता है।

## जर्जर भवन में जान जोखिम में डालकर कार्य करते हैं बड़कागांव के पुलिस निरीक्षक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव अंचल के पुलिस निरीक्षक का कार्यालय जर्जर ही नहीं जानलेवा बन गया है। जर्जर भवन में इस कार्यालय के कर्मचारी जान जोखिम में डालकर मामलों का निष्पादन करते हैं। पुलिस का कार्य आमलोगों को सुरक्षा प्रदान करना व विधि-व्यवस्था को बनाए रखना है। लेकिन, अगर पुलिस कर्मियों को खुद दिन-रात अपनी सुरक्षा की चिंता सताती रहेगी तो भला वे कैसे भली-भांति अपनी ड्यूटी निभा सकेंगे। बड़कागांव थाना परिसर के अंदर दशकों पूर्व बना यह भवन रखरखाव के अभाव में पूरी तरह जर्जर हो गया है। छत से प्लास्टर बीच बीच मे गिरते रहता है। दीवार के अधिकांश भागों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं। खिड़कियां भी टूट गई है। पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार ने कहा के केस के डिस्पोजल के दौरान हमेशा भय बना रहता कि कहीं छत का प्लास्टर किसी के ऊपर न गिर जाए।

# मंत्री हफीज़ुल हसन का किया गया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** झारखंड साकार के अल्पसंख्यक कल्याण खेल कूद एवं संस्कृति मंत्री हफीजूल हसन अंसारी का स्वागत समारोह झामुमो हजारीबाग के जिला उपाध्यक्ष यासिन खान के आवास पर किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षा जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव एवं मंच संचालन जिला कोषाध्यक्ष नईम राही ने की.कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री को 51 कि. ग्रा. का माला पहनाकर किया गया. मंत्री हफिजुल हसन अंसारी ने कहा कि आदिवासी मूलवासियों की यह सरकार झारखण्ड में अगले पच्चीस सालों तक रहेगी, शर्त ये है कि आपको एक ही जगह रहना होगा.

जिस सपने को लेकर झारखंड अलग राज्य बना है उस सपने को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी की सरकार लगातार कार्य कर रही है. साथ ही साथ लोगों को आगाह करना चाहता हूं कि आपलोग बाबूलाल मरांडी के चक्कर में ना पड़ें, उन्होंने अपने महत्वकांक्षा के लिए अनगिनत लोगों का घर बरबाद किया है.कार्यक्रम में प्रमुख रूप जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव, जिला उपाध्यक्ष यासिन खान, संयुक्त सचिव प्रमोद गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी महताब हुसैन, कोडरमा जिला उपाध्यक्ष श्यामदेव यादव, नौशाद आलम, कमाल कुरैशी, सरफराज अहमद, बरकट्ठा बीस सूत्री अध्यक्ष कुद्दूस अंसारी,चलकुसा बीस सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी, विष्णुगढ़ बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव,सिलाडीह मुखिया नेजाम अंसार, संजय साव, इम्तियाज भारती, रहमान अंसारी, संतोष भुईयां, बंशी यादव, मुकेश मोदी, नारायण दास समेत हजारों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं समर्थक उपस्थित थे.

### जीवन ज्योति हाई स्कूल करगालो के सभी परीक्षार्थी सफल

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत करगालो के जीवन ज्योति हाई स्कूल का दसवीं जैक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा । जीवन ज्योति हाई स्कूल से कुल 30 छात्र -छात्राओ ने माध्यमिक बोर्ड की परीक्षा मे शामिल हुए थे, जिसमे विद्यालय का प्रदर्शन शत प्रतिशत रहा और 22 छात्र - छात्राएं 80त व 8 छात्र-छात्राओं 70त रिजल्ट रहा। विद्यालय टॉपर दीपक कुमार महतो ने 433 अंक लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । परीक्षार्थियों की सफलता पर विद्यालय प्रबंधक प्रकाश कुमार साव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना ।

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना से किसानों के बीच बकरा का किया गया वितरण

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को चुरचू प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अंतर्गत 11 यूनिट बकरा विकास योजना के तहत परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत किसानों को आय का स्रोत बढ़ाने में मदद मिलेगी। वही मुख्यमंत्री पशुधन योजना से लाभान्वित हुए किसान काफी खुश है। इस मौके पर मुख्य रूप से चुरचू पंचायत मुखिया पूनम बेसरा, बहेरा मुखिया देवकी महतो ,उप प्रमुख संजय कुमार सिंह प्रखंड पशु पालक पदाधिकारी राजेश कुमार शर्मा तथा लाभुकों में मसोमात आरती, प्रभावती देवी विनोद बिहारी महतो मो इम्तियाज अंसारी मंजूर अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक मामले आए, उपायुक्त ने निष्पादन करने का दिया निर्देश

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, बरही के कटीयोन में सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार,मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन,पेंशन,भूमि अधिग्रहण,आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

### गुरु नानक स्कूल के अध्यक्ष को पितृ शोक

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष हरपाल सिंह अरोड़ा के पिता सरदार मोहन सिंह अरोड़ा के अकास्मिक मृत्यु पर विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया।सरदार मोहन सिंह अरोरा ने भी अपनी सेवाएं श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल मे साल 2000-2003 तक दी थी एवं समाज के हित कार्य मे हमेशा आगे रहते थे, इनके छोटे पुत्र सरदार जसपाल सिंह अरोरा सामाजिक कार्य मे हमेशा आगे रहते है , स्कूल मे भी ये उपाध्यक्ष सह प्रबंधक रह चुके है और लायंस क्लब से जुड़े हुए है । स्वर्गीय मोहन सिंह अरोरा की अंतिम यात्रा गृह से 4 बजे प्रस्थान हुई मृत्यु पर उनके परिवारजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई। उनकी आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

## जनप्रतिनिधियों ने बड़कागांव में कोल्ड स्टोर निर्माण के लिए उपायुक्त को दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड में किसानों के द्वारा उपजाए जा रहे फसलों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के उद्देश्य से प्रखंड में कोल्ड स्टोर निर्माण हेतु बड़कागांव उप प्रमुख बचनदेव कुमार के नेतृत्व में बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, सांढ पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कु प्रसाद एवं कांडतरी पंचायत समिति सदस्य रंजीत चौबे ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय को लिखित आवेदन दिया और कहा कि बड़कागांव एक कृषि प्रधान क्षेत्र है जहां सालों भर भिन्न भिन्न प्रकार के फसल उपजाए जाते हैं, लेकिन बाजार में सब्जियों का उचित कीमत ना होने के कारण किसान काफी मायूस हो जाते हैं। कीमत में गिरावट के कारण बहुत सारे किसान अपने फसलों को खेतों में ही छोड़ देते हैं जिससे किसानों की फसल ना चाहते हुए भी बर्बाद हो जाता है। इस वर्ष फूलगोभी की कीमत में भारी गिरावट के कारण किसानों का बहुत नुकसान हुआ। कोल्ड स्टोर न होने के कारण किसानों द्वारा उपजाए गए आलू, प्याज जैसे अन्य फसल घरों में ही रखा जाता है जो कुछ दिनों के बाद सड़ने लगता है। कोल्ड स्टोर का निर्माण होने से किसान अपने फसलों को लंबे समय तक कोल्ड स्टोर में सुरक्षित रख पाएंगे और जब फसलों का बाजार में उचित कीमत होगा तब उन्हें बेचकर अपनी आय बढ़ा पाएंगे। उपायुक्त ने बड़कागांव में जमीन देखकर कोल्ड स्टोर खुलवाने का आश्वासन दिया है। बता दें कि पिछले साल भिंडी की कीमत में भारी गिरावट होने के कारण किसान अपने भिंडी को बड़कागांव मुख्य मार्ग में ही सारा इकट्ठा करके अपना दुखड़ा आम लोगों के साथ साझा किया था।

### 15 से 20 घंटे बिजली कटौती से बड़कागांव के लोग त्राहिमाम

## बड़कागांव के कोयले से देश के बड़े शहर होते हैं रौशन और बड़कागांव डूबा अंधेरे में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया है। लू के थपेड़ों और गर्मी ने लोगों का बुरा हाल कर दिया है। ऐसे में बिजली की आंख मिचौली से हालत बद से बदतर हो गया है। प्रखंड में बिजली की आंख मिचौली पिछले 2 दिनों से जारी है। बड़कागांव में कभी 2 मिनट, 10 मिनट, आधा घंटा बिजली आती है और फिर चली जाती है। कुल मिलाकर 15 से 20 घंटे तक बिजली गायब रहती है। ऐसी परिस्थिति में सही तरीके से लोगों का इनवर्टर और मोबाइल भी चार्ज नहीं हो पाता है। इस भीषण गर्मी में 2 दिनों में आम जीवन जनजीवन अस्त व्यस्त है। लघु एवं कुटीर उद्योग, सरकारी गैर सरकारी कार्यालय में बिजली नहीं रहने के कारण लोग परेशान हैं। विभिन्न ग्राहक सेवा केंद्र के लोग पैसा का निकासी एवं जमा नहीं कर पा रहे हैं। विद्यार्थियों का पठन-पाठन भी प्रभावित हो गया है। बताते चलें कि बड़कागांव प्रखंड में बिजली की आंख मिचौली कोई नई बात नहीं है यहां हमेशा बिजली आती जाती रहती है। बताते चलें कि यहां हर दिन करोड़ों रुपए के कोयले का निर्यात किया जाता है। बड़कागांव के कोयले से बड़े-बड़े महानगर रोशन होते हैं पर यहां के लोग को बिजली नहीं मिल पाती है। बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होने के कारण आम जनता का मानना है कि बिजली विभाग के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि सुस्त है जिनसे बड़कागांव की बिजली व्यवस्था सुदृढ़ नहीं हो पा रहा है। बिजली विभाग के जेई से बात करने पर उन्होंने कहा के कोडरमा से बिजली सप्लाई होती है। वहां पर तीन यूनिट से बिजली सप्लाई होता है लेकिन एक यूनिट ठप हो जाने के कारण कम बिजली सप्लाई हो रहा है। दो तीन दिनों तक ये परिस्थिति बनी रहेगी उसके बाद बिजली ठीक हो जाएगी।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# महिला पहलवानों के पक्ष में मोमबत्ती जुलूस निकाला गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** ऐपवा, आयसा, आरवाईए के आह्वान पर देश व्यापी कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिला के रामगढ़ शहर में महिला पहलवानों के साथ एकजुटता के लिए एआईएसए, आरवाई , एआईपीडब्लुए ने माले कार्यालय से एक मोमबत्ती जुलूस निकाला गया, जिसमें सभी के हाथों में मोमबत्ती और हाथों में हस्त लिखित पोस्टर लिए मार्च कर रहे थे जो सुभाष चौक तक पहुंच कर आम जनता, नागरिकों से अपील करते हुए आह्वान किए कि - सभी छात्र-युवाओं तथा न्याय पसंद लोग इसमें जरुर शामिल हों और सामूहिक मांग किए कि- भाजपा सांसद द्वारा महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलन का एक महीना, पर कोई न्याय नहीं मिला। मोदी सरकार शर्म करो। बीजेपी सांसद बृजभूषण सिंह को गिरफ्तार करो। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न बंद करो।इस मोमबत्ती जुलूस में, द्भ्रू राज्य कार्यकारिणी के सदस्य शिल्पी कुमारी लालमोहन मुंडा, वरुण ठाकुर, दिलीप रजवार और AIPWA के रामगढ़ जिला सचिव- नीता बेदिया और जिला अध्यक्ष- कांति देवी अन्य दर्जनों लोग मार्च में शामिल होकर नारा लगाते हुए मांग की गई।



# थाना प्रभारी के स्थांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही थाना प्रभारी ललित कुमार के स्थानांतरण पर बरही प्रमुख मनोज रजक एवं अन्य पंसस सदस्यों ने प्रमुख कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां प्रमुख मनोज रजक एवं अन्य पंसस सदस्यों ने उन्हे पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं प्रमुख मनोज रजक ने उनका सराहना करते हुए कहा की लगभग दस महीना के कार्यकाल में अपराध नियंत्रण से लेकर थाना परिसर को सुंदर बनाने अपनी अमिट छाप छोड़ी है। इसे बरही वासी हमेशा याद रखेंगे। साथ ही उन्हें प्रशासन का सफल सहयोगी बताया तथा कहा की अन्य पुलिस कर्मियों को उनसे सीख लेनी चाहिए। इस दौरान पर उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, नवलकिशोर सिंह एवं प्रभु यादव मुख्य रूप से मौजूद थे।

# बीएसए बरही ने स्पोर्टिंग यूनियन तिलैया को 8 विकेट से हराया, अनीश कुमार बनें मैन ऑफ द मैच

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखण्ड मैदान में अर्जुन प्रसाद केसरी मेमोरियल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को बीएसए बरही व स्पोर्टिंग यूनियन तिलैया के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जहां टॉस जीतकर स्पोर्टिंग यूनियन तिलैया के कप्तान ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 35 ओवर में 10 विकेट खोकर 213 रनों का लक्ष्य दिया। वही जवाबी पारी खेलने उतरी बीएसए बरही की टीम ने 29 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य की प्राप्ति कर ली। बीएसए बरही 8 विकेट से मैच जीत लिया। इस मैच में 102 महत्वपूर्ण रन बनाने वाले खिलाड़ी अनीश कुमार मैन ऑफ द मैच बने। निर्णायक की भूमिका प्रभात कुमार, समी कुमार ने अपना योगदान दिया। स्कोरर के रूप में प्रिंसि कुमार ने महत्ती भूमिका निभाई। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व में रहे खिलाड़ी अशोक चौरसिया शामिल हुए। मैच को सफल बनाने में सहयोग करने वालों में बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, सचिव बलराम केशरी, अर्जुन ठाकुर सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद थे।

# मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम हुआ प्रकाशित सफल बच्चों को उपायुक्त ने दी शुभकामनाएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** वर्ष 2022-23 के लिए जैक के मक्ट्रिक एवं इंटरमीडिएट (साइंस) परीक्षा का परिणाम मंगलवार को प्रकाशित होने के उपरांत उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा ने रामगढ़ जिले के सभी बच्चों के साथ साथ पूरे राज्य में सफल हुए बच्चों को शुभकामनाएं दी।इंटरमीडिएट परीक्षा में गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ की दिव्या कुमारी ने 95.8त्न अंक लाकर पूरे राज्य में टॉप किया। वर्ष 2022-23 में इंटरमीडिएट(साइंस) परीक्षा में रामगढ़ जिले के 84 त्न बच्चे सफल हुए एवं पूरे राज्य में रामगढ़ इंटरमीडिएट( साइंस) परीक्षा में सातवें स्थान पर रहा जब कि मैट्रिक परीक्षा में रामगढ़ जिले के 95.464त्न बच्चे सफल हुए एवं पूरे राज्य में रामगढ़ जिला मैट्रिक परीक्षा में नौवें स्थान पर रहा।

# मोटोरोला ने लॉन्च किया एज 40




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मोटोरोला, भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रैंड, ने मोटोरोला एज 40 को लॉन्च किया है। यह इसकी प्रीमियम एज फ्रेंचाइजी में नया संकलन है। दुनिया के पहले और सेग्मेंट में पहले सुविधाजनक फीचर्स के साथ इस फोन ने भारतीय स्मार्टफोन के बाजार में हलचल मचा दी है। मोटोरोला एज 40 आइपी 68 अंडरवाटर प्रोटेक्शन, 144 एचजेड के 3डी कर्व्ड डिस्प्ले, दुनिया के पहले मीडिया टेक डाइमेंसिटी 8020 और कई अन्य फीचर्स के साथ भारत के स्मार्टफोन मार्केट में हलचल मचाई, कीमत 29,999 रुपये उपलब्ध है। आईपी 68 की रेटिंग के साथ अंडरवॉटर प्रोटेक्शन के साथ एज 40 दुनिया का सबसे स्लिम 5जी स्मार्टफोन है। सुपर स्लिम होने के साथ यह हलके वजन का भी है। स्मार्टफोन में मेटल फ्रेम के साथ प्रीमियम वेगन लेदर फिनिश इसे ठोस पकड़ के साथ मुलायम फ्रेम प्रदान करती है। यह हरे और काले दो खूबसूरत रंगों में आता है। यह नीले रंग में पीएमएमए एक्रेलिक ग्लास फिनिश के विकल्प में मिलता है। आईपी68 के फीचर से लैस स्मार्टफोन उन लोगों के लिए बेहतर पसंद होगी, जो रोमांचक, जुनून, उत्साह और उमंग से भरी जिंदगी जीना चाहते हैं। उन्हें फोन के गलती से पानी में गिरने की चिंता नहीं करनी होगी। स्टाइल और परफॉर्मेंस को मिक्स करते हुए एज 40 फोन दुनिया के पहले मेडिटेकडाइमेंसिटी 8020 प्रोसेसर के साथ आता है। इसके अलावा इस स्मार्टफोन में 50 एमपी का अविश्वसनीय कैमरा सेट अप भी है। इसमें सबसे चौड़ा एफ /1.4 एपर्चर दिया गया है। इसमें ओआईएस समेत हॉरिजन लॉक जैसे कई फ्लैगशिप ग्रेड के फीचर्स दिए गए हैं, जिससे यूजर्स को किसी भी रोशनी में जबर्दस्त फोटो लेने और वीडियो बनाने की इजाजत मिलती है।

# झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ व अन्य संगठनों के संगठन प्रमुख का हड़ताल को मिल रहा है समर्थन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** ग्रेड पे कम किए जाने पर एवं अपने विभिन्न मांगों को लेकर जन सेवक संघ रामगढ़ जिला लगातार 15 वे दिन हड़ताल में डटे रहें कृषि विभाग के दोषपूर्ण रवैया के कारण अन्य कर्मचारी संगठनों में भी इस हड़ताल का नैतिक समर्थन मिल रहा है इसी क्रम में झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के संगठन सचिव सुनील कश्यप ने आकर सभी का उत्साहवर्धन किया उन्होंने आश्वस्त किया कि अगर जल्द ही सरकार अपने जल्दबाजी मे लिए गए निर्णय को नहीं बदलती है और साथियों का पे ग्रेड पूर्व के जैसा नहीं करती है तो विभाग के खिलाफ सभी संगठन कंधे से कंधा मिलाकर गलत नीति का विरोध करेंगे इसके पूर्व झारखंड राज जन सेवक संघ का ऑनलाइन बैठक सभी जिलों के धरना स्थल से आयोजित की गई इस बैठक में आगे हड़ताल को धारदार बनाने की रणनीति और और प्रत्येक दिन किए जाने वाले क्रियाकलापों पर चर्चा की गई विदित हो कि जनसेवक कृषि के साथ साथ सरकार के अन्यान्य विभागों के कार्य भी करते हैं, यहां तक कि कई पर्यवेक्षक का कार्य जनसेवकों के भरोसे चल रहा है। ऐसा कर्मी और पदाधिकारियों की कमी की स्थिति में भी सरकार का सम्मान बचाए रखने के लिए जनसेवकों के द्वारा सहज सहयोग के रूप में किया जाता रहा।ऐसा नहीं है कि जनसेवक को अतिरिक्त कार्य के लिए कोई अलग से मानदेय प्राप्त होता है, उल्टे सरकार की बहुत बड़ी राशि इस तरीके से बच जाती है।जनसेवक अपने 10 वर्ष की नियमित सेवा के उपरांत इस आस में था कि उन्हे इस एवज में उचित सम्मान मिलेगा, परंतु अपने ही कृषि विभाग के द्वारा छल पूर्वक ग्रेड पे कम कर जनसेवकों के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने का कार्य किया गया जिससे जनसेवक आक्रोशित है, आज धरना में लोकेश कुमार, अजीत कुमार गुप्ता, उमेश कुमार, जितेंद्र प्रसाद, ज्ञानी प्रताप भारती, त्रिलोकी नाथ महतो, बिमल कुमार बेदिया, विकास कुमार, विकास प्रसाद, विनीता सिंह, संजीव करमाली, आलोक मित्रा, छत्रधारी महतो, पंकज कुमार, परमानंद कुमार, रविन्द्र कुमार महतो आदि शामिल रहें।

# इंटर रिजल्ट : जीएम इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता




**हजारीबाग :** जीएम इंटर कॉलेज साइंस के 85 विद्यार्थियों ने जैक द्वारा आयोजित 2023 वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल हुए थे । जिसमें 65 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, तथा 6 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी से पास किए हैं , जबकि 14 विद्यार्थी असफल हुए हैं । महाविद्यालय के टॉप टेन टॉपर विद्यार्थियों में रवि कुमार प्रजापति ट्ठ416, अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है, शुभम राज 398 अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, तथा आनंद कुमार 393 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।विद्यार्थियों की सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार ने विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को बधाई दिए हैं, तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं । महाविद्यालय के सचिव विनय कुमार ने ने कहा कि जीएम इंटर साइंस कॉलेज इंटर साइंस के लिए एक उत्कृष्ट संस्थान है, जहां विद्यार्थियों के ज्ञान तथा नैतिकता पर विशेष जोर देती है और इसी का परिणाम है कि विद्यार्थियों का रिजल्ट उत्कृष्ट रहा है । विद्यार्थियों की इस सफलता पर जीएम इंटर साइंस कॉलेज के शिक्षकों में सुशीला कुमारी, नेहा कुमारी, जयराज, उज्जवल कुमार, इत्यादि शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दिए हैं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**शुद्धि- पत्र**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि निविदा आमंत्रण सूचना सं0–05/2023–24 के **PR** संख्या– 296983 **(Building) 23-24#(D)** के द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 298050 Building (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RE-RDD/SD/HZB/28/01/2022-23 पी0आर0 संख्या 297168 Rural Development (23-24)#D में निम्न संशोधन किया जाता है:–

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 25.05.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे
3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 25.05.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 02.06.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– 03..06.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5.निविदा खोलने का स्थान एवं समय :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 05.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे।

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR 298104 (Rural Development)23-24*D

## श्रमिक हाई स्कूल अरगड्डा मैट्रिक परीक्षा परिणाम में लड़कियों ने मारी बाजी

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयला नगरी अरगड्डा- सिरका के श्रमिक हाई स्कूल प्लस टू विद्यालय के मैट्रिक परीक्षा परिणाम मंगलवार संध्या घोषित को घोषित हो गया। इसमें विद्यालय के प्रथम टॉपर सुप्रिया कुमारी 409 अंक 81.80त्न, द्वितीय टॉपर रोहन कुमार 408 अंक 81.60त्न, तृतीय टॉपर पुष्पा कुमारी 394 अंक 78.80त्न के साथ विद्यालय का परचम लहराया हैं। स्कूल से प्रथम श्रेणी में 61 छात्र, द्वितीय श्रेणी में 88 छात्र, तृतीय श्रेणी में 8 छात्र, अनुतीर्ण (मोरजीनल) 21, अपसेंट 1 छात्र रहा। कुल 179 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। सफल छात्रों को विद्यालय प्राचार्य आनंद प्रकाश पांडे, आदित्य कुमार, पिंटू कुमार समेत सभी शिक्षकों, शिक्षिकाओं ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं व बधाई दिया हैं। साथ ही छात्रों को लगन के साथ मेहनत कर मुकाम पाने की हर संभव कोशिश के लिए प्रेरित किया हैं।

## अरगड्डा श्रमिक हाई स्कूल प्लस टू साइंस में 5 छात्र प्रथम श्रेणी में हुए अव्वल

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल सिरका अरगड्डा के श्रमिक हाई स्कूल प्लस टू के विज्ञान परिणाम मंगलवार संध्या प्रकाशित हुआ। विद्यालय से 8 छात्रों ने विज्ञान 12वीं की परीक्षा दी थी। जिनमें पांच प्रथम श्रेणी और तीन असफल रहें। प्रथम टॉपर दीपांशु कुमार 456 अंक, द्वितीय टॉपर शुभम कुमार गुप्ता 354 अंक, तृतीय टॉपर सत्यम कुमार 339 अंक के साथ अव्वल रहे। वही छात्रों की सफलता पर विद्यालय प्राचार्य आनंद प्रकाश पांडे, शिक्षक पिंटू कुमार, आदित्य कुमार व अन्य शिक्षक गणों ने सफल छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही अन्य छात्रों को बेहतर फल के लिए लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने को कहा हैं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।**
ई–मेल:– rdsdgumla123@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 1015 दिनांक 17.05.2023 द्वारा अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GUMLA/02/2023-24जिसका पी०आर० (PR) सं०–297643 Rural Development (2023-24)#D है, जो की अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला।

PR 298065 Rural Development(23-24)D

**कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(जिला स्थापना शाखा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

राजस्व पर्षद, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 395 दिनांक 15.05.2023 द्वारा प्राप्त निदेश पर जिला अनुमण्डल एवं अन्य मुफस्सिल कार्यालयों (कार्य विभाग सहित) के लिपिकों की प्रथम अर्द्धवार्षिक लेखा परीक्षा, 2023 का आयोजन निम्नांकित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा:–

परीक्षा कार्यक्रम

(1) दिनांक 24.06.2023 – शनिवार – प्रथम पत्र – 09 बजे पूर्वाह्न से 12 बजे मध्याह्न तक।
(2) दिनांक 24.06.2023 – शनिवार – द्वितीय पत्र – 02 बजे अपराह्न से 05 बजे अपराह्न तक।
(3) दिनांक 25.06.2023 – रविवार – तृतीय, चतुर्थ, तथा पंचम् पत्र – 09 बजे पूर्वाह्न से 12 बजे मध्याह्न तक।

उक्त परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यिर्थी अपना आवेदन पत्र पूर्णरूप से भरकर नियंत्री पदाधिकारी से अग्रसारित कराकर उसे Scan कर ई–मेल के माध्यम से acexamjhar1.2023ranchi@gmail.com में प्रेषित करेंगे। आवेदन पत्र प्रेषित करने की अंतिम तिथि 05.06.2023 (सोमवार) निर्धारित है।

उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

तृतीय, चतुर्थ तथा पंचम् पत्र की परीक्षा दूसरे दिन प्रथम पाली में आयोजित की जाएगी। तीनों पत्र क्रमशः वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, झारखण्ड (वन प्रभाग), राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड (निबंधन प्रभाग) तथा कार्य विभाग (जल संसाधन विभाग एवं पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची) के लिपिकों के लिए अतिरिक्त पत्र के रूप में चिन्हित है।

प्रवेश पत्र जिला स्थापना उप समाहर्त्ता, राँची (समाहरणालय, राँची ब्लॉक–ए कमरा सं० 213) के कार्यालय में दिनांक 22.06.2023 एवं 23.06.2023 को वितरित की जाएगी।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
राँची

PR 298152 Ranchi(23-24).D

# हज़ारीबाग जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान से सम्पन्न हुआ टेबल टेनिस टूर्नामेंट

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** हज़ारीबाग़ टेबल टेनिस संघ और स्वदेशी नेक्स्ट के संयुक्त तत्वाधान से दो दिवसीय अंतर विद्यालय टेबल टेनिस टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इस समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि रूचि कुजुर सदस्य झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, झारखण्ड सरकार, विशिष्ट अतिथि समाज सेवी विवेकानंद सिंह, संघ के महासचिव भैया मुरारी सिन्हा, उपाध्यक्ष अनुप राजेश लकड़ा, अंतराष्ट्रीय अंपायर रविन्द्र कुमार, कोच ज्योति यादव, रोजर नाईट इत्यादि उपस्थित थे।अंडर 11 ग्रुप में प्रथम राजवीर गोयल, द्वितीय अनुराग कुमार और तृतीय स्थान ओम प्रकाश ने प्राप्त किया। अंडर 13 ग्रुप में प्रथम मुकुंद बादल, द्वितीय अर्णव अग्रवाल और तृतीय स्थान पदनाभन कुमार ने प्राप्त किया। अंडर 15 ग्रुप में प्रथम अनीस, द्वितीय चिन्मय चौधरी और तृतीय स्थान पुण्डरी ने प्राप्त किया। अंडर 17 ग्रुप प्रथम शुभम कु सिन्हा, द्वितीय स्थान सामिल कशिवाल ने प्राप्त किया। अंडर 19 ग्रुप में प्रथम अनमोल राज, द्वितीय स्थान आदित्य कु और तृतीय स्थान श्लोक राज ने प्राप्त किया।साथ में डीएवी विद्यालय विजेता टीम,जेवियर विद्यालय उपविजेता और डीपीएस दूसरा उपविजेता रही। टीम महिला में विजेता अन्वी गोयल और शैली नेहाल रही। इस अवसर पर खिलाड़ियों के अभिभावक भी उपस्थित थे। रूचि कुजुर ने अपने सन्देश में कहा की हेमंत सरकार भी खिलाड़ियों को हर संभव मदद कर रही है आगे भी टेबल टेनिस के लिए मैं आपकी मदद करती रहूँगी। रूचि कुजुर ने खिलाड़ियों से कहा की आप खेल में मेहनत करो सरकार से जितना मदद हो सकेगा करने की कोशिश करुँगी।मंच संचालन अनुप राजेश लकड़ा ने किया।

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला।**

(उत्पाद शाखा)

–: आवश्यक सूचना :–

जिले में बाजार, हाट, चौक–चौराहों एवं विधालय आदि प्रमुख स्थलों पर अवैध मदिरा की बिक्री आदि की शिकायत आम जनता से प्राप्त करने हेतु सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को 11:00 बजे पूवाहन् से 01:00 बजे अपराहन तक पुराना समाहरणालय के प्रथम तल स्थित कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, गुमला में जनता दरबार का आयोजन किया गया है। उक्त निर्धारित अवधि में कोई भी आम जनता अधीक्षक उत्पाद, गुमला के समक्ष अपना आवेदन समर्पित कर सकते है।

ह०/
अधीक्षक उत्पाद, गुमला।

PR 298059 Excise(23-24)D

**Government of Jharkhand**
Department of School Education & Literacy
**Jharkhand State Mid Day Meal Authority**
MDI Building, Dhurwa, Ranchi- 834004

झा.रा.म.भो.प्रा. 22/2019–407 Date:-23.05.2023

**Expression of Interest (EOI)**

Jharkhand State Mid Day Meal Authority invites **"Expression of Interest"** from the eligible FSSAI recognized NABL accredited agencies to submit their interest for **Food Testing** under PM POSHAN (Mid Day Meal) Scheme for about 35500 Primary and Upper Primary schools located in 24 Districts of Jharkhand state.

Interested agencies may submit their Expression of Interest in a sealed envelop clearly superscripted as **"Expression of Interest for Food Testing Agency"** latest by 05:P.M on 05.06.2023 Interested agencies may obtain further information and procedures for submitting the **"Expression of Interest"** by downloading EOI document from official website ***education.jharkhand.gov.in*** or from the office of JSMDMA, MDI Building, Dhurwa, Ranchi on working days.

Expression of Interest received after mentioned due date or time or incomplete format or with conditional offer will not be entertained /accepted. The meeting of selection committee will be held only after short listing of the applications. Then selection committee will decide the eligible firms. Final selection result will be uploaded on website of this department and communicated individually by the Authority by email also. Undersigned has full right to withdraw or cancel or amend part or whole of the EoI or work order accordingly. Any type of disputes arising out of this shall be subject to jurisdiction of the court of Ranchi.

Sd/-
**(Kiran Kumari Pasi)**
Director, JSMDMA.

PR 298154 Human Resource Developement(23-24)D

## भाजपा के भरकट्टा मंडल कार्यसमिति बैठक में उपस्थित हुए पूर्व विधायक नागेंद्र महतो

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी के भरकट्टा मंडल



कार्यसमिति की बैठक मंगलवार को ग्राम पोखरिया में सांसद प्रतिनिधि जिला परिषद नारायण पांडेय के आवास में मंडल अध्यक्ष अशोक वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसका संचालन मंडल महामंत्री राजेन्द्र राम ने किया। इस बीच सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नागेंद्र महतो मौजुद थे। मुख्य अतिथि श्री महतो ने कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ता आपस में मिलकर कार्य करें और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में मदद करें। बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करें।इस बैठक में पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम 31मई से 30 जून तक महा जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने पर चर्चा किया गया। आगामी कार्यक्रम को लेकर भी बात हुई। सभी मंच मोर्चा के मंडल कमिटी की मजबूती पर विचार किया गया। वहीं चोंगाखार निवासी किशुन यादव के साथ कई लोगों ने माले छोड़ भाजपा का दामन थामा, जिन्हें पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाया।

## भाजपा कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**पूर्वी टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा पूर्वी टुंडी मंडल कार्यसमिति



की बैठक मैरानावाटांड पंचायत सचिवालय में संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष समीर कुमार साव ने की। कार्यक्रम में ग्रामीण जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा महादेव कुंभकार ने अपने संबोधन में बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बूथ कमिटी का निर्माण ग्रामीण जिला मे तीन मंडल ने किया है। कार्यक्रम के संबोधन मे शंकर चंद्र, मंजूर मंडल तथा कार्यक्रम का संचालन वासुदेव कुंभकार और धन्यवाद ज्ञापन महिला मोर्चा की अध्यक्ष सह जिप सदस्य जेबा मरांडी ने किया। वही कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया खमा मोदक, अविना मरांडी, प्रमिला किस्कु, जानकी रजक, नाभिक मंडल, दिलीप कुमार, वीरेंद्र भंडारी, गणेश दा ,कांतिलाल मंडल, विनोद महतो, विजय दास, भीम लाल भंडारी, हरेंद्र हेम्ब्रम, शशि भूषण कुंभकार, गणेश महतो, जगरनाथ चंद्रा, समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## बिना छापामारी के ही विभाग ने प्राथमिकी दर्ज कराने को लेकर उपायुक्त को सौपा ज्ञापन

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड मे बिजली विभाग द्वारा निर्दोष लोगों पर प्राथमिक दर्ज कराने को लेकर पीड़ित ने उपायुक्त से लगाया गुहार। आवेदन के आधर पर है कि बिजली विभाग के टीम बिरसा पिता बुधु उरीब ग्राम मीठाली मो0 मिलिया, माना जिला कनीय विद्युतभा विद्युत आपूर्ति प्रशाला, बेंगाबाद 2. संतोष कुमार राय पिता ब्रहमदेव राय ग्राम बेंगाबाद थाना वेगाबाद जिला गिरिडीह, कुशल श्रमिकबाद रमेश पिता पैन बेसरा, ग्राम पावरपा, थाना भारमीमुण्डा, जिला देवपर, मानव बल कर्मी बेंगाबाद 4. श्री को पिता बिहारी कोल, ग्राम बासनवारी, थाना बैगाबाद, जिला गिरिडीह मानव बल कमी, बेंगाबाद ये सभी लोग दिनांक 17/05/2023 को बिजली चोरी की रोकथाम हेतु बैंगाबाद थाना अन्तर्गत ग्राम बिशनपुर में छापामारी कर रहे थे, परन्तु उपर्युक्त लोग विशुनपुर के ग्रामीण, सुमीत्रा मंडल पति प्रकाश मंडल मेघन मंडल पिता उतीम मंडल सुरेन्द्र मंडल पिता कुंजो मंडल के घर पर बिना छापामारी किये ही प्राथमिकी दर्ज करा दिया। बिजली विभाग के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने के पूर्व में एक बार भी नोटिस नहीं दिये और ना ही प्रत्येक माह बकाया बिजली बिल दे रहे थे। उपरोक्त लोग ग्राम मिशनपुर के कुछ ग्रामीणों के बहकावे में आकर घोर लापरवाही करते हुए गलत तरीके से प्राथमिकी दर्ज कर दिये है। ग्राम बिशनपुर के लाचार, विवश, अनाव एवं गरीब महिला चमेली देवी पति स्व0 सितो मंडल के नाम से बिजली कनेक्शन हैं, इसका बेटा नन्दकिशोर मंडल जो लाचार है जो वर्तमान में बाहर दिल्ली गया है, इसके बावजूद भी बिजली विभाग के द्वारा नंदकिशोर मंडल के नाम से प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। उपरोक्त बिजली विभाग कर्मचारी गरीब एवं लाचार ग्रामीणों को डरा धमका करें धमकी देते हुए पैसा ले रहे थे कि अगर पैसा नही देगा तो तुम्हारे विरूद्ध में बिजली केस कर देंगे। पैसा लेकर जिसका बिजली बिल बकाया था उसके विरुद्ध केस नहीं किया गया है।

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को गिरिडीह सदर प्रखंड



अंतर्गत मोहनपुर पंचायत के तुरुकडीहा में स्थानीय युवाओं के द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट नाइट मैच के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो0 हसनैन अली उपस्थित हुए। वही बल्लेबाजी कर एवं विधिवत फीता काटकर नाइट मैच का उद्घाटन किया। सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर एवं उज्जवल भविष्य की बधाई देते हुए हौसला अफजाई किया । यह मैच देर रात्रि में शुरू हुई और सुबह 6:00 बजे तक कुल 16 टीमों ने भाग लिया जिसमें अंबाडीह की टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर मैच को अपने पक्ष में किया और इस तरह से अंबाडीह की टीम विजेता हुई।

## सरिया : 1 करोड़ 49 लाख से बनेगी पिपराडीह की सड़क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया/गिरीडीह :** मंगलवार को सरिया पोखरियाडीह स्थित पोखरिया से पिपराडीह गांव तक 1.55 किलोमीटर तक सड़क निर्माण का विधिवत शिलान्यास बगोदर विधायक विनोद सिंह ने शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बगोदर विधायक विनोद सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों का हमेसा सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे।

यंहा की समस्या सोशल मीडिया के द्वारा देखने को मिलते रहता था तब से ही हमने प्रयास किया कि कैसे जल्द यंहा सड़क निर्माण हो ।

आज भी सरिया के कुछ इलाकों में सड़क और पीसीसी निर्माण नही हुई हैं जिसे जल्द निर्माण के लिए प्रयास जारी हैं । कहा कि इस सड़क निर्माण में गार्डवाल ओर पुल के साथ निर्माण होगी।

कहा कि पिपराडीह सड़क का जब सर्वेक्षण किया जा रहा था तब हमने बागोडीह से लेकर सर्वोदय आश्रम के लिए भी सड़क की जरूरत थी जिसका जल्द ही निविदा निकलेगी इसके साथ ही भगतसिंह चौक से लुतियानो के लिए सड़क निर्माण के लिए प्रयास जारी हैं।

विधायक विनोद सिंह ने कहा कि लोगों के द्वारा सवाल करना जरूरी हैं और हमे खास कर सवाल सुनना ओर समस्या का निराकरण करना बेहद अच्छा लगता हैं ।

विधायक ने कहा कि सरिया के दर्जनों इलाके में सड़क का निर्माण किया जाना हैं जिसको लेकर लगातार प्रयास जारी हैं।

कार्यक्रम में जीप सदस्य अनूप पांडेय, माले प्रखंड सचिव भोला मंडल, मुखिया पिंकी देवी,विजय सिंह, केदार मंडल,सोनू पांडेय, जिम्मी चौरसिया, प्रमोद मंडल, कृष्ण मुरारी पांडेय सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पीसी एंड पीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त धनबाद सह जिला समुचित प्राधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय में पीसी एंड पीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरकारी संस्थाओं में अल्ट्रासाउंड स्थापित करने के संबंध में चर्चा की गई। उपायुक्त ने सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड स्थापित करने की बात कही। इस दौरान अल्ट्रासाउंड केंद्रों के द्वारा अन्य चिकित्सकों के योगदान एवं मशीनों की सूचना एवं स्वीकृति के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही रजिस्ट्रेशन रिनुअल एवं अन्य के संबंध में प्राप्त आवेदन की समीक्षा समिति द्वारा की गई। मात्री सदन झरिया द्वारा दिए गए रजिस्ट्रेशन हेतु नया आवेदन पर उपायुक्त ने स्वीकृति प्रदान की। वही गोविंदपुर डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा दिए गए रिनुअल हेतु आवेदन को अस्वीकृत करते हुए लाइसेंस को निलंबित किया गया। इस मामले में सिविल सर्जन ने बताया कि अग्नि सुरक्षा के मानकों को ध्यान में रखते हुए गोविंदपुर डायग्नोस्टिक सेंटर का लाइसेंस निलंबित किया गया है। पल्स डायग्नोस्टिक एवं इमेजिंग सेंटर द्वारा स्थान परिवर्तन को लेकर एक आवेदन दिया गया है।

## वार्ड 24 कोलडीहा के घरों में पानी की भारी किल्लत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह ज़िले में भाकपा माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा की अगुवाई में वार्ड 24 कोलडीहा के नीचे मोहल्ला, कोली पट्टी, मस्जिद गली, रहमत नगर, 7 नंबर में लगभग 700 घरों में पानी की समस्या को लेकर भ्रमण किया गया,महिला पुरुष पानी के लिए परेशान दिखे, सिन्हा ने कहा की चार दिन के अंदर नगरनिगम ध्यान नहीं दिया तो आगे आंदोलन का रूप लेगा।माले के मो इफ्तिकार साजन, मो एकराम और अंजुमन सेक्रेट्री बिट्टू खान, बब्बर खान, की अगुवाई में मुहल्ले वाले से मिला गया, जेंट्स और महिला दोनो परेशान है बच्चे भी दूर दूर से पानी लाते है बुजुर्ग भी और औरत भी परेशान दिखे,इन्होंने कहा कि लगभग पांच साल से पानी की समस्या है। सिन्हा ने कहा की जब से नागार्जुन आया है रेगुलर पानी नही मिल पा रहा है, नगरनिगम को लोकल ठेकेदार पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है,इनको जानकारी है यह भी सुधार सकते है सारा काम। इधर सिन्हा ने नगरनिगम के सीटी मेनेजर को उप नगर आयुक्त के नाम आवेदन दिया गया है सीटी मेनेजर मंजूर आलम ने कहा है की दो दिनों के अंदर सारा प्रॉब्लम को दिखावकर इसपर पहल लेते है,उन्होंने कहा कि नगरनिगम बहुत तेजी से काम करना चाहता है किंतु कुछ टेक्निकल दिक्कत आ रही है जल्द समस्या में सुधार होगा। मौके पर उपस्थित शेरू खान, बाबर, मुस्ताक खान, टिंकू खान, मो चांद, सोनू, पिंटू, सोनू, पप्पू केशरी ,गुड्डू आदि के साथ दर्जनों महिला थे साथ थे।

## पत्रकार हमलाकांड : पत्रकारों ने आक्रोश मार्च निकाल किया विरोध प्रदर्शन

**72 घंटे के अंदर गोलीकांड के अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** भास्कर के बलियापुर के पत्रकार प्रवीर महतो को मारी गयी गोली कांड में अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करने व कांड का उद्भेदन करने की माँग को लेकर कोयलांचल पत्रकार संघ एवं कोयलांचल पत्रकार कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शालीमार स्थित संघ के केंद्रीय कार्यालय से एक विशाल मोटर साईकिल जुलूस निकाली गयी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिन्दरी के कार्यालय गेट पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन व नारेबाजी कर डीएसपी को एक स्मार पत्र प्रेषित किया गया। जिसमें 72 घन्टे के अंदर गोली कांड के अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं मामले का उद्भेदन नहीं होने पर सिन्दरी अनुमंडल के सभी थानों व ओपी पर क्रमवार जुलूस प्रदर्शन व नारेबाजी कर पत्रकार अपना आक्रोश प्रकट करेंगे। मोटर साईकिल जुलूस में पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद, सिन्दरी डीएसपी हाय हाय, पत्रकारों को न्याय दिलाना होगा आदि नारे लगाए जा रहे थे। कोयलांचल पत्रकार संघ के महामंत्री राहुल मिश्रा व कोयलांचल पत्रकार कल्याण समिति के संस्थापक अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने कहा है कि कोयला चोरों और अपराधियों के साथ पुलिस का मधुर संबंध कायम है। जिस कारण जिले में अपराधियों का हौसला बुलन्द है और अब पत्रकारों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 72 घन्टे के अंदर यदि अपराधियों की गिरफ्तारी एवं मामले का उद्भेदन नहीं हुआ तो सिन्दरी अनुमंडल के सभी थाना व ओपी पर सांकेतिक प्रदर्शन नारेबाजी व धरना दिया जाएगा जिसकी सारी जिम्मेवारी पुलिस प्रशासन की होगी। जुलूस व प्रदर्शन में संघ के महामंत्री राहुल मिश्रा, अध्यक्ष मुख्तार अहमद, संरक्षक अशोक श्रीवास्तव, सचिव अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष कमलेश सिंह, मो समीम, अनुशासन समिति के अध्यक्ष सतीश सिन्हा, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, नागेश्वर पासवान, रामप्रवेश प्रसाद, सय्यद अरमान, बसन्त विश्वकर्मा, हरेन्द्र चौहान, अंजन सिन्हा, जे के सिंह, शंकर झा, पवन गुप्ता, राजेन्द्र प्रसाद, सुधीर कुमार रजक, सदाम हुसैन, रामनारायण राय, बरमेश्वर, शंकर पांडेय, सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, नेपाल महतो, राहुल पांडेय, रविन्द्र प्रसाद,मनोज साव, संजय पांडेय,सीडी मिश्रा,मनोज कुमार, शशिधर मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पति-पत्नी की लड़ाई में पिता ने नाबालिग पुत्र को टांगी से मार किया हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम बाराडीह में सोमवार की देर रात लगभग 10 बजे के करीब समय पर खाना नही मिलने पर पत्नी से उलझे एक सनकी पिता ने गुस्से में आकर अपने एकलौते नाबालिग पुत्र को टांगी से मार कर हत्या कर दिया। घटना की सूचना मिलते हीं पूरा गांव सन्न रह गया । घटना स्थल पर जमा हुए ग्रामीणों ने खून से लथपथ बालक को स्थानीय स्तर पर इलाज करवाने का प्रयास किया परंतु , बच्चे ने दम तोड दिया था। जैसा की ग्रामीणों ने बताया कि खाना को लेकर पति पत्नी के बीच नोक झोंक हुआ था, इस बीच, मां पिता के बीच हुए इस झगड़े में बीच बचाव के लिए आए पुत्र को आवेश में आकर सनकी पिता दुलार यादव ने टांगी से प्रहार कर हत्या कर दिया। पत्नी के चिल्लाने पर जब तक ग्रामीण एकत्रित हुए तब तक हत्यारा दुलार यादव घर से फरार हो गया। इस बीच ग्रामीणों ने पड़ोस के गांव पिपराडीह से उसे दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। इधर बिरनी पुलिस को सूचना मिलते हीं एएसआई विशाल सिंह सदलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया। वही घटना की जानकारी मिलते हीं बगोदर विधानसभा के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो पीड़ित परिवार से मिलने बाराडीह पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाया एवं दुख की इस घड़ी में हर संभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर पूर्व मुखिया बैजनाथ यादव, सहदेव यादव, मंगर महतो, उमेश शर्मा, प्रकाश ठाकुर, सुरेश यादव, बासु मियां,राहुल राणा, रूपेश यादव, अजीत शर्मा, डॉ शंकर यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भारत जोड़ो सम्मेलन की सफलता के लिए हुआ जनसंपर्क



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोकारो में प्रस्तावित भारत जोड़ो सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन व राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का आगमन को लेकर वासेपुर के रहमतगंज मे धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव तनत खान उर्फ सोनु की अध्यक्षता मे एक आम सभा किया गया। मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस अलपंखयक विभाग के अध्यक्ष जाहीर अंसारी, मुख्तार खान, शमशेर आलम, अब्दुल करीम अंसारी, तबरेज खान, शब्बीर अली, अशिफ इकबाल, इम्तियाज आलम, शाहजहां डाबो आदि सभा मे शामिल हुए। सभा के बाद जनसंपर्क चलाकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में बोकारो मे भारत जोड़ो सम्मेलन मे सम्मिलित होने का आह्वान किया। जनसंपर्क के दौरान जहीर अंसारी ने कहा कि भारत जोड़ो सम्मेलन मे अल्पसंख्यको के मुद्दो पे विचार-विमर्श किया जाएगा इसलिए भारत जोड़ों सम्मेलन का सफल होना जरूरी है।

## टुंडी : वन विभाग ने जलवायु परिवर्तन को लेकर एक्शन प्लान के तहत क्रियान्वयन व जागरूकता अभियान की शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड सभागार में आज मंगलवार को वन प्रमंडल धनबाद के द्वारा ऊर्जा की बचत एवं जल संरक्षण को लेकर एक बिशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का अध्यक्षता टुंडी अंचलाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी ने किया जबकि धनबाद से आये वन संरक्षक पदाधिकारी अजय कुमार मंजूल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस बैठक में टुंडी अंचलाधिकारी ने ऊर्जा की बचत एवं जल संरक्षण पर बिशेष रूप से प्रकाश डाला। मौके पर टुंडी मुखिया रेखा देवी,कोल्हर मुखिया विजय कुमार मंडल, पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी,जाताखुंटी मुखिया आशा मुर्मू, फतेहपुर मुखिया दुबाई मुर्मू, टुंडी उपमुखिया संतूलाल किस्कू समेत पंचायत सचिव के अलावा कई वन कर्मी उपस्थित थे।

## सिखों के पांचवें गुरु अर्जन देव जी का मना शहीदी दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** कुमारधुबी स्त्री सत्संग एवं कुमारधुबी गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा प्रबंधक कमेटी द्वारा मंगलवार को सिखों के पांचवें गुरु गुरु अर्जुन देव जी का 417वां शहीदी दिवस मनाया गया। उक्त अवसर पर कुमारधुबी स्थित गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा परिसर में 17 मई को सहज पाठ की आरंभता की गई थी। मंगलवार को कुमारधुबी बाजार स्थित गुरुद्वारा प्रांगण में सहज पाठ की समाप्ति के उपरांत शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर पटना साहिब हरमंदर साहिब से आए हजूरी रागी जत्था भाई कलविंदर सिंह ने शब्द कीर्तन एवं गुरुबाणी से सभी श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। शबद कीर्तन की समाप्ति के बाद सभी श्रद्धालुओं एवं आम जनों के लंगर का वितरण किया गया। वहीं मंगलवार सुबह से ही कुमारधुबी गुरुद्वारा एवं गुरु नानक मिशन स्कूल के पास शीतल शरबत एवं चने का वितरण किया गया। आते जाते राहगीरों एवं वाहनों को रोक रोक कर ठंडा शरबत और चने का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमारधुबी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी स्त्री सत्संग सभा एवं सभी सिख संगत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## हर घर तक चलाएं जनसंपर्क अभियान पार्टी के योजनाओं की दी जानकारी : शत्रुघ्न महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुबन :** मधुबन थाना क्षेत्र सिनिडीह मंडल भाजपा कार्यसमिति की बैठक मंगलवार महेशपुर दो पंचायत सचिवालय में किया गया जहां सीनरी मंडल के सभी पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए आयोजित सिनिडीह मंडल कार्यसमिति की बैठक की अध्यक्षता सिनिडीह मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह व संचालन महामंत्री उत्तम ग्याली ने किया बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शरत महतो उर्फ शत्रुघ्न महतो ने कहा कि जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य हर घर में जाकर सरकार की ओर चलाई जाने वाली कार्य योजनाओं एवं संगठन उद्देश्यों को लोगों तक पहुंचाना है अभियान में संगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी दिन रात लगे हैं वे हर घर तक जाकर लोगों को कार्ययोजना बता रहे हैं सभी को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन के पधिकारी व कार्यकर्ताओं को मेहनत से केन्द्र में सरकार पदस्थापित हैं साथ ही बाघमारा विधानसभा में पार्टी के विधायक हैं कहा की जनसंपर्क अभियान और तेज गति से देना होगा व लोगों को जागरूकता करना होगा।

## पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक ने किया प्लांट डिपो का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा द्वारा आज 23.05.2023 को प्लांट डिपो, डीडीयू का निरीक्षण कर मशीनों, उपकरणों सहित उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया गया । तत्पश्चात् महाप्रबंधक ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-गया रेलखंड का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने रेलवे ट्रैक एवं उसके अनुरक्षण की गुणवत्ता, प्वाइंट, क्रासिंग सहित रेल संरक्षा से संबंधित अन्य विंदुओं का जायजा लिया ।



महाप्रबंधक ने गया जंक्शन का भी निरीक्षण किया । यहां उन्होंने यात्रियों के लिए उपलब्ध करायी गयी विभिन्न यात्री सुविधाओं, संरक्षा आदि से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया । महाप्रबंधक ने गया स्टेषन के पुनर्विकास से जुड़े कार्यो की समीक्षा भी की ।

निरीक्षण में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री राजेष गुप्ता व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

## आदित्य को कबड्डी में वेस्ट रेडर का मिला खिताब



**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 9वीं राज्य स्तरीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता मे गोमो नगर के शर्मा कॉलोनी निवासी पुरुषोत्तम मिश्रा का पुत्र आदित्य मिश्रा ने बेस्ट रेडर का ख़िताब पाया। धनबाद डिस्ट्रिक्ट से रहे टिम को फ़ाइनल पहुंचाकर रनर बन राज्य चैंपियन बना उक्त जानकारी जिला सेक्रेटरी सह कोच मिंटू ठाकुर ने दिया। वहीं जिला अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखने कि बात कहीं जिसमे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहेंगे ।

# बाइबल के अनमोल वचन को जीवन में उतारने की जरूरत : विधायक भूषण बाड़ा

➲सेमरबेड़ा मण्डली में 70 वां वार्षिक बाइबल क्लास सह सम्मेलन का आयोजन, उमड़े मसीही धर्मावलम्बी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** नॉर्थ वेस्टन जीईएल चर्च किनकेल पेरिस के सेमरबेड़ा मण्डली में 70 वां वार्षिक बाइबल क्लास सह सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा व जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि बाइबिल के अनमोल वचनों ने दुनिया के प्रसिद्ध लोगों को प्रभावित किया है। प्रभु में विश्वास करना बाइबल में विश्वास करना है। उन्होंने कहा कि हम प्रभु में विश्वास करते हैं, इसीलिए हमें सदा बाइबल के अनुसार कार्य करना चाहिए। हमें बाइबल के वचनों का पालन करना चाहिए। बाइबल ईसाई धर्म का मूलभूत सिद्धांत है, हमारे विश्वास की नींव है। बाइबल को त्यागना प्रभु में अविश्वास करने के समान है। विधायक ने कहा कि मसीह समाज शिक्षा का उजियारा फैलाए। समाज के बच्चे गुणवत्तापरक शिक्षा ग्रहण कर देश की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाएं। मौके पर किनकेल पेरिस चेयरमैन रेभ. सूरजमनी केरकेट्टा, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, पंचायत अध्यक्ष संदीप लकड़ा, युवा उपाध्यक्ष संदीप नायक, अगाथा तिर्की, राशेल लकड़ा, अनिता रानी टोप्पो, नीरज टोप्पो, समीम अंसारी, प्रा बिपिन मिंज, प्रा दाऊद मिंज, प्रा विजय कुमार तिर्की, ज्योति टोप्पो, एमानुवेल मिंज, अमरूस बड़ा, दिशमफोर खलखो, प्रमोद किंडो, ओलशन तिर्की, पतरस लकड़ा, मोजेस टोप्पो, कवित टोप्पो, इमान एक्का, सुवासिनी कुजूर, वरदान मिंज, अजयदान कुजूर, आदि भारी संख्या में मसीही विश्वासी और युवा युवती मौजूद थे।

## जीईएल चर्च बोंगराम पास्टोरेट युवा संघ का 45 वां वार्षिक सम्मेलन राई बेड़ा में आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** जीईएल चर्च बोंगराम पास्टोरेट युवा संघ की 45 वां वार्षिक सम्मेलन मंगलवार को राईबेड़ा मंडली में आयोजित की गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का, झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का,झापा जिलाध्यक्ष मतीयस बागे मुख्य रूप से उपस्थित हुए दो दिवसीय आयोजित कार्यक्रम के समापन के मौके पर सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा की ईसा मसीह ने हमें यह शरीर दिया है तो इसकी विशेष महत्व है हमें इस संसार में परोपकार तथा मानव सेवा में अपने समय को व्यतीत करते हुए अपने समाज और अपने क्षेत्र के विकास में ध्यान देना है। कलीसिया समुदाय इस प्रकार के युवा सम्मेलन आयोजित करते हुए युवाओं के अंदर छुपे हुए प्रतिभाओं को बाहर लाने का काम कर रही है इसमें हमारी ओर से हर संभव प्रयास उनके सहयोग के लिए सदैव रहेगा। झापा युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का ने कहा आज विभिन्न मंडली में युवा सम्मेलन का आयोजन हो रहा है इसका एकमात्र उद्देश्य है कि युवाओं को समाज में नेतृत्व क्षमता का विशेष ज्ञान और युवाओं के माध्यम से समाज का उत्थान हो। आज वर्तमान समय में युवाओं के नेतृत्व में देश में एक नई क्रांति आ सकती है इसलिए हमें ध्यान देना है। सभी युवा समाज में फैली कुरीतियां, नशापान, अंधविश्वास सहित सभी प्रकार के कुप्रभाव को दूर करते हुए समाज में एक नई आयाम स्थापित करें।

## अध्यक्ष व सचिव झारखंड हाई कोर्ट के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन समारोह में होंगे शामिल



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड हाई कोर्ट के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होने के लिए जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष डा.प्रमोद कुमार पुजारी, और महासचिव लाल दीपक कुमार आज दिनाँक 24.5.2023 को अपराह्न 1:30 बजे रांची प्रस्थान करेंगे। उक्त निमंत्रण झारखंड हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के द्वारा प्रेषित की गई है। ज्ञातव्य हो कि सम्पूर्ण भारत के उच्च न्यायालय में पहला अत्याधुनिक,का बड़ा हाई कोर्ट का निर्माण रांची में की गयी है सरकार का यह सराहनीय कदम है जिसे झारखंड का मान बढ़ाया है। उक्त उद्घाटन समारोह में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन,चीफ जस्टिस धनंजय यशवंत चंद्रचूड़, मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश माननीय अनिरुद्ध बोस, भारत सरकार के बिधि मंत्री अर्जुन मेघवाल, झारखंड के मुख्य न्यायाधीश श्री संजय कुमार मिश्रा की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न होगी।

## बिजली की आंख मिचौली से आम जनता परेशान

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में बिजली को ले कर आम जनता त्रस्त है। प्रत्येक दिन बिजली की आँख मिचौनी का खेल हो रहा है। जिसे लोग इस भीषण गर्मी में परेशान हैं। बिजली नही रहने के करण घर मे कूलर,फँखा सब बेकार पड़ा हुआ है। 24 घण्टा में मात्र 5 घण्टा ही लोगो को बिजली मिल पा रहा है। बिजली कि समस्या के कारण प्रखंड कार्यालय व प्रज्ञा केन्द्र में आम जनता का कार्य बाधित हो रहा है। बिजली की समस्या को लेकर अनिल राम, संतोष महतो, उमंग साहु, दिनेश उराँव, धनेश साहु, राजू उराँव, कैलाश महतो, संजय सहु, कामेश महतो का कहना है कि सरकार 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने की बात कहती है। लेकिन यह बेकार साबित हो गया। बिजली नही रहने के कारण कोई काम नही हो पा रहा है। इस भीषण गर्मी में बिजली के बिना पानी के लिये भी परेशानी हो रही है। घर मे कूलर, पँखा,फ्रिज सब बेकार पड़ा हुआ है। क्योंकि बिजली अभी जिंदा है। कहने के लिये बिजली रानी 10 मिनट के लिये आ कर चली जाती है। बिजली नही रहने के कारण लोग रात दिन पसीना से तर बतर हो रहे हैं। वही खेत मे लगा टमाटर,भिंडी,प्याज,बोदी,खीरा बिजली नही रहने के कारण सिंचाई के बिना सुख रहा है। जिसे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। बिजली रहने पर समय से सिंचाई होने पर क्षेत्र में किसानों का खेत सब्जी का खेती से हरा भरा दिखाई देता। परन्तु बिजली का आँख मिचौनी का खेल से आम जनता, किसान या प्रज्ञा केंद्र संचालक सभी दुखी और परेशान हैं।

# आजसू पार्टी ने बिजली का लचर व्यवस्था को देख कनीय अभियंता से की मुलाकात

➲सप्ताह के अंदर लोहरदगा में निर्बाध रूप से मिलेगी बिजली : नीरू शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने बिजली की लचर व्यवस्था को देख कनीय अभियंता से मुलाकात। कनीय अभियंता ने बताया कि हमें जरूरत से कम मेगा वाट बिजली प्राप्ति होने की वजह से लोहरदगा जिला के सभी इलाकों में बिजली की अभी लचर व्यवस्था बनी हुई,जिसके कारण हम संपूर्ण लोहरदगा में बिजली लोगों तक नहीं पहुंचा पा रहे। जितना हमें मेगावाट बिजली चाहिए उतना नहीं मिलने के कारण काट काट के बिजली देना पड़ रहा है, जिस कारण 4 से 6 घंटे ही बिजली मिल पा रही हैं। झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक लोहरदगा स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत की उपस्थिति में गुड्डू लाल नाथ शहदेव ने बिजली विभाग के जीएम से बात की। उन्होंने आश्वस्त किए हैं की बिजली की जो संकट अभी बनी हुई है उसको ध्यान में रखते हुए एक सप्ताह के अंदर अट्ठारह से बीस घंटे बिजली देने का कार्य किया जाएगा। कनीय अभियंता से मुलाकात के दौरान मुख्य रूप से लोहरदगा जिला के कुडू पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य गायत्री देवी, आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव जिला परिषद प्रतिनिधि गुड्डू लाल नाथ शहदेव, प्रमुख मुन्नी देवी, कुडू पंचायत के मुखिया सुषमा देवी एवं कुडू पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रही।

# प्रचंड गर्मी के बावजूद समिति का हौसला बुलंद, किया रक्तदान, सेवा ही मुख्य लक्ष्य : दीपक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रचंड गर्मी को ताक में रखते हुए जय श्रीराम समिति अपने कर्तव्यों का निर्वाहन निरंतर कर रहा है। बढ़ती गर्मी के कारण सड़क सुनसान सा पड़ गया है इसके बावजूद समिति के कार्यकर्ताओं का हौसला बुलंद है। जानकारी स्वरूप रामपुर निवासी गोपाल उरांव का पुत्र मंगरा उरांव स्थानीय क्लीनिक शंभू चौधरी के पास इलाजरत डॉक्टर ने खून की कमी बताई परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किया समिति तत्काल पहल करते हुए समिति सदस्य अमर भगत ने एक यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा दुख की घड़ी में क्या गर्मी-क्या बरसात जिसके ऊपर दुखों का पहाड़ गिरा हो वही दर्द समझ सकता है जय श्री राम समिति के थोड़ी सी प्रयास से किसी का सूना आंगन जगमगा जाती हो,कोई अपने आंखों के तारा को देख खुशी से आंख भर जाती हो,सुने हो रहे गोद पुनः भर जाती हो, किसी को मां मिलती है किसी को पिता किसी को बेटा तो किसी को बेटी किसी को बहन किसी को भाई किसी को पति किसी को पत्नी किसी को दादा किसी को दादी किसी को काका किसी को काकी मिलती है ऐसे पीड़ित परिवारों को सेवा देने में जो खुशियां प्राप्त होती है निसंदेह इसका व्याख्यान शब्दों में नहीं किया जा सकता। सभी के घरों में खुशियां जगमगाता रहे ऐसा समिति का हमेशा से प्रयास रहा है। मौके पर नगर अध्यक्ष दीपक साहू,मोहन यादव,विकास सिंह समेत आदि लोग मौजूद थे।

## स्वयंसेवकों ने आवास योजना की राशि नहीं मिलने को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला उपायुक्त कार्यालय में लोहरदगा जिला के सभी स्वयंसेवकों ने प्रधानमंत्री आवास योजना से मिल रही प्रोत्साहन राशि के न मिलने को लेकर जिला उपायुक्त को अपना ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला के सभी 7 प्रखंड के सभी पंचायतों में कार्यरत स्वयंसेवक को अपेक्षित रूप से प्रेरित कर काम कर रहे हैं मगर अभी तक किसी भी प्रकार की आवास योजना से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है। जिससे स्वयंसेवकों को कार्य करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा सत्र 2021-2022 एवं 2020-2021 का भी बकाया प्रोत्साहन राशि को भी जल्द से जल्द भुगतान कराने की कृपा किया जाए ताकि समय रहते स्वयं सेवकों का मनोबल तथा काम करने का जज्बा कायम रहे। मौके पर जिला स्वयंसेवक संघ के ओम प्रकाश साहू, सफीउल्लाह अंसारी, इमरान अंसारी, दुर्गा उरांव, कोलंबस राम, शानिचारवा उरांव, भुनेश्वर भगत, अफरोज अंसारी, तबरेज अंसारी, राजेश कुमार, बालचंद महली, मुबेद अख्तर, ओम प्रकाश प्रजापति, समसाद अंसारी, शमीम अख्तर, रामदीप तिवारी, नंदकिशोर मेहता, रोबिन कुमार, जबीउल्ला अंसारी, उपस्थित थे।

## गिरिवर शिशु सदन उच्च विद्यालय का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गिरिवर शिशु सदन उच्च विद्यालय का वार्षिक माध्यमिक परीक्षा -23 का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष विद्यालय के 49 छात्र-छात्राओं ने माध्यमिक की परीक्षा दी, जिसमें 43 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से तथा 6 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुए। कुमारी अमृता शर्मा 90.80 प्रतिशत, सुरम्य आर्य सिंह 88.60 प्रतिशत, कुमारी स्वेता शर्मा 88.40 प्रतिशत, सिफ़त मेराज 88 प्रतिशत, फरहीन नाज 87.40 प्रतिशत के साथ विद्यालय के टॉप 5 बने। विद्यालय सचिव चन्दन भारती, प्राचार्य जयमंती कुमारी, सरस्वती सिंह, अनामिका भारती तथा सभी शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को उनके बेहतर परिणाम के लिए बहुत सारी बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जल मीनार खराब होने से ग्रामीणों के समक्ष पेयजल की घोर समस्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के भड़गाँव पंचायत अन्तर्गत बेड़ाटोली में जलमीनार खराब होने से पेयजल का गम्भीर समस्या है। बेड़ाटोली में लगभग 45 घरों के लोगो को पानी के लिये भीषण समस्या हो रही है। पूर्व मुखिया द्वारा लाखो का लागत से जलमीनार का निर्माण कराया गया था। जलमीनार निर्माण के कुछ दिन बाद ही लगभग 3 वर्ष से खराब हो गया। जिसे इस भीषण गर्मी में ग्रामीणो को पानी के लिये काफी परेशानी हो रही है। जलमीनार खराब होने की शिकायत ग्रामीणों के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और मुखिया से किया गया। लेकिन आज तक जलमीनार को बनवाने के लिए कोई पहल नही किया गया है। वही परमेश्वर उराँव, महेन्द्र उराँव, अनिता उराँव, सारो देवी, देवकी उराँव, मनोंज उराँव सहित अन्य ग्रामीणो का कहना है। कि जलमीनार का मरम्मती के लिये विभाग और जनप्रतिनि मौन धारण किये हुए हैं। वही विभाग को और मुखिया को जलमीनार मरम्मती के लिये कई बार कहा गया। परन्तु किसी ने आज तक नही बनवाया जिसे ग्रामीण भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में इधर उधर से पानी ला कर पीने को मजबूर हैं।

## एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में चयन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आज दिनांक 23/05/2023 को स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम लोहरदगा में चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 200 बालक बालिकाओं ने भाग लिया। अंडर 14 एवम 16 आयु वर्ग से कुल 19 प्रतिभागियों का चयन किया गया। जो निम्न है -16 वर्ष बालिका आयु वर्ग में प्रेरणा पन्ना 80मीटर रेस, कुमारी एंजेला मुंडा 1600 मीटर, रीता कुमारी 600 मी, लक्ष्मी कुमारी लॉन्ग जंप, सूरज कुमार 600 मी, विकास कुमार 1600 मी, अनुज कुमार हाई जंप, छोटन उरांव शॉर्ट पुट, निशांत कुमार 80 एम.14 वर्ष आयु वर्ग में प्रियंका उरांव 60 मी, पूजा कुमारी 600 मी, करिश्मा कुमारी हाई जंप, प्रेम उरांव 60 मी, आशीष कुमार सिंह 600 मी आदि। सभी चयनित प्रतिभागी दिनांक 27 एवं 28 मई 2023 से रामगढ़ जिला के रजरप्पा में आयोजित प्रथम झारखंड सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेंगे। आज के इस चयन प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सुखैर भगत, हाजी सकील अहमद, संतोष कुमार राम, विनय उरांव, विकास महतो, निलेश तमेड़ा, छोटन उरांव,नेहा टोप्पो, विनोद महली आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# 100 प्रतिशत रहा एसएस पब्लिक स्कूल का रिजल्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सदर प्रखंड स्थित एसएस पब्लिक स्कूल में सत्र 2022-23 में भी बच्चों ने इस बार भी स्कूल एवं सभी शिक्षकों को गौरवान्वित किया, विद्यालय का रिजल्ट देख कर विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ पड़ी तब, जब इस सत्र में भी सभी विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जहां विद्यालय की छात्रा प्रेरणा कुमारी 88.80 पर्सेंट के साथ विद्यालय की टॉपर बनी। वही आफरीन प्रवीण ने 80.20 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा मुस्कान कुमारी 80 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त की, वहीं विद्यालय के अन्य सभी छात्रों ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विद्यालय के सचिव बिंदु तिवारी ने बच्चों को बधाइयां दी। वही विद्यालय के प्राचार्य श्री अमित चतुर्वेदी एवं सभी शिक्षकों ने भी बच्चों को फोन कर उन्हें इस कामयाबी के लिए बधाइयां दी साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की।

## 90.6 फीसदी अंक लाकर श्रेया राज वुमेन कालेज साइंस टापर बनीं



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमएलए वुमेन कालेज लोहरदगा की 53 छात्राओं ने इंटर साइंस परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास की। श्रेया राज 453 अंक (90.6 प्रतिशत) लाकर कालेज टापर बनीं। अन्नपूर्णा यादव 443,स्मृति गर्ग 440, दीपा कुमारी 422,भूमिका कुमारी 404, खुशी मित्तल 400, साक्षी पाठक 398 अंक लाकर कालेज की टापर्स में स्थान बनाने में कामयाब रहीं। लोहरदगा रघुनंदन लेन निवासी विनय कुमार प्रजापति और गीता देवी की बेटी श्रेया ने अंग्रेजी में 97,भौतिकी में 91,रसायन में 85, गणित में 96 और अर्थशास्त्र में 84 अंक प्राप्त किया है। श्रेया यूपीएससी पास कर प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहती हैं। अन्नपूर्णा कैरो प्रखंड के सढ़ाबे निवासी सत्यनारायण यादव और उर्मिला देवी की बेटी है। इसने अंग्रेजी में 91,भौतिकी में 84, रसायन में 85, गणित में 98 और अर्थशास्त्र में 85 अंक प्राप्त किया है। स्मृति गर्ग तिवारी दूरा निवासी कुमुद प्रसाद अग्रवाल और नीलम अग्रवाल की पुत्री है। स्मृति ने अंग्रेजी में 93,भौतिकी में 87, रसायन में 77, गणित में 95 और अर्थशास्त्र में 88 अंक हासिल किया है। स्मृति गणित की शिक्षिका बनना चाहती हैं। कालेज के प्रिंसिपल प्रो स्नेह कुमार ने सभी सफल छात्राओं को बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी है।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय समिति ने जारी किया वर्ग संगठनों के पदाधिकारियों की सूची





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के अनुशंसा पत्र के आलोक में केन्द्रीय समिति ने लोहरदगा जिला के वर्ग संगठनों के पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी है। केन्द्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय द्वारा जारी सूची में लोहरदगा जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष पद पर अजय उरांव को,जबकि सचिव पद पर हर्ष तिवारी को पदस्थापित किया गया है। उसी तरह उपाध्यक्ष पद पर अखबार अंसारी,कौशल सिंह और सफिउल्लाह अंसारी को पदस्थापित किया गया है। लोहरदगा जिला महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष के रूप में श्रीमती सरिता भगत को,जबकि सचिव पद पर श्रीमती बरखा रानी को पदस्थापित किया गया है। उसी तरह उपाध्यक्ष पद पर जयवंती उरांव और चुवंती उरांव, सहसचिव पद पर श्रीमती लक्ष्मी टाना भगत एवं श्रीमती गुलशन आरा को पदस्थापित किया गया है। लोहरदगा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष पद पर सतीम टोप्पो को पदस्थापित किया गया है। जबकि सचिव पद पर मंसूर अंसारी को पदस्थापित किया गया है। उसी तरह उपाध्यक्ष पद पर ललित लकड़ा एवं जुनाब आलम तथा सचिव तैयब खान और कोषाध्यक्ष के रूप में इफ्तेखार हुसैन को पदस्थापित किया गया है। लोहरदगा जिला बुद्धिजीवी मोर्चा के अध्यक्ष पद पर श्यामनंदन लोहरा एवं सचिव पद पर सचिव रमेश उरांव को पदस्थापित किया गया है। जबकि उपाध्यक्ष के पद पर सिलबानुश केरकेट्टा,इसरार अहमद एवं महेश उरांव को पदस्थापित किया गया है। केन्द्रीय महासचिव श्री पाण्डेय ने सूची जारी करते हुए लोहरदगा जिला अन्तर्गत नवगठित वर्ग संगठनों के जिला समिति के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि लोहरदगा जिला समिति, लोहरदगा जिला अन्तर्गत आने वाले केन्द्रीय समिति के सदस्यों तथा वरिष्ठ नेताओं से सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए संबंधित निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए यथाशिघ्र वर्ग संगठनों के जिला समिति का पूर्ण गठन कर प्रखण्ड एवं पंचायत समितियों का गठन या पुर्नगठन कर जिला समिति के अध्यक्ष के माध्यम से केन्द्रीय कमिटी को भेजेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोहरदगा जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने सभी वर्ग संगठनों के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

# अपना बूथ सबसे मजबूत के मंत्र पर कार्य करें कार्यकर्ता : सुशील श्रीवास्तव

## चुनाव की तैयारी में जुट जाएं कार्यकर्ता : कृष्णाकांत सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी कुरडेग मंडल कार्यसमिति बैठक आज कुरडेग चौक स्थित कंपलेक्स में हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे कुरडेग मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने 9 वर्षों तक कई जन कल्याणकारी कार्य किए हैं इन्हीं सब कार्यों के बदौलत कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। मंडल कार्यसमिति बैठक में महा जनसंपर्क अभियान के जिला सहसंयोजक सह केंद्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा के भारतीय जनता पार्टी का आधार स्तंभ मजबूत कार्यकर्ता है हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा किए हुए विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाएं आज जनधन खाता उज्जवला योजना प्रधानमंत्री आवास हेल्थ कार्ड जैसे अनेक सारे हुए हैं जिससे गांव के अंतिम छोर में रह रहे आम जनता के जीवन में भी क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा हर प्रखंड में एकलव्य विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें नवोदय विद्यालय की तर्ज पर पढ़ाई होगी साथ ही आज खूंटी लोक सभा सहित सिमडेगा जिला की बच्चियां भी दुनिया के सबसे महंगे मोबाइल एप्पल का निर्माण केंद्रीय मंत्री के प्रयास से कर रही हैं इन सभी विकास कार्यों को जनता के बीच में जाकर उन्हें भारतीय जनता पार्टी की नीति से अवगत कराएं। मौके पर जिला उपाध्यक्ष मनोज साय मंडल प्रभारी प्रणव कुमार महामंत्री रबिन्द्र शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष रामचन्द्र साय प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधि उमेश जायसवाल बिनोद जायसवाल अनुज श्रीवास्तव अनुज गुप्ता ज्ञान चंद गुप्ता सुभाष गुप्ता शोभन माझी उमाकांत साय जागेश्वर प्रधान महेश्वर साय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रधानाध्यापक और एक सहायक शिक्षक निलंबित आधा दर्जन पारा शिक्षकों के वेतन पर रोक

**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय उदुमुडू के छात्र कृष कुमार की नदी में डूबने से हुई मौत के मामले में शिक्षा विभाग ने स्कूल के शिक्षकों पर बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने प्रधानाध्यापक जलेस्वर उरांव और सहायक शिक्षक धर्मवीर साहू को निलंबित कर दिया है वही छः पारा शिक्षकों पर नो वर्क नो पे का निर्देश जांरी किया है। ज्ञात हो कि शुक्रवार 19 मई की सुबह स्कूल के शिक्षक बच्चो को लेकर उमरी कोयल नदी के तट पर पिकनिक मनाने गए थे। जहां कक्षा दो का छात्र उडूमुडू निवासी वीरेंदर साहू का आठ वर्षीय पुत्र कृष कुमार की मौत नदी में डूबकर हो गयी थी। जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने स्कूल पहुंचकर जमकर बवाल काटा था। शिक्षकों को तत्काल निलंबित करने और सभी पर 302 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग पर अड़े परिजन और ग्रामीणो को बीईओ जयमंगम लोहार और कुडू पुलिस द्वारा काफी मशक्कत के बाद समझाइश और लापरवाह शिक्षकों पर कारवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीण सांत हुए थे।

# मोदी-मोदी के नारों से गूंजा आस्ट्रेलिया

* सिडनी में उमड़ा लिटिल इंडिया, 20 हजार भारतीयों को पीएम मोदी ने किया संबोधित
* आस्ट्रेलिया के पीएम ने कहा, बॉस हैं पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं. उन्होंने सिडनी के कुडोस बैंक एरिना में भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम में शामिल हुए. इस दौरान गणपति बप्पा मोरया, भारत माता की जय और मोदी-मोदी के जमकर नारे लगे. कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी के साथ ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज भी मौजूद रहे. सिडनी के ओलंपिक पार्क में स्थित इस स्टेडियम में पीएम मोदी 20 हजार भारतीयों को संबोधित किया. यहां सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रमों के जरिए पीएम मोदी का स्वागत किया गया. इससे पहले एयरक्राफ्ट की मदद से पीएम मोदी के स्वागत में सिडनी में आसमान में 'वेलकम मोदी' लिखा गया.

पीएम मोदी ने कहा, मुझे अच्छा लगा ये जानकर कि आपने आजादी का अमृत महोत्सव खूब धूमधाम से मनाया है. सिडनी, ऑपेरा हाउस जब तिरंगे की रोशनी से जगमग हुआ, तो हर भारतीय का हृदय भावविभोर हो गया. हमारे क्रिकेट के रिश्तों को 75 साल हो गए. पहली बार भारत में आईपीएल खेलने ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटर आई थीं. ऐसा नहीं है, हम सिर्फ सुख के साथी हैं. अच्छा दोस्त सुख का साथी तो होता ही है, दुख का भी साथी होता है. पिछले साल जब शेन वॉर्न का निधन हुआ, तो भारतीयों ने भी शोक मनाया. ये ऐसा था कि हमने अपना कोई खो दिया हो. आप सभी यहां ऑस्ट्रेलिया में हैं. यहां के विकास को देख रहे हैं. आपका सपना रहा है कि भारत भी विकसित राष्ट्र बने. जो सपना आपके मन में है, यही सपना मेरा भी है. 140



करोड़ भारतीयों का सपना है. साथियों भारत के पास सामर्थ की कमी नहीं है. भारत के पास संसाधनों की कमी भी नहीं है. आज दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे युवा टेलेंट फैक्ट्री किसी देश में है, वो है भारत.ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की. उन्होंने कहा, पीएम मोदी बॉस हैं. उन्होंने कहा, पीएम मोदी का स्वागत करना सौभाग्य की बात है.

**2014 का किया वादा निभाया :मोदी:** पीएम मोदी ने कहा, मैं जब 2014 में आया था. तो आपसे वादा किया था. वादा ये था कि आपको फिर भारत के प्रधानमंत्री का 28 साल तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा. आज मैं आपके सामने फिर हाजिर हूं. मैं अकेला नहीं आया हूं. मैं ऑस्ट्रेलिया के पीएम को लेकर साथ आया हूं. वे अपने बहुत व्यस्त कार्यक्रम में से आपने समय निकाला, ये हम भारतीयों के प्रति आपके स्नेह को दर्शाता है. जो आपने अभी कहा, वो दिखाता है, ऑस्ट्रेलिया के मन में भारत के प्रति कितना प्रेम है. मुझे इसी साल ऑस्ट्रेलिया के पीएम का अहमदाबाद में स्वागत करने का मौका मिला था. आज उन्होंने लिटिल इंडिया के फाउंडेशन स्टोन को अनविल करने का मौका दिया है. मैं उनका आभार व्यक्ति करता हूं.

**मोदी ने हैरिस पार्क का नाम बदलकर लिटिल इंडिया करने के लिए आस्ट्रेलिया के पीएम को धन्यवाद दिया:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आस्ट्रेलिया में मंगलवार को ऐलान किया कि ब्रिस्बेन में जल्द ही एक नया वाणिज्य दूतावास खोला जाएगा और उन्हें सिडनी में हैरिस पार्क का नाम बदलकर लिटिल इंडिया करने के लिए आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री समकक्ष एंथनी अल्बनीज को धन्यवाद दिया। कहा कि मित्रों, अब जबकि मैं यहां आपके साथ हूं, मैं एक घोषणा करना चाहता हूं। ब्रिस्बेन में भारतीय समुदाय की लंबे समय से चली आ रही मांग अब जल्द ही एक नया भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलकर पूरी की जाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि सिडनी में हैरिस पार्क का नाम बदलकर लिटिल इंडिया करने पर मैं पीएम अल्बनीज को भी धन्यवाद देता हूं। थैंक यू मेरे दोस्त एंथनी। पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा, मुझे अहमदाबाद में भारतीय धरती पर प्रधानमंत्री अट द रेट एलबीओएमपी जी का स्वागत करने का अवसर मिला। आज वे यहां लिटिल इंडिया की आधारशिला के अनावरण में मेरे साथ रहे।पीएम मोदी ने कहा कि पश्चिमी सिडनी उपनगर में प्रवासी समुदाय ने अपने क्षेत्र को आधिकारिक रूप से लिटिल इंडिया घोषित करने के लिए नए सिरे से आह्वान किया था। भारतीय व्यापार मालिकों ने पहली बार आधिकारिक तौर पर 2015 में लिटिल इंडिया क्षेत्र का नामकरण प्रस्तावित किया था, यह मानते हुए कि यह टाइटल से उन्हें लाभ होगा। ऑस्ट्रेलियाई सरकार की वेबसाइट के अनुसार, हैरिस पार्क में भारतीयों की एक महत्वपूर्ण आबादी है।

## चलते चलते एक नजर

### सीएम ने नवदंपति को दिया आशीर्वाद



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मंगलवार को धातकीडीह, चांडिल, सरायकेला-खरसावां में लखी चरण किस्कु के सुपुत्र धरम किस्कु के विवाह के उपलक्ष्य में आयोजित आशीर्वाद समारोह में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने नव दंपती को सुखद एवं खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन , विधायक सीता सोरेन और बसंत सोरेन एवं सीएम हेमन्त सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन और अन्य परिजनों ने भी नव दंपति को आशीर्वाद दिया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के धातकीडीह, चांडिल, सरायकेला- खरसावां आगमन पर जिला प्रशासन के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का किया भव्य स्वागत।

### बिहार में वज्रपात से 6 लोगों की मौत

**पटना :** बिहार में मंगलवार को अचानक मौसम ने करवट ली और कई जिलों में गरज के साथ बारिश हुई। बारिश होने के बाद लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। इस बीच, राज्य के तीन जिलों में वज्रपात से छह लोगों की मौत हो गई। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतक के परिजनों को तत्काल चार -चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। आपदा प्रबंधन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को राज्य में वज्रपात की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि वज्रपात से दरभंगा में 3, बेगूसराय में 2 एवं वैशाली में 1 व्यक्ति की मौत हुई है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य के 3 जिलों में वज्रपात से 6 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने सभी मृतक के परिजनों को तत्काल चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

## श्री सर्वेश्वरी समूह ने खोला पनशाला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मंगलवार को श्री सर्वेश्वरी समूह के मेदिनीनगर शाखा द्वारा बाईपास रोड स्थित ब्राइटलैंड स्कूल के समीप पनशाला खोला गया.इसकी शुरूआत शाखा की उपाध्यक्ष सह ब्राइट लैंड स्कूल की चैयरमैन रागिनी सिंह ने परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम व पूज्य गुरुपद संभव राम जी की तैलिय चित्र पर पुष्प अर्पित और पूजा अर्चना कर की.

मौके पर श्रीमति सिंह ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह निरंतर सेवा के लक्ष्य को लेकर काम करती है.समूह मानव सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये कार्य करती है,क्योकि परम पूज्य गुरुदेव जी का यह संदेश है कि ईश्वर द्वारा प्राण प्रतिष्ठित मानव की सेवा ही सही अर्थो में पूजा है. श्रीमति सिंह ने कहा पलामू में पड रहे प्रचंड गर्मी को देखते हुये समूह द्वारा पनशाला की शुरूआत कराया गया है.समूह के सेवा के 19 सूत्री सेवा के लक्ष्य में पनशाला खोलना भी है.ताकि राहगीरों को सहुलियत हो .

मौके पर शाखा मंत्री प्रताप नारायण शाही,प्रचार मंत्री अनुराग कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष अन्ना डीएम पाल,ब्राइट स्कूल के निदेशक रंजीत सिंह,प्राचार्य राहुल सिंह ,सुधीर सिंह वामदेव मेहता,,पुष्पिन्द्र कौर,रागिनी कुमारी,चिंसु सिंह,रश्मी राय,सुरेंद्र सिंह,प्रिती कुमारी,सुरभी सिंह,रायमा कुमारी,धीरज कुमार,अरविंद सिन्हा,उर्मिला कुमारी सहित कई लोग मौजूद थें.

## मैट्रिक के रिजल्ट में एमएसए स्कूल का जलवा बरकरार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जैक की और से जारी परीक्षा परिणाम में शफीक एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल का रिज़ल्ट शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष करीब 120 छात्र छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें अफताब अंसारी ने सर्वाधिक 444 अंक प्राप्त कर पलामू के साथ-साथ झारखंड का गौरव बढ़ाया है। शेष सभी बच्चे डिस्टिंक्शन मार्क्स यानि 75त्न से अधिक प्राप्त किया है। बच्चों के शानदार रिजल्ट से ग्रामीणों में काफी उत्साह है। मौके पर खुशी जाहिर करते व स्कूल प्रबंधन को बधाई देते हुए वार्ड पार्षद नीरा देवी, सदर कलीम साहब, हाजी हफीज साहब, प्रयागराज चंद्रवंशी, अनवर हुसैन अंसारी, जलाल



मुखिया, समाजसेवी भोला पासवान, अरविंद पासवान, मनसुर हुसैन अंसारी, अनुराग पासवान, रिंकु मेहता, पुर्व मुखिया डॉ.श्यामदेव मेहता ओरियंट स्कूल के प्रिंसिपल धीरज कुमार मेहता, निदेशक सुधीर मेहता, पुर्व मुखिया डॉ.श्यामदेव मेहता ने कहा कम फीस में बेहतर शिक्षा दे रहा है एम.एस.ए पब्लिक स्कूल। स्कूल संस्थापक मों शफीक अंसारी ने कहा शिक्षकों के कड़ी मेहनत और बच्चों का अथक परिश्रम का देन है यह रिजल्ट। उपप्राचार्य अफज़ल शफीक ने बताया कि इंटरमिडिएट के तीनों संकाय साइंस, आर्ट्स, कॉमर्स में नामांकन प्रारंभ हो चुकी है, इच्छुक विद्यार्थी अपना नामांकन जल्द से जल्द सुनिश्चित करा लें।डिस्टिंक्शन मार्क्स लाने वालो में अफताब अंसारी, हिबिस्कस प्रसाद, शब्बा आफ़रीन, अंकित पासवान, रौशनी खातुन, हशीना खातुन, श्रीकांत कुमार रवि, नाफिज अली, लीला कुमारी, रूपा कुमारी, शिवानी उरांव, साहिल, काजल, नगमा, गोशिया विकास, हर्शित पासवान, सत्यम शुक्ला, दिपांशु, सपना, सलमान अंसारी, ओमकार पासवान, आयुष उरांव सहित कई अन्य विद्यार्थियों का नाम शामिल हैं।

# राहुल ने की ट्रक की सवारी, ड्राइवर से मिलकर जानी उनकी समस्याएं

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार रात अंबाला से चंडीगढ़ का 50 किमी का सफर ट्रक से तय किया। दरअसल, वे दोपहर को दिल्ली से शिमला के लिए कार से निकले थे। पार्टी कार्यकर्ताओं ने बताया कि राहुल ने इस दौरान ट्रक ड्राइवरों से बात की और उनकी समस्याएं भी सुनीं। राहुल ने ट्रक को अंबाला सिटी के श्री मंजी साहब गुरुद्वारे पर रुकवाया। फिर गुरुद्वारे में माथा टेका। इसके बाद उन्होंने कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से भी बात की। उन्होंने गुरुद्वारे में लंगर का प्रसाद भी ग्रहण किया। उनके सफर का एक वीडियो कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया पर शेयर किया। कांग्रेस पार्टी ने मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए बताया है कि भारत की सड़कों पर



तकरीबन 90 लाख ट्रक ड्राइवर्स हैं। इन सभी लोगों की अपनी समस्याएं हैं।

ट्रक ड्राइवर्स की 'मन की बात' सुनने का काम राहुल ने किया है। दरअसल, भारी वाहनों और ट्रकों को चलाने वाले इन ड्राइवर्स को रातभर काम करना पड़ता है। इस दौरान कई परेशानियां होती हैं, जिन्हें जानने के लिए ही राहुल इनके बीच पहुंचे। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने राहुल का वीडियो शेयर किया है। उन्होंने लिखा, यूनिवर्सिटी के छात्रों से, खिलाड़ियों से, सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे युवाओं से, किसानों से, डिलीवरी पार्टनरों से, बस में आम नागरिकों से और अब आधी रात को ट्रक के ड्राइवर से आखिर क्यों मुलाकात कर रहे हैं राहुल गांधी? क्योंकि वो इस देश लोगों की बात सुनना चाहते हैं, उनकी चुनौतियों और परेशानियों को समझना चाहते हैं। उनको ऐसा करते देख एक विश्वास सा झलकता है, कोई तो है जो लोगों के साथ खड़ा है, कोई तो है जो उनके बेहतर कल के लिए किसी भी तरह की कुर्बानी देने को तैयार है। कोई तो है जो नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा है। धीरे-धीरे यह एहसास हो रहा है कि यह देश लौट जाना चाहता है मोहब्बत और अमन के रास्ते पर, धीरे से यह देश आखिर चल ही पड़ा है राहुल गांधी के साथ। हरियाणा कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि राहुल शिमला में सोनिया से मिलने के लिए पहुंचे हैं। सोनिया इन दिनों शिमला में प्रियंका गांधी के फार्म हाउस में रह रही हैं।

## दिवंगत जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को मंत्री बनाए जाने पर बनी सहमति

परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची ।** झारखंड के टाइगर कहे जाने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा के डुमरी से विधायक और राज्य का शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो का बीते 6 अप्रैल 2023 को निधन हो गया । इस के निधन के बाद अब यह कयास लगाया जा रहा था कि उसका बेटा अखिलेश महतो झारखंड मुक्ति मोर्चा के कैबिनेट में शामिल होंगे। कुछ दिनों तक यह चर्चाएं तेज भी रही, लेकिन एकाएक विराम लग गया । जब पांच दिन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने उनके आवास पर दिवंगत जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी, बेटा अखिलेश महतो, और भतीजा दिवाकर महतो पहुंचे थे।

उम्मीद यह लगाई जा रही है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बातचीत हुई है और अखिलेश महतो भी युवा है इसलिए वे कैबिनेट में मंत्री नहीं बनाए जा सकते हैं, क्यूंकि पार्टी में कई वरीय विधायक हैं, लेकिन जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को कैबिनेट में मंत्री बनाया जा सकता है इसपर सभी की सहमति भी मिल चुकी है। इसकी प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है और संभवतः राजभवन प्रस्ताव भेज भी दिया गया है । राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 24, 25 ,26 मई झारखंड दौरे पर रहेंगी।

झारखंड हाईकोर्ट का उद्घाटन के बाद संभवत राजभवन में बेबी देवी को मंत्री पद का शपथ दिलाया जाएगा। ऐसा ही 2020 में हाजी हुसैन अंसारी के निधन के बाद उनके बेटे को मंत्री बना दिया गया था । फिर 6 महीना बाद मधुपुर में विधानसभा का उपचुनाव हुआ था और फिर हाफिज उल हसन चुनाव जीतकर विधायक बने और फिर उसे कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य विभाग एवं अल्पसंख्यक विभाग का मंत्री बना दिया गया। सूत्र यह बता रहे हैं कि संभवत अगले महीने ही डुमरी विधानसभा का चुनाव का नोटिफिकेशन निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कर दिया जाएगा, इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन देरी ना करते हुए टाईगर जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को मंत्री पद का शपथ दिलाएंगे । क्षेत्र में जनता का कार्य जो रुक गया है उसे धरातल पर उतारेंगे और जन-जन तक सरकार की योजना तक पहुंचाने में काम करेंगी। वहीं अब यह देखने वाली बात है कि एनडीए यानी भाजपा और आजसू अपना कौन सा उम्मीदवार उतारेंगे । डुमरी विधानसभा उप चुनाव में यह भी देखने वाली बात होगी ।

लेकिन यह भी है कि यह राजनीतिक चक्रव्यूह भी है कहीं अखिलेश महतो की माता बेबी देवी के विरोध में कहीं जगन्नाथ महतो के भतीजे दिवाकर महतो को भाजपा अपनी और ना खींच ले, यह भी देखने वाली बात होगी, क्योंकि यह राजनीति है और इस राजनीति में कुछ भी हो सकता है।

## कामिरिता ने रचा इतिहास, 28वीं बार किया एवरेस्ट फतह

**काठमांडू।** नेपाल की कामिरिता शेरपा ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करके विश्व रिकॉर्ड बनाया है। वह मंगलवार सुबह माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचीं। इस सीजन में कामिरिता दूसरी बार एवरेस्ट पर पहुंची हैं। 17 मई को उन्होंने 27वीं बार एवरेस्ट पर चढ़ाई की। पासंग दावा शेरपा ने 22 मई को 27वीं बार एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। रिकॉर्ड की बराबरी करने के अगले दिन कामिरिता ने एक नया रिकॉर्ड बनाया। 2023 के बसंत ऋतु में सबसे ज्यादा 478 पर्वतारोहियों को एवरेस्ट पर चढ़ने की अनुमति दी गई है।




झारखण्ड सरकार



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

झारखण्ड राज्य के वन अधिकांशतः उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती साल तथा मिश्रित प्रजाति के हैं एवं जैव विविधता की दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध हैं। वनों के आस–पास रहने वाले राज्यवासियों की जीविका मुख्यतः वनों पर निर्भर है। वनों के शुष्क एवं पर्णपाती होने के कारण गर्मी के मौसम में फरवरी से जून माह तक वन अग्नि की घटनाएं होती हैं तथा अधिकांश वन अग्नि की घटनाएं मानव जनित कारणों से होती हैं यथा, महुआ एवं साल बीज एकत्र करने वाले लोगों द्वारा अक्सर वृक्षों के नीचे साफ–सफाई के लिए जमा सूखे पत्तों को जलाने के क्रम में आग आस–पास के क्षेत्रों में फैलकर भीषण वन अग्नि का रूप धारण कर लेती है तथा वन सम्पदा को नुकसान पहुँचाती है। वन अग्नि की घटनाएं जैव विविधता तथा वन वासियों के वन आधारित जीविकोपार्जन को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती हैं।

राज्य के वन विभाग द्वारा वन अग्नि से वन तथा जन पर होने वाले दुष्परिणामों को देखते हुए व्यापक रणनीति के तहत वन अग्नि से होने वाले नुकसान के बारे में व्यापक जागरूकता अभियान वन अग्नि मौसम में चलाया जाता है एवं जन सहयोग से वन अग्नि प्रबंधन का कार्य किया जाता है। वनों में वन अग्नि की रोकथाम एवं प्रबंधन में स्थानीय समुदाय की सक्रिय रूप से जन–सहभागिता नितान्त आवश्यक है।

मेरी सभी राज्य वासियों, विशेषकर वनों के समीप रहने वाले स्थानीय समुदायों के ग्रामीण भाई–बहनों से अपील है कि वनों की वन अग्नि से सुरक्षा में अपना सक्रिय सहयोग देकर राज्य के प्राकृतिक वन संसाधनों एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

जोहार !

PR NO-298100 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24